अगले साल 31 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज... पेज 10 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख कृष्ण पक्ष 11 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 16 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-180 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

# झारखंड में कल से बदलेगा मौसम, गर्मी से मिलेगी राहत

### राज्य के दक्षिणी हिस्सों में हो सकती है हल्की बारिश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में 17 अप्रैल को मौसम की मेहरबानी से लोगों को चिलचिलाती धूप और गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। रांची मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारी अभिषेक आनंद ने ऐसी संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि 17 अप्रैल को राज्य के दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। इससे मामूली राहत मिलेगी। इसका असर लंबे समय तक नहीं रहेगा। आगामी सप्ताह में संताल और पलामू में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। अगले 24 घंटे में कई शहरों के तापमान में बढ़ोतरी होगी। इस समय कई जिलों



लू के थपेड़ों ने लोगों को झुलसाना शुरू कर दिया है। सुबह नौ बजे के बाद लोग घर से निकलने में घबराते हैं। कई शहरों में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। पलामू में सूरज आग बरसा रहा है। यहां का अधिकतम तापमान राज्य में सबसे ज्यादा 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। 42 डिग्री सेल्सियस के साथ जमशेदपुर दूसरे स्थान पर है। धनबाद का अधिकतम तापमान 40 और रांची का 38.08 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## राज्य के 40 लाख किसानों को हर रोज तीन बार मिलेगा मौसम का अलर्ट

### सभी पंचायत में लगेगी रेनगेज मशीन

झारखंड के 40 लाख किसानों के लिए खुशखबरी है। उन्हें कृषि कार्यों में मदद पहुंचाने वाली मौसम की सटीक जानकारी जल्द ही अलर्ट के जरिये मिलेगी। दिन में तीन बार उन्हें कॉमन सर्विस सेंटर के जरिये मौसम की जानकारी दी जायेगी। राज्य का कृषि विभाग उन तक मौसम का अलर्ट पहुंचाने में जुट गया है। इसके लिए राज्य के हर पंचायत में रेनगेज मशीन लगायी जायेगी। एक रेनगेज मशीन लगाने की लगात ढाई लाख रुपये है। इसके लिए 48 करोड़ रुपये का प्रावधान कृषि विभाग ने किया है। अभी 35 लाख किसानों का डाटा कृषि विभाग के पास है पर विभाग 40 लाख से अधिक किसानों के पास डाटा पहुंचाने की तैयारी कर रहा है। मौसम विभाग और कृषि विभाग मिलकर मौसम का अलर्ट कॉमन सर्विस सेंटर तक पहुंचाने की तैयारियों



में जुटे हुए हैं। कुल 25 हजार केंद्रों तक मौसम की सेवा दी जाएगी। हर दिन तीन बार मौसम की रिपोर्ट जारी की जाएगी और इससे संबंधित रिपोर्ट भी सेंटर में प्रदर्शित की जाएगी। मौसम विज्ञान विभाग दामिनी और सचेत एप के जरिये मौसम का अलर्ट देगा। सचेत एप से जहां मौसम का अलर्ट मिलेगा वहीं दामिनी एप से वज्रपात की जानकारी मिलेगी। इस बाबत मौसम विज्ञान विभाग रांची केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया कि पहली बार इस तरह का प्रयास हो रहा है। हम किसानों को उनकी भाषा में खेती के अनुकूल परामर्श देने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए कृषि विभाग के किसान कॉल सेंटर का उपयोग किया जाएगा। किसानों को उनकी भाषा में वाइस मैसेज से जानकारी देने का प्रयास किया जा रहा है। मौसम विभाग कोशिश कर रहा है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक मौसम की जानकारी पहुंचे। गौरतलब है कि रेनगेज मशीन वर्षा मापी यंत्रों को कहा जाता है। रेनगेज मशीन से हवा की आर्द्रता, तापमान, वर्षा का दबाव, बर्फबारी, सूर्योदय और सूर्यास्त का समय के अलावा हवा की गति और दिशा की भी जानकारी मिल जाएगी। इस सटीक जानकारी से किसानों को कृषि कार्य में सहूलियत होगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**रांची।** पॉक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की कोर्ट ने दुष्कर्म मामले में दोषी मकरध्वज महतो को 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 15 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले को लेकर सिल्ली थाना में कांड संख्या 12/ 2019 दर्ज किया गया था। पूर्व में कोर्ट ने उसे दोषी ठहराया था। मामले के तीन अन्य आरोपित मकर महतो, भगवान महतो और दिनेश चंद्र महतो को अदालत ने आरोप मुक्त कर दिया था। मामले को लेकर युवती ने सिल्ली थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था।

### लैंड स्कैम : आरोपितों से चार दिनों तक पूछताछ करेगी ईडी

**रांची।** रांची के बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाले मामले में सीआई सहित सात लोगों से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) चार दिनों तक पूछताछ करेगी। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने इसकी इजाजत दे दी है। ईडी की ओर से अधिवक्ता शिवकुमार काका ने आरोपितों से पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड का आग्रह कोर्ट से किया था। लेकिन अदालत ने चार दिनों का रिमांड दिया। गत शुक्रवार को ईडी ने सेना भूमि घोटाले के सात आरोपितों को कोर्ट में पेश किया था। इसके बाद आरोपित प्रदीप बागची, बड़गाई अंचल के सीआई भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, इम्तियाज अहमद, तलहा खान, फैयाज खान और सद्दाम हुसैन को बिरसा मुंडा कारागार भेज दिया गया था।

### शाहजहांपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी में गिरी, 11 की मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में शनिवार को ग्रामीणों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली गर्रा नदी के पुल से नीचे गिर गई। इस हादसे में 11 लोगों को मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि ददरौल के सुनौरा गांव के कई लोग शनिवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर तिलहर क्षेत्र में निगोही मार्ग पर बिरसिंहपुर गांव के पास गर्रा नदी से जल लेने आए थे। इस दौरान हादसा हो गया जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई।

### रमजान



उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रोजा का समय 16 अप्रैल को संध्या 6:17 और सेहरी का समय 17 अप्रैल को सुबह 4:14 मिनट में

# झारखंड : गुमला जिले को मिलेगा पीएम अवार्ड

### प्रधानमंत्री मोदी 21 अप्रैल को करेंगे पुरस्कृत

### अवार्ड पाने वाला गुमला झारखंड का पहला जिला बना

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

हर वर्ष सिविल सर्विस डे पर प्रदान किए जाने वाले अति प्रतिष्ठित पीएम अवार्ड के लिए गुमला जिले का आधिकारिक चयन हुआ है। लोक प्रशासन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री के हाथों मिलने वाला यह अवार्ड गुमला जिले को मिलने की सूचना पर जिले की पूरी टीम एवं यहां के नागरिकों में काफी हर्ष का माहौल है। चयन की आधिकारिक सूचना मिलने पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने बधाई दी है। अवार्ड आगामी 21 अप्रैल को नई दिल्ली स्थित विज्ञान



भवन सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों उपायुक्त सुशांत गौरव ग्रहण करेंगे।

यह पहला मौका है जब झारखंड के किसी जिले को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। पिछले एक वर्ष के अपने कार्यकाल में ही उपायुक्त सुशांत गौरव के प्रयासों से कई बेहतरीन कार्यों को गुमला में धरातल पर उतारा गया है। बीते दिनों जिले में हुए कतिपय कार्यों में रागी मिशन को नयी ऊंचाई देना, एनीमिया उन्मूलन, टीबी मुक्त जिला की दिशा में प्रयास, दिव्यांगता पहचान एवं दिव्यांग कल्याण के लिए किये गए कार्य, पुस्तकालय क्रांति, खेल बैंक, शिक्षा क्षेत्र में अवसंरचनात्मक विकास, बांस शिल्पकारों का प्रशिक्षण एवं संवर्धन, टाना भगत समुदाय का बहुआयामी योजनाओं से आच्छादन, जिला से लेकर पंचायतों तक खेलों को बढ़ावा, पंचायतों का डिजिटाइजेशन, महिला स्वयं सहायता समूहों को बहुद्देशीय कार्यों में लगाना, मत्स्य पालन को नए आयाम देना, कृषि क्षेत्र में नवाचारी उपायों को अपनाना कुछ ऐसे उल्लेखनीय कार्य हुए जिसने गुमला की तस्वीर ही बदल गई।

### भारत में 24 घंटे में कोविड से 27 मौतें, छह माह में एक दिन में सबसे ज्यादा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में, भारत में कोविड-19 से 27 लोगों की मौत हुई है, जो छह महीनों में एक दिन में सबसे अधिक मौतें हैं। पिछली बार एक दिन में सबसे अधिक 20 मौतें 15 अक्टूबर, 2022 को हुई थीं। देश में मरने वालों की संख्या अब बढ़कर 5,31,091 हो गई है। 24 घंटे में दिल्ली में छह मौतें हुईं। महाराष्ट्र में चार, राजस्थान में तीन और छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में एक-एक मौत हुई। छह मौतें केरल में हुईं। इसी अवधि में, 10,753 नए मामले सामने आए, इससे सक्रिय संक्रमणों की संख्या 53,720 हो गईं। दैनिक और साप्ताहिक सकारात्मकता दर क्रमशः 6.78 और 4.49 दर्ज की गई।

## परिवहन सचिव के खिलाफ जारी हुआ गिरफ्तारी वारंट

### परिवहन सचिव की ओर से जवाब नहीं दिए जाने से नाराज हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी करने का दिया निर्देश





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की कोर्ट में शनिवार को सुनील कुमार पासवान की ओर से मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) की नियमित बहाली के मामले में दायर अवमानना याचिका मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट की ओर से बार-बार दिए गए निर्देश के बावजूद परिवहन सचिव की ओर से जवाब नहीं दिए जाने से नाराज कोर्ट ने प्रतिवादी परिवहन सचिव के खिलाफ बेलेबल गिरफ्तारी वारंट जारी करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने इस बेलेबल वारंट ऑफ अरेस्ट का तामिला रांची, एसएसपी को करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई 17 अप्रैल को होगी।

कोर्ट ने रांची एसएसपी को निर्देश दिया है कि वह कोर्ट की ओर से जारी गिरफ्तारी वारंट का तामिला कर परिवहन सचिव को 17 अप्रैल को दोपहर 1:15 बजे कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करें। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट की ओर से परिवहन सचिव को जारी गिरफ्तारी वारंट को कोर्ट में सशरीर उपस्थित में बदलने का आग्रह किया गया, जिसे कोर्ट ने नहीं माना।

## जापानी पीएम पर बम से हमला

**एजेंसी। टोक्यो**

जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर हमला हुआ है। ये हमला तब हुआ, जब वह पश्चिमी जापान के बंदरगाह का दौरा करने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि वाकायामा में जब वह दौरे पर थे, तब एक तेज धमाका हुआ। हालांकि, उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है। एक गैस या पाइप बम उनकी ओर फेंका गया था। वह अपना भाषण शुरू करते उससे पहले ही यह हमला हुआ। सुरक्षाबलों ने हमलावर को पकड़ लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के पीएम पर हुए हमले की निंदा की। उन्होंने ट्वीट किया: जापान के वाकायामा में सार्वजनिक कार्यक्रम में एक हिंसक घटना के बारे में पता चला, जहां मेरे मित्र पीएम किशिदा उपस्थित थे। राहत मिली कि वह सकुशल हैं।



उनकी निरंतर भलाई और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं। भारत हिंसा के सभी कृत्यों की निंदा करता है। जापान का 'एनएचके' टीवी की खबर के मुताबिक, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के दौरे के समय देश के एक बंदरगाह पर जोरदार विस्फोट हुआ, इस हादसे में कोई हताहत नहीं है। पुलिस या स्थानीय प्रशासन की ओर से घटना की तत्काल कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय पुलिस ने इस घटना पर फिलहाल कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। नेशनल ब्रॉडकास्टर एनएचके ने घटनास्थल पर भीड़ के बीच पुलिस की तरफ से एक व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने का फुटेज भी दिखाया है।

## गहलोत ही राजस्थान के 'आलाकमान'

### तीन साल पहले राजस्थान में बीजेपी के ऑपरेशन लोट्स को विफल करने से पहले भी दूसरे राज्यों में कांग्रेस की सरकारें बचाने में गहलोत कांग्रेस में चाणक्य की भूमिका निभाते आए हैं नजर



**उपेंद्र राय**

राजस्थान कांग्रेस का घटनाक्रम नया होते हुए भी नया नहीं है। करीब डेढ़ साल पहले पंजाब में भी चुनाव से पहले देश ने कांग्रेस की इसी तरह की कुश्ती देखी थी। राजस्थान में भी आठ महीने बाद चुनाव होने हैं। ऐसे में अब दोनों राज्यों को जोड़कर बहुत सारी बातें हो रही हैं। क्या राजस्थान में भी कांग्रेस पंजाब की तरह जीत के जबड़े से हार निकालकर लाने की तैयारी कर रही है? क्या पंजाब की तरह राजस्थान भी कांग्रेस आलाकमान के असमंजस की भेंट चढ़ रहा है? सचिन पायलट आखिर क्यों 'राजस्थान के नवजोत सिंह सिद्धू' बनने पर आमादा हैं?

इसमें किसी को कोई शक-शुबहा नहीं होना चाहिए कि सचिन पायलट की नजर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कुर्सी पर है। इसलिए मुद्दा भी उन्होंने ऐसा चुना है जो सीधे-साधे गहलोत को मुश्किल में डालने वाला है। विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने वादा भी किया था कि सत्ता में लौटने पर वसुंधरा राजे सरकार के समय हुए 45 हजार करोड़ रुपये के कथित खदान घोटाले की जांच कराई जाएगी। अब इस मुद्दे को उठाकर सचिन पायलट एक तरह से पर्दे के पीछे गहलोत और वसुंधरा के कथित गठजोड़ को लेकर दशकों से चल रही राजनीतिक चर्चाओं को प्रामाणिकता देने का प्रयास कर रहे हैं। एक तरह से यह निकम्मा, नाकारा, गद्दार जैसे उन तमाम विशेषणों का जवाब भी माना जा सकता है जिनसे समय-समय पर गहलोत उन्हें अलंकृत करते रहे हैं। ऊपरी तौर पर देखा जाए तो सचिन पायलट ने जो मुद्दा उठाया है उसमें कुछ भी गलत नहीं है। यही बात उनके उस असंतोष को लेकर भी कही जा सकती है जिसकी जड़ें पिछले विधानसभा चुनाव तक जाती हैं जिसके बारे में उनके समर्थकों का दावा है कि पायलट की लोकप्रियता ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## भ्रष्टाचार

### अदालत में झूठे सबूत पेश करने वाली सीबीआई के साथ

# ईडी अधिकारियों पर दर्ज करायेंगे केस : केजरीवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 16 अप्रैल को तलब किया है। केजरीवाल ने इससे पहले शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मैंने दिल्ली विधानसभा में जिस दिन भ्रष्टाचार के खिलाफ बोला था, उसी दिन मैं जान गया था कि अगला नंबर मेरा होगा। उन्होंने बताया कि कल वह सीबीआई ऑफिस जाएंगे। केजरीवाल को सीबीआई जांच दल के सवालों का जवाब देने के लिए पूर्वाह्न 11 बजे एजेंसी मुख्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है।



अरविंद केजरीवाल ने इस बीच एक ट्वीट किया कि वह झूठी गवाही देने और अदालतों में झूठे सबूत पेश करने के लिए सीबीआई और ईडी के अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले पर कहा कि ईडी, सीबीआई ने 100 करोड़ रुपये की घूस लेने का आरोप लगाया। उन्होंने 400 से अधिक छापे मारे, लेकिन यह राशि नहीं मिली। सीबीआई, ईडी ने आबकारी नीति मामले में अदालत में झूठे हलफनामे दायर किए, वे मनीष सिसोदिया और मेरे खिलाफ गवाही देने के लिए लोगों को प्रताड़ित कर रही हैं। केजरीवाल ने कहा: मनीष सिसोदिया पर आरोप है कि उन्होंने अपने 14 फोन तोड़ दिए। फिर ईडी कह रही है कि उसमें से 4 फोन उनके पास हैं और सीबीआई कह रही है कि 1 फोन उनके पास है, अगर उन्होंने फोन तोड़े हैं तो उनके पास फोन कैसे आए। इन लोगों ने झूठ बोलकर केस बनाए और बोला कि शराब घोटाला हुआ है।

दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई के ऑफिस में पेश होने से पहले ही मुख्यामंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा: करीब एक साल से भाजपा चिल्लाकर कह रही है कि दिल्ली में कोई शराब घोटाला हो गया और बड़ी एजेंसियां पूरा काम छोड़कर इसकी जांच में लगी हुई हैं। सिसोदिया पर सबसे बड़ा आरोप यही लगा कि चौदह फोन तोड़ दिए, ईडी की चार्जशीट में उन फोन का आईएमईआई लिखा है। लेकिन सीजर मेमो में कह रहे हैं कि पांच फोन हमारे पास हैं। बाकी नौ फोन? हमने पता कराया तो पता चला कि बाकी ज्यागदातर फोन जिंदा हैं। कोई न कोई इस्तेमाल कर रहा है, मनीष सिसोदिया के फोन नहीं थे वे। ईडी ने कोर्ट को गुमराह किया, क्योंकि शराब घोटाला तो कुछ है ही नहीं। केजरीवाल ने कहा: अब ये रोज किसी न किसी को पकड़ लेते हैं और उन्हें टॉर्चर करके उनसे केजरीवाल का नाम, सिसोदिया का नाम ले लो यह दबाव बनाते हैं। चंदन रेड्डी को इतना मारा कि उनकी मेडिकल रिपोर्ट में लिखा है कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### केजरीवाल के समर्थन में नीतीश कुमार



केजरीवाल को सीबीआई द्वारा तलब किये जाने के सवाल पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा: आप देख ही रहे हैं ना कि आजकल क्या - क्या हो रहा है। हालांकि, सभी अपने-अपने राज्यों में विकास के लिए अछा काम कर रहे हैं। उनकी (केजरीवाल) वहां कितनी इज्जत है, लोग उनको कितना मानते हैं, ये किसको नहीं पता है। इस बारे में अब हम क्या बोलें, वो समय पर जवाब दे ही देंगे। लेकिन ये है कि ऐसी ही कार्रवाई अन्य के खिलाफ भी होने की संभावना है। इसलिए एकजुट होकर रहना चाहिए।

## 25 किसानों ने बिहार में समेकित कृषि प्रणाली के गुर सीखें



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के विभिन्न प्रखंडों के 25 किसान बिहार के मोतिहारी जिले के पिपराकोठी स्थित महात्मा गांधी एकीकृत फार्मिंग रिसर्च संस्थान में समेकित कृषि प्रणाली के गुर सीखे। अंतरराज्यीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर किसान रविवार को पलामू लौटेंगे। आत्मा पलामू की ओर किसानों को टीम लीडर बीटीएम संजय कुमार के नेतृत्व में बिहार भेजा गया था। संस्थान के निदेशक मंडल से किसानों ने समेकित कृषि प्रणाली की सीख हासिल की। साथ ही किसानों ने इस पद्धति को अपनाकर अधिक आमदनी करने संबंधी जानकारी प्राप्त की। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को अपने उपलब्ध जमीन के आधार पर समेकित कृषि प्रणाली के विभिन्न मॉडल में से चुनाव कर कोई एक मॉडल अपनाने की सलाह दी। प्रशिक्षण के दौरान तालाब आधारित आईएफएस मॉडल, पशु आधारित आईएफएस मॉडल, आईएफएस मॉडल में मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, फसलों के उत्पादन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

### जिप सदस्य ने रखी आधारशिला

**पाटन।** प्रखंड के नौडीहा चौक पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर जिला परिषद सदस्य जयशंकर सिंह उर्फ संग्राम सिंह ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के निर्माण की आधारशिला जिप सदस्य ने रखी। शिलान्यास के मौके पर लोगों को संबोधित कर कहा कि -संविधान के निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर ने उठो शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित बनो का नारा लगाया था। जिस सदस्य ने भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर फूल माल्यार्पण किया। शिलान्यास के मौके पर राजकुमार राम, अनिल कुमार, सूर्यदेव राम, सुनील राम, निर्भय सिंह, पिंटू सिंह, स्वार्थ राम मुकेश रवि, निखिल,मनीष, आशीष समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### भीमराव अंबेडकर की मनाई गई 132वीं जयंती

पलामू जिले के प्रखंड उंटारी रोड के पंचायत जोगा के आजनवन मैदान में भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती मनाई गयी। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी जी ने अंबेडकर जी के चित्र पर फूल माला डालकर 132 वी जयंती मनाई। मौके पर उपस्थित जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ,मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर , प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम ,जोगा पंचायत मुखिया कमला देवी, शिक्षक विनोद पाल ,नंदलाल चौधरी ,,अजीत कुमार चंद्रवंशी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### नौडीहा बाजार थाना प्रभारी को बर्खास्त करें आरक्षी अधीक्षक : रूचिर

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार थाना प्रभारी ने कुहकुह कला के लीज धारको और उसके गुंडों के साथ दलितों के घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जिससे रामप्रवेश भूइंया का माथा फटा व आंख के पास गहरी चोट लगी है। नौडीहा बाजार अंचल अंतर्गत ग्राम कुहकू कला के निवासी प्रवेश भुइंया एवं अन्य सभी ग्रामीणों ने कल अंबेडकर जयंती के अवसर पर ग्राम कुहकू कला में अवैध माइंस के खिलाफ मीटिंग कर बाबा साहेब की जयंती उत्साह पूर्वक मना जब घर लौटे तो नौडीहा बाजार थाना प्रभारी पुलिस और स्थानीय गुंडों ने साथ मिलकर मारपीट की।

# सतबरवा: परिवहन मंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** झारखंड सरकार के आदिवासी कल्याण, परिवहन मंत्री चंपई सोरेन का जेजेएम प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार के नेतृत्व में शनिवार को दर्जनों कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया। वहीं मौके पर उपस्थित जीवन सिंह ने मंत्री चंपई सोरेन से कहा कि सतबरवा प्रखंड की 2 पंचायतें बकोरिया व रबदा पूर्व में मेसो क्षेत्र में थीं। जिन्हे मेसो क्षेत्र से काट कर सतबरवा प्रखंड में शामिल कराया गया। परंतु मेसो क्षेत्र का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। मंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि लोगों को मेसो क्षेत्र का लाभ मिलेगा। मैं इसे विशेष रूप से देखता हूं। इस मौके पर कई अन्य लोगों ने शिकायत करते हुए कहा कि सतबरवा प्रखंड कई विधानसभा में बंटा हुआ है। फल स्वरूप इस पर किसी का ध्यान नहीं है। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड उपाध्यक्ष रंग बहादुर सिंह, सीताराम सिंह,सरयू मेहता, ब्रह्मदेव सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद फैजल, सरस्वती देवी मुख्य रूप से मौजूद थे।

### आपसी मारपीट में दो सहोदर भाई घायल

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कजरात- नावाडीह स्टेशन के समीप बिहार के लोगों ने मामूली विवाद में मारपीट कर दी। जिसमें दो सहोदर भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में राजन कुमार सिंह और रजनीश कुमार सिंह दोनों ग्राम कजरात- नावाडीह के नाम शामिल हैं। समाचार के अनुसार रेलवे स्टेशन के पास किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहा सुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। और बिहार के कौशलडीह के लोगों ने दोनों भाइयों को मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पांच दिनों तक बंद रहेगी जलापूर्ति

## सोन नदी में घटा जलस्तर



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** गर्मी शुरू होते ही पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में देवरी सोन नदी का जल स्तर नीचे चले जाने व फिल्टर प्लांट की सफाई होने के कारण पांच दिनों तक पेयजल आपूर्ति बंद रहेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि सोन नदी से मोटर पंप तक पानी लाने व फिल्टर प्लांट का सफाई कार्य शुरू कर दीया गया है। जिसके कारण पांच या उससे अधिक समय लगनें के कारण जलापूर्ति योजना बंद रहेगी। वैसे यहां गर्मी शुरू होने के साथ ही जलापूर्ति ठप होने लगी है। इस जलापूर्ति से एक हजार से अधिक आबादी पेयजल आपूर्ति से प्रभावित हो गई है। इससे नगर पंचायत वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बहाल कराने को लेकर आधा दर्जन कर्मियों को लगाया गया है। ताकि गर्मी में लोगों की पेयजल आपूर्ति बहाल हो सके। उन्होंने कहा कि शहर में पानी सप्लाई नहीं होने के कारण आये दिन नगर पंचायत प्रतिनिधियों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सोन नदी में जलस्तर घटने व सफाई होने के कारण पानी सप्लाई बंद हो गई है। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति में अविलंब सुधार करने के लिये नगर पंचायत के कर्मचारी जुटे हुए हैं। पांच दिनों में उक्त कार्य को पूर्ण करने के बाद नियमित जलापूर्ति होने की बात कही गई है।

# नक्सल बंदी का प्रखंडों में दिखा असर

**लंबी दूरी में चलने वाली गाडियां बस स्टैंड में खड़ी रही**

**पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये**



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** झारखंड में हुई मुठभेड़ से आक्रोशित नक्सलियों का दो दिवसीय 14 व 15 अप्रैल को बिहार-झारखंड बंद पूरी तरह प्रभावी रहा। हरिहरगंज व पीपरा इलाके में शनिवार को भी नक्सली बंदी का व्यापक असर रहा। बैंक और पोस्ट ऑफिस में आम दिनों से कम ग्राहक पहुंचे। वहीं बाजार में दुकानें भी नहीं खुली। गांव से शहर आने वाले वाहन इक्के-दुक्के ही चले। लंबी दूरी में चलने वाली गाडियां बस स्टैंड में खड़ी रही। हालांकि बंदी से निपटने को लेकर पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। ग्रामीण क्षेत्र में पड़ने वाले बैंकों में भी कारोबार प्रभावित हुआ। नक्सल प्रभावित प्रखंड हरिहरगंज व पिपरा में मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य मार्ग पर लंबी दूरी की गाड़ियों का परिचालन पूरी तरह से ठप रहा। इक्का दुक्का छोटे वाहन चलते दिखे। वहीं लोग छोटी दूरी की यात्रा ऑटो से करते दिखे। नक्सली बंदी को ले लंबी दूरी कि यात्रा करने वाले यात्रियो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# रेलवे टिकट अवैध बिक्री के आरोपी को भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर शहर के जवाहर पथ व एटीएम गली से रेलवे टिकट के अवैध धंधेबाज को आरपीएफ पोस्ट जपला ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन के नेतृत्व में एसआई निशांत कुमार, प्रधान आरक्षी अनवर हुसैन व आरक्षी पवनेश कुमार सिंह और आरपीएफ / सीआईबी / गया के प्रधान आरक्षी सुभाष चंद्र सिंह ने रेलवे टिकट के अवैध कारोबार करने वाले आरोपी को पकड़ने के लिए हैदरनगर के एटीएम रोड में एसएम कंप्यूटर एंड नेटवर्किंग नामक प्रतिष्ठान पर अचानक छापा मारा है। इस दौरान एक व्यक्ति को अवैध रुप से रेलवे के ई टिकट बनाने में व्यक्तिगत यूजर आईडी से शामिल पाया गया। प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि इस अवैध धंधे का मुख्य आरोपी जवाहर पथ हैदरनगर निवासी मो. इसरायल के 25 वर्षीय पुत्र सद्दाम हुसैन को गिरफ्तार कर रेल न्यायिक दंडाधिकारी मेदिनीनगर भेज दिया गया है। इसके पास से डेल कंपनी का एक लैपटॉप, दो मोबाइल, पांच भविष्य के लिये बुक की गई टिकट सहित अन्य रेलवे ई टिकट जिसकी बुकिंग राशि 4683. 87 व 18534. 45 रुपये है, के दस्तावेज जांच में पाये गये हैं। इसके अलावे पांच पर्सनल यूजर आईडी, आइआरसीटीसी एजेंट आईडी नंबर डब्ल्यूएसपी आईसीईएल 40382 बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत आरोपी को जेल भेजा गया है। इस मामले की जांच का जिम्मा आरपीएफ के एसआई निशांत कुमार को दिया गया है।

# बिजली विभाग की लापरवाही से चैनपुर की जनता परेशान : शैलू



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर पूर्व जिला परिषद सदस्य शैलेंद्र कुमार शैलू ने पलामू उपायुक्त और बिजली विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया है कि इस भीषण गर्मी में चैनपुर में रात के समय बिजली नहीं रहने के कारण चैनपुर के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि चैनपुर नगर निगम में होने के बावजूद चैनपुर की जनता के साथ सौतेलापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। टैक्स देने के बाद भी यहां समुचित व्यवस्था लोगों को नहीं मिल रही है। जबकि यहां की जनता नगर निगम को पूरा टैक्स दे रही है। तब सिर्फ मेदिनीनगर शहर को ही रात में बिजली क्यों मिल रही है, चैनपुर को नहीं । इससे अच्छी तरह तो ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि चैनपुर को सेमरा ग्रिड से हटाकर हटिया ग्रिड से जोड़ा जाए। अभी बच्चों की परीक्षा चल रही है और रात में बिजली गायब है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यहां की जनता बाध्य होकर पलामू उपायुक्त से मिलेगी।

# अखिल झारखंड छात्र संघ के जिला अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की एक समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष राहुल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता मे आहूत की गयी। बैठक का संचालन छात्र नेता अभिषेक राज ने किया।। बैठक मे प्रखंडों मे संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गयी एवं वर्तमान एवं आगामी कार्यक्रमो के लिए प्रखंड के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही आगामी प्रदेश सम्मलेन को ध्यान मे रखते हुए सभी प्रखंडों मे कमिटी विस्तार पर भी चर्चा की गयी। बैठक के बाद प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए छात्र नेता अभिषेक राज ने बताया की यह एक महत्वपूर्ण बैठक थी। जिसमे हमने संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और निर्णय लिया कि जल्द से जल्द कमिटी का विस्तार सभी प्रखंडों मे किया जाए। इसके लिए हम कल से एक एक कर हर प्रखंड मे बैठक कर संगठन का विस्तार करेंगे। जो जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा के नेतृत्व मे होगा और इसमें हमारे साथ सभी जिले के नवनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। पूर्व जिला कमिटी को कुछ दिनों पहले भंग किया गया था और आज हमने नई जिला कमिटी की घोषणा कर दी है। जिसमें नए साथियों को जगह दी गई है। हम आशा करते है की सभी अपनी जिम्मेदारियों को समझेंगे और संगठन को नई बुलंदियो तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजसू छात्र संघ जल्द ही सभी प्रखंडों मे अपना सांगठनिक विस्तार करेगा । जल्द ही विश्वविद्यालय कमिटी का भी विस्तार किया जाएगा। जिला कमिटी मे कमल शुक्ला को वारिय उपाध्यक्ष, चंद्रभूषण दुबे (छोटू) को महासचिव, शुभम प्रजापति को कोषाध्यक्ष, शुधांशु कुमार सिंह को सचिव, मुकेश कुमार पासवान को उपाध्यक्ष, नितीश कुमार मिश्रा को सचिव, बिपिन शुक्ला को मीडिया प्रभारी और जिम्मी शुक्ला को जिला कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है।

### कांग्रेस ने किया नुक्कड़ सभा का आयोजन

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के दंगवार पंचायत में शुक्रवार की देर शाम भारत सत्याग्रह को लेकर एक नुक्कड़ सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर पाठक ने किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश सचिव हुसैनाबाद विधानसभा के स्थानीय युवा नेता धनंजय कुमार तिवारी ने किया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि- ये लड़ाई लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। देश की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है। यही नहीं, लोकतंत्र और संविधान भी खतरे में है। ऐसे में मोदी सरकार विपक्ष को पूरी तरह से तबाह कर देना चाहती है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने तानाशाही की सीमा लांघ दी है। कांग्रेस प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि आज देश की स्थिति बहुत ही दयनीय एवं चिंतनीय है। देश में महंगाई अपनी चरम सीमा पार कर चुकी है । हर वस्तुओं पर जीएसटी लगाकर केंद्र की मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ने का काम की है। मोदी को प्रधानमंत्री बने हुए 9 साल हो गये। लेकिन इतनी हिम्मत नहीं जुटा सके कि देश के ज्वलंत मुद्दों के सवालों प र देश के सामने जवाब रख सकें। संसद में राहुल गांधी ने सवाल किया कि 20000 हजार करोड़ रुपए जो अडानी की फर्जी कंपनियों में लगा है। जेपीसी से जांच कराने की मांग की। बजाय जवाब के उनकी उल्टे सदस्यता रद्द की जाती है और दो साल की सजा सुनाई जाती जाती है।

# ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाभुकों को मिले दो-दो लाख के चेक

नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** सुग्गी पंचायत के आराकंडा गांव निवासी दिलीप कुमार मेहता की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने के बाद प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत नामित मृतक की पत्नी मंजू देवी को 2 लाख रूपया चेक के माध्यम से भुगतान किय गया। इसी तरह सोनपुरा गांव निवासी अनिरुद्ध भुइयां की हार्ट अटैक से मौत हो जाने के कारण उसकी नामित पत्नी रंजू देवी को भी इसी योजना के तहत 2 लाख रूपए का चेक प्रदान किया गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की पदमा शाखा के प्रबंधक शशि शेखर वर्मा द्वारा शनिवार को दो-दो लाख का चेक दोनों प्रभावित परिवार को प्रदान किया गया। श्री वर्मा ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि लोग खाता खुलवाने के साथ-साथ जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी लें। ताकि भविष्य में किसी तरह के नुकसान की भरपाई की जा सके। तरहसी के सीएसपी संचालक अनुज प्रसाद एवं सुनील साव ने बताया कि अरका पंचायत की आराकंडा निवासी मंजू देवी और सोनपुरा की रंजू देवी को उनके पति की मौत के बाद बीमा योजना के तहत दो दो लाख का चेक दिया गया। मौके पर फील्ड ऑफिसर मनीष पांडेय, हाउस कीपिंग बाबूलाल साव, तरहसी सीएसपी संचालक अनुज प्रसाद एवं सोनपुरा सीएसपी संचालक सुनील साव, अभिमन्यु कुमार विश्वकर्मा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### बाबा साहब की 132वीं जयंती मनाई गई

**सगालीम।** बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर के रास्ते पर हम सभी को चलने की जरूरत है। आज बाबा साहब की देन हैं कि हम सभी अपने हक अधिकार को जान पाए हैं। उक्त बाते आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे बाबा साहब 132 वीं जयंती के अवसर पर पांकी विधान सभा के पांकी बाजार,बचदोहर, तेतराई,तरहसी,सहित कई कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद लोगो को संबोधित कर रहे थे। तरहसी के बेदानी चौक पर बाबा साहब का झंडा गाड़ कर इस चौक का नाम अंबेडकर चौक रख कर नामकरण किया गया। श्री जयसवाल ने कहा की इस विधान सभा में बाबा साहब के विचार को बेचकर राजनीत करने वाले नेता समाज को धोखा दे रहे है, जिनको आनेवाले समय में जनता मुंह तोड़ जवाब देगी । चुनाव जीतने के पूर्व बाबा साहब की जायदू गर्दू,भरी ,बेदानी सहित कई जगहों पर मूर्ति लगाने का वादा किये था। आज जब लोग जाते है तो कहा जाता है फंड नही है। अब नयी नौटंकी कर लोगो को लुभाया जा रहा है ऐसे लोग से समाज का भला नही होगा। श्री जायसवाल ने जयंती के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर राम कुमार रवि, नागमनी रजक,गुल खान,मुमताज खान ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवर पर छोटू अंबेडकर, राकेश रवि,अरुण वर्मा,अमरेश मेहता के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।


**Government of Jharkhand**
**Office of the Executive officer, Nagar Panchayat Manjhiaon**

**Notice Inviting e-tender**

**Very Short e-tender reference No- NPM/02/2023-24**

| Sl.N. | Tender ID | Head | Name of Work | Estimated value | Earnest Money | Tender Fee | Completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDHD/NPM/ 02/01/23-24 | Urban transport | Construction of Bituminous Road at ward no-03 from Block Main Road Via Nagar Panchayat Office to Marriage Hall Manjhiaon | 2494500.00 | 49900.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 2 | UDHD/NPM/ 02/02/23-24 | Urban transport | Construction of RCC Road in Ward No-04 From Main Road to Koyal Pul Under Nagar Panchayat Manjhiaon | 2105600.00 | 42200.00 | 5000.00 | 60 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of Tender on Website | 21.04.2023 at 5:00 P.M. |
| 2 | Last Date/Time for Receipt of e-tender on website | 02.05.2023 till 5:00 P.M. |
| 3 | Last Date of Receipt of hard copy cost of Bid Document & EMD | 03.05.2023 till 3:00 P.M |
| 4 | Date of Opening e- tender | 04.05.2023 at 4:00 P.M |
| 5 | Name & Address Of Office inviting tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Manjhiaon. |
| 6 | Contact No. of Procurement officer | 9431141644 |
| 7 | Helpline number of e- procurement cell | 8409053313 |

NOTE : Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice board office of the Nagar Panchayat Manjhiaon.

Executive Officer
Nagar Panchayat Manjhiaon

PR 295220 (Urban Development) 23-24 (D)



**कार्यालय:– जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू।**

जेलहाता रोड, डालटनगंज, पलामू

पत्रांक.................. पलामू /दिनांक..................

**Corrigendum PR.no.-291201**

1. सरकार के संयुक्त सचिव,के पत्रांक–22/निदे0/औषधि/जनऔषधि–14–10/2016–186(D) दिनांक–31.01.2023 के आलोक में जिला स्वास्थ्य समिति,पलामू द्वारा आमंत्रित निविदा सं0–01/2023 में निविदा की धारा–2.2.2 के (II) के (B) को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

निविदा का संशोधित अंश–

B. *05 Points for applicant already possessing drug license*

2. जिला स्वास्थ्य समिति,पलामू द्वारा आमंत्रित निविदा सं0–01/2023 अंतर्गत निम्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जन औषधि केन्द्र खोले जाने हेतू निविदा आमंत्रित की गई है।

I. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,चैनपुर।
II. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द,मनातू।
III. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द,पॉकी,
IV. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द,लेस्लीगंज।
V. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द,पाटन।
VI. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द,विश्रामपुर।
VII. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द,हुसैनाबाद।
VIII. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द,हरिहरगंज।
IX. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द,छत्तरपुर।

शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR 295217 District(23-24)D



**कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा**
**(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना

**(P.R No.- 293259)**

आम सूचना

निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र–2022–23 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रकियात्मक कार्रवाई से संबंधित पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन (**P.R No.- 293259**) के कम में पूर्व में निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि विस्तारित की जाती है :–

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

| क0 | प्रकियात्मक कार्रवाई | ई–कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 25.04.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रकिया की तिथि | 10.05.2023 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 17.05.2023 |

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website-ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR.NO.295218 Lohardaga(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**
**Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com**

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

(10th Call)

**Tender Notice No.-DWSD/GAR/SVS-02/2023–24 Dated –13.04.2022**

| Sl. No. | Name of Work | No. of Schemes | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Bhatauliya** Group of SVS Scheme under **Majhiaon Block (Group No. 03)** | 01 No. | 10,02,797.00 | 20,500.00 | 1250/- | 06 Months |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | 17.04.2023/12:30 P.M. | | | | |
| 3 | Last date & time of Bid Submission | 25.04.2023/05:00 P.M. | | | | |
| 4 | Last date & time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard copy) | 26.04.2023/ 10:30 AM to 04:00 P.M. (1) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (2) Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Medininagar. | | | | |
| 5 | Date & time of Opening Tender | 27.04.2023/05:00 P.M. | | | | |
| 6 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division,Garhwa. | | | | |
| 7 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division,Garhwa. | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement office | 9973003856 | | | | |
| 9 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | |

नोट–(i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 295193 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

# अभाविप ने एनपीयू में विद्यार्थियों के लिए लगाया प्याऊ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अभाविप जिला इकाई द्वारा एनपीयू के प्रशासनिक भवन में भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए प्याऊ लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला के संयोजक सुमित पाठक एवं संचालन नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अभाविप के जिला प्रमुख प्रोफेसर केसी झा ने कहा कि अभाविप लगातार विद्यार्थियों और समाज के लिए इस प्रकार के सकारात्मक कार्य करते रही है। विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था करना उसी कड़ी में एक प्रमुख और जागरूक कदम है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य



विनित पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए ठंडे पानी की समुचित व्यवस्था नहीं थी। इसका ध्यान रखते हुए समिति ने इस प्रकार की सकारात्मक पहल की है। पलामू जिला के संयोजक सुमित पाठक ने कहा कि विश्व विद्यालय भवन में प्याऊ लगवाना कार्यक्रम की शुरूआत है। इसके बाद जिले के सभी प्लस टू स्कूल, सभी चौक चौराहे और सार्वजनिक स्थानों पर भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्याऊ लगाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक रोहित देव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोविंद मेहता, रजनीकांत मिश्रा, नगर सह मंत्री नीतीश दुबे, अभिषेक रवि सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## NEWS इन ब्रीफ

### राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव करेगी परशुराम मंदिर का निर्माण

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव पलामू में मंदिर निर्माण की आधारशिला रखते हुए एकबार फिर से समाज मे नई लकीर खींचेगी। भार्गव सेना एक ऐसा पहला सामाजिक संगठन बनने जा रही है। जो हिंदुत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य परशुराम मंदिर निर्माण के निमित्त आगामी अक्षय तृतीया को भूमि पूजन करने जा रही हैं। उक्त बातें परशुराम सेना भार्गव के संस्थापक सदस्य अमित तिवारी ने कही। उन्होंने आगे कहा कि जब सभी तरह के सामाजिक संगठन अपने अपने कार्यों के जरिए अपना प्रचार प्रसार करने में लगे हुए है, तब राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के सदस्यों और पदाधिकारियों के द्वारा इस तरह के सामाजिक काम हेतु पहल करना एक अनुकरणीय कार्य है जिसके द्वारा समाज मे एक नई एकजुटता का संचार होने जा रहा हैं।

### चैलेंजर टीम ने अनाथालय में किया पाठ्य सामग्री का वितरण

**मेदिनीनगर।** टीम चैलेंजर के संस्थापक पूर्वडीहा व रेड़मा निवासी कौटिल्य द्विवेदी अपने दादा जी स्व. राजेन्द्र दुबे जो कि वन विभाग में रेंजर थे। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर कांदू मुहल्ला स्थित वत्सलय आवास जाकर वहां उपस्थित मानसिक असंतुलित बच्चों को पाठ्यसामग्री देकर पढ़ाई के प्रति जागरूक किये। मौके पर चैलेंजर के उपाध्यक्ष अनुराग तिवारी ने बच्चों को पढ़ाई से होने वाले फायदों को बताया। साथ में चैलेंजर के कोषाध्यक्ष अभिषेक दुबे ने कहा कि इन बच्चों को सही मार्गदर्शन मिलेगा तो ये भी देश के भविष्य बन सकते हैं।

### छत की सीढ़ी से गिरकर युवक घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कांदू मोहल्ला निवासी स्व. बली पासवान का पुत्र बिगन कुमार उम्र 21 वर्ष छत के सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बिगन कुमार बीती रात अपने घर के छत पर सोया हुआ था। तभी रात में नींद खुलने पर सीढ़ी से उतरने के दौरान वह गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।

# झारखंड में नक्सली बंद का पलामू में कोई असर नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के बिहार और पश्चिमी झारखंड बंद का पलामू प्रमंडल के इलाके में असर नहीं देखा गया. एक लंबे अरसे के बाद माओवादियों ने दो दिवसीय 14 और 15 अप्रैल को बंद की घोषणा की है। चतरा के लावालौंग में हुई मुठभेड़ की घटना के विरोध में माओवादियों ने बंद बुलाया है। मुठभेड़ में माओवादियों के टॉप पांच कमांडर मारे गए थे।

**बसों के परिचालन पर आंशिक प्रभाव:** माओवादियों ने बिहार के गया जिले के इमामगंज और रौशनगंज के इलाके में पोस्टर चिपका कर बंद की घोषणा की थी। माओवादियों के बंद का पलामू में कोई असर नहीं देखा गया। ग्रामीण और शहरी इलाके के बाजार सामान्य तरीके से खुले रहे। नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे पर वाहनों का परिचालन सामान्य रहा. रांची जाने वाली कुछ यात्री बसों से और अन्य इलाके में जाने वाली यात्री बसों का परिचालन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है।

**बंद को लेकर हाई अलर्ट पर पुलिस:** माओवादियों के बंद को लेकर पुलिस ने हाई अलर्ट जारी किया है। रेलवे और सरकारी संपत्ति की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। वहीं कई इलाकों में अतिरिक्त बल की भी तैनाती की गई थी। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि माओवादियों के बंद को लेकर सभी इलाकों में पुलिस हाई अलर्ट पर है। उन्होंने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एसओपी का पालन सभी इलाकों में किया जा रहा है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई है और नक्सल गतिविधि के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। माओवादियों के बंद को लेकर झारखंड-बिहार सीमा पर एक बड़े इंटर स्टेट अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान में कोबरा, सीआरपीएफ, जगुआर, जैप, आईआरबी समेत कई बलों को लगाया गया है।

**कई माह बाद माओवादियों ने बुलाया था बंद:** पलामू के हरिहरगंज, पिपरा, नौडीहा बाजार, मनातू से सटे बिहार के सीमावर्ती इलाकों में यह अभियान शुरू हुआ है। माओवादियों ने कई महीने के बाद इस बंद की घोषणा की है।

# पलामू का पारा 42 के पार, झुलसाने लगी गर्मी

## गर्मी के कारण पानी की किल्लत बढ़ी

### मौसम विभाग ने संभावना जाहिर की है कि कई शहरों में तापमान 2 डिग्री तक बढ़ेगा

**अमर नाथ सोनी**

**मेदिनीनगर।** अभी अप्रैल माह में ही पलामू राज्य का सबसे गर्म जिला बन गया है। पलामू का पारा 42 डिग्री के पार पहुंच गया है । वहीं जमशेदपुर दूसरे स्थान पर बना हुआ है । जबकि धनबाद तीसरे स्थान पर है। पलामू में गर्मी अब इतनी बढ़ गई है कि सुबह 9 बजे के बाद घर से निकलना मुश्किल होने लगा है। तपती धूप के कारण पारा अभी और चढ़ेगा। शुक्रवार को पलामू का पारा 42. 4 डिग्री के आंकड़े को पार कर लिया है। जबकि न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान के बढ़ने से रात भी गर्म होने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार अभी तापमान कम होने के कोई आसार नहीं हैं। अगले 24 घंटे में शहर के तापमान में और तेजी आएगी। मौसम विभाग ने संभावना जाहिर की है कि कई शहरों में तापमान 2 डिग्री तक बढ़ेगा और मौसम गर्म रहेगा। लेकिन इस बढ़ती गर्मी के बीच एक राहत की भी खबर है कि मौसम विभाग ने संभावना जाहिर की है कि 17 अप्रैल को राज्य के कई हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। लेकिन आने वाले समय में मौसम विभाग के अनुसार पलामू में पारा 44 डिग्री तक पहुंच सकता है। गर्मी के कारण पलामू में रमजान का बाजार बिल्कुल ठंडा पड़ रहा है। परंतु देर रात तक बाजार में चहल-पहल बनी रह रही है।। गर्मी के कारण शीतल पेय आदि की मांग बढ़ गई है। शाम में लोग बाजार ,कोयल नदी तट,और पार्क पर निकल रहे हैं। गर्मी के कारण जल संकट भी गहराता जा रहा है। शहर में नगर निगम के द्वारा टैंकर से जलापूर्ति की मांग भी बढ़ गई है। वहीं गर्मी के कारण आग लगने की घटना भी बढ़ गई है

**लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल :** तपती गर्मी में घरों से निकलकर बाजार-दुकान जाना भी लोगों के लिए अब मुश्किल खड़ी करने लगा है। पलामू का हाल है कि सड़क पर निकलने वाले लोगों के समक्ष चेहरे को ढंकना मजबूरी है। शहर के छह मुहान, डाबर रोड आदि जगहों पर लगी पनशालाओं में लोगों की भीड़ लग रही है। पानी पी रही महिलाओं से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि घर से पानी लेकर निकले नहीं हैं और प्यास की शिद्दत सता रही थी। अचानक पनशाला दिखी तो खुद को रोक नहीं पाए। प्यास की शिद्दत के कारण यहां पहुंचे हैं। पानी पीने के बाद थोड़ी राहत मिली है, लेकिन गर्मी का जुल्म अब भी बरकरार है।



### हीटवेव से नाक से खून गिरने की समस्या

पलामू के चिकित्सक डॉ आनंद कुमार कहते हैं कि गर्मी का असर लगातार बढ़ रहा है और दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक बाहर न निकलें तो स्वास्थ्य के लिए बेहतर होगा। इससे चक्कर आने और नाक से खून गिरने की समस्या हो सकती है। हीटवेव चलने की आशंका है इसलिए लू लग सकती है। लोग घर में रहें और ठंडक प्रदान करने वाली खाद्य सामग्री ही इस्तेमाल में लाएं।

### गर्मी के कहर से हलकान हुए लोग

पलामू में गर्मी का कहर कम होने का नाम नहीं ले रहा है।। लोग गर्मी कम होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं और गर्मी है कि मानती ही नहीं। शनिवार को भी पलामू का अधिकतम पारा ( डालटेनगंज) 42 डिग्री पार हो गया। मौसम विभाग के अनुसार डालटनगंज में लू की स्थिति बन गई। इस बार जिले में भीषण गर्मी व तापमान के तमाम पुराने रिकार्ड तोड़ दिए जाने की संभावना है। आसमान से हो रही आग की बारिश से पलामू झुलस रहा है। लोग-जन परेशान है। हाल है कि तापमान के मसले पर पलामू देश भर के टॉप-5 जिलों में शुमार हो रहा है। यह जिला झारखंड का सबसे गर्म जिला बन चुका है।




PR No. 295189 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24

NEWS इन ब्रीफ

## भवनाथपुर में पेड़ से गिरकर बुजुर्ग घायल

**भवनाथपुर।** थानांतर्गत चपरी गांव निवासी सह सेवानिवृत्त सेलकर्मी 62 वर्षीय रामरंजन साह पेड़ से गिरकर घायल हो गए। वह घर के छत पर चढ़कर पेड़ की डाली काट रहे थे। उसी दौरान वह गिरकर घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रामरंजन साह शनिवार सुबह केतार मोड़ स्थित तालाब के समीप अपने नवनिर्मित मकान के छत पर चढ़कर पेड़ की डाली को काट रहे थे। उसी क्रम में उनका पैर फिसलने से वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

## पिंकी केसरी ने 20 दुकानों का किया शिलान्यास

**गढ़वा।** नगर परिषद के चौधराना बाजार में शनिवार को 20 स्थायी दुकानों का शिलान्यास नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी, वार्ड पार्षद मीरा देवी और कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर किया। मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा कि शहरी क्षेत्र में 60 दुकानों का निर्माण कराकर फुटपाथ दुकानदारों को आवंटित करने की योजना है ताकि उन्हें स्थायी दुकान मिले। उससे फुटपाथ दुकानदारों को बड़ी सहुलियत होगी। उन्होंने बताया कि पहले ही सदर अस्पताल के सामने 20 और बस स्टैंड सोनपुरवा में 20 दुकानों का शिलान्यास किया जा चुका है। दुकानों का निर्माण युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। बाकी बचा 20 दुकान का शिलान्यास किया गया। उक्त 20 दुकानें 49 लाख रुपये की लागत से बनेंगी। पीसीसी रोड, नाली, बस स्टैंड, नीलांबर पितांबर पार्क, शहरी जलापूर्ति, साफ सफाई पर काम प्राथमिकता के आधार पर हो रहा है ताकि शहरी क्षेत्र के लोगों को बेहतर नागरिक सुविधाओं का लाभ मिले।

## रेडक्रॉस ने टीबीग्रस्त मरीजों के बीच वितरित किया पोषाहार

**गढ़वा।** रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से लगातार तीसरा महीना टीबी से ग्रस्त मरीजों के बीच पोषाहार वितरित किया गया। तीन माह पूर्व टीबी वार्ड के प्रभारी डॉक्टर कमलेश कुमार के आग्रह पर सोसाइटी ने 12 टीबी मरीज को गोद लिया था। उन्हें लगातार छह महीने तक पोषाहार देने का जिम्मा रेडक्रॉस ने लिया था। उसी क्रम में टीबी मरीज को पोषाहार दिया गया। टीबी मरीजों को जिन्हे गोद लिया है उनमें रेड क्रॉस चेयरमैन डॉक्टर एमपी गुप्ता, सचिव डॉक्टर ज्वाला प्रसाद सिंह, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सह सचिव नंद कुमार गुप्ता, मनोज केसरी रूपा गंजी, अवधेश कुशवाहा, ज्ञान प्रकाश केसरी, डॉ पातंजलि केशरी व संतोष मेहता(पीयूष मेडिकल) शामिल हैं। मौके पर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह, रेडक्रॉस गढ़वा के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, वाईस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, वीरेन्द्र प्रसाद व रौशन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को दी यातायात नियमों की जानकारी

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने शनिवार को एक्सीलेंस एकेडेमी के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा यातायात संबंधित नियमों की जानकारी दी। थाना प्रभारी ने छात्र छात्राओ को पढ़ाया भी।इस मौके पर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने छात्र छात्राओं से कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं की और सामने वाले की भी जान बचा सकते हैं। छात्र छात्राओं से कहा कि जब भी पिता या भाई बाइक चलाते है तो उन्हें जरूर हेलमेट पहनने को कहे। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाएंगे। कार चलाते समय हमेशा सीट-बेल्ट बांधेंगे। वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करेंगे। हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा अपने स्वजन से पालन कराएंगे। इस मौके पर संचालक चांदनी सोनी, संजीव सोनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहनों के धूल से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई** मेराल से अंबा खोरेया और डंडाई से पनघटवा डैम तक बनाए जा रहे कालीकरण सड़क में उपयोग होने वाले सामग्रियों को लेकर प्रत्येक दिन आ जा रहे सैकड़ों वाहनों के धूल से ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मेराल अम्बा खोरेया सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहनों से मुख्य बाजार के ग्रामीणों के साथ-साथ ठेला,गुमचा व टोकरी में विभिन्न तरह के सामग्रियां बेच रहे दुकानदारों को जहां धूल कण से प्रत्येक दिन भारी मात्रा में सामान खराब हो जा रहा है वही डंडई अंबा खोरिया सड़क में लगे वाहनों के धूल से पुरानी बाजार से लेकर देवी धाम और मध्य विद्यालय तक के ग्रामीणों को घर से बाहर निकलना भी दुर्लभ हो गया है। ग्रामीण जसवंत कुमार, लवकुश प्रसाद, चंद्रिका गुप्ता, रविंद्र पांडेय, नंदू यादव, रामचंद्र प्रजापति, बचनु प्रजापति इत्यादि लोगों ने कहा कि हम लोगों के डंडाई से पनघटवा डैम तक बनाए जा रहे कालीकरण सड़क में लगे वाहनों के आन जान होने से बड़ी मात्रा में प्रत्येक दिन धूल उड़ते रहता है जिस कारण हम लोगों को अपने अपने घर से भी बाहर निकलने के लिए सोचना पड़ता है। साथ ही छोटे-छोटे बच्चे भी सुबह से शाम तक अपने अपने घर में रहने के लिए मजबूर हो हैं। इस बीच खेलकूद को लेकर जैसे ही वे अपने दरवाजे पर निकलते हैं कि वाहनों के धूल से क्षणिक समय में मटिया हो जाते हैं। वही दुकानदार संजय प्रसाद, सतनारायण कुमार, दयानंद कुमार, गुड्डू साहू, संतन प्रसाद, पप्पू राम इत्यादि लोगों ने कहां की दोनों कार्य में लगे वाहनों का इसी रास्ते से प्रत्येक दिन आन जान होता है। जिस कारण बड़ी मात्रा में सुबह से शाम तक धूल उड़ते रहता है। उक्त वाहनों के धूल से हम लोगों के बना बनाया सामग्री प्रत्येक दिन बर्बाद हो जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों सड़क निर्माण कार्य के ठेकेदार के द्वारा अगर सुबह और शाम में सड़क पर प्रत्येक दिन पानी का छिड़काव कराया जाता तो नई बीमारी को लेकर जो हम सभी के मन में संशय बना हुआ है वह नही बनता। साथ ही हमसभी का समान भी खराब नहीं होता।

# 10 दिनों से लापता है एक बच्चे की मां

### पुलिस की लापरवाही अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है लड़की का

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** जिले के रमुना थाना क्षेत्र के ग्राम परस्वान निवासी श्यामलाल चंद्रवंशी की पुत्री श्वेता उर्फ गुलाबी देवी उम्र 30 वर्ष पिछले 4 अप्रैल कि सुबह से लापता है। लापता होने के बाद परिजनों ने इस घटना से संबंधित मामला रमुना थाना में दर्ज करा दिया है।आज 10 दिन बीत गए इसके बाद भी लड़की का कुछ अता पता नहीं चल पाया है। गुमशुदा लड़की के परिजनों का शक है कि उसके गांव के ही दो लड़के रोहित कुमार उर्फ करण और रविकांत कुमार का श्वेता को गुम करने में हाथ है।वही इस घटना की जानकारी मिलने पर 14 अप्रैल को भी लड़की के परिजन, पलामू जिले के पाटन नावा जयपुर मुखिया मनोज चंद्रवंशी, भाजपा नगर मंडल मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार चंद्रवंशी, युवा समाजसेवी गुड्डु चंद्रवंशी और चैनपुर पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार शैलू रमुना थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा से मुलाकात की तो उन्होंने आश्वासन दिया है कि मोबाइल का सीडीआर निकलने के बाद ही मामले पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं पहले भी परिजन गढ़वा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी से मिल चुके हैं। डीएसपी ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस मामले का निपटारा किया जाएगा। वही लड़की के गुमशुदा होने पर घर के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। परिजन जल्द ही मामले का निपटारा चाहते हैं और लड़की को सकुशल घर आने की इंतजार कर रहे हैं। वहीं परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि पुलिस गुनाहगारो से सांठगांठ बनाकर लड़की को खोजने में विलंब कर रही है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को रौंदा, हुई दर्दनाक मौत

### घटनास्थल पहुंचे मंत्री मिथिलेश ठाकुर






**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** शुक्रवार की शाम में जंगीपुर के निकट हुई भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक जतपुरा गांव निवासी नरेंद्र शुक्ला के 25 वर्षीय पुत्र अखिल शुक्ला है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि मृतक युवक जंगीपुर से सब्जी लेकर घर जा रहा था। इसी बीच जंगीपुर-चौबेडीह गांव के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक संख्या (जेएच 01 डबल्यू 5773) ने मोटरसाइकिल पर जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हुए। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। वही घटना की सूचना मिलने पर पुलिस इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार एवं थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। वही पुलिस ने ट्रक और मोटरसाइकल को जब्त कर थाना ले गई

### मंत्री मिथिलेश ने परिजनों को सरकारी मुआवजा देने का दिया आश्वासन

इधर घटना के दरमियान रास्ते से गुजर रहे प्रदेश का पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने घटनास्थल पहुंच कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने इस दर्दनाक सड़क दुर्घटना में हुई युवक की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। वही मंत्री ने तत्काल एसडीओ को फोन कर मृतक के परिजनों को मिलने वाले सरकारी मुआवजा को तत्काल देने का निर्देश दिया। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के चित पुकार से पूरा गांव गमगीन हो गया है।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने किया अंचल कार्यालय घेराव




**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** वन विभाग के चेकनाका के समीप जेसीबी लगा कर सार्वजनिक रास्ता को तोड़ दिए जाने के खिलाफ आक्रोशित सौकड़ों महिला पुरूष ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय पहुँच कर आवेदन सौप कर रास्ता का तत्काल मापी कराए जाने की मांग की है, अन्यथा कारवाई नही होने पर ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन करने के धमकी भी दी है।आवेदन में जिक्र किया है कि हम ग्रामीणों का एक मात्र रास्ता है जिस से श श्मशान घाट, कस्तूरबा विद्यालय एवं हम हजारों लोगों के मुखपथ से जोड़ने वाली रास्ता है। भवनाथपुर चेकनाका के पास उमा कमलापुरी एवं रविशंकर कमलापुरी ने जेसीबी से सड़क को कोड दिया गया है। जिससे हम लोगों को अवागमन में परेशानी हो रहा है। मामले में त्वरित कारवाई करते हुए उपरोक्त रास्ते की मापी तत्काल कराया जाए। अगर तत्काल उपरोक्त जमीन की मापी नही हुई तो हम ग्रामीण भवनाथपुर चेकनाका के पास धरना देने को बाध्य होंगे। सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव ने ग्रामीणों से कहा कि जमीन की मापी जल्द कराई जाएगी। आवेदन देने वालों में रंजू देवी, नगीना देवी, लालती देवी, दुलारी देवी,भगमतिया देवी, कलावती देवी, सुनैना देवी, राजमणि देवी,फुलेशरी देवी, मुनिया कुवंर, कमला देवी, रीना देवी, सरस्वती देवी, कृष्ण देव सिंह, रामलाल गुप्ता, मनोज कुमार बैठा, अजय सिंह, शिवपूजन सिंह, धर्मेंद्र राम, संतोष कुमार,अखिलेश विश्वकर्मा, पवन पासवान, विनोद सिंह, राम पवन विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, पांचू राम, सुनील सिंह सहित कई लोगों के नाम शामिल है।

**क्या है मामला :** कोर्ट के आदेश के बाद पिछले पांच दशक से घर बना कर रह रही वृद्ध को वृद्धा आश्रम में शिफ्ट करा कर घर को ध्वस्त करा दिया। इसके बाद जमीन मालिक उमा कमालापूरी और रविशंकर कमलापुरी के द्वारा ढेकुलिया आम रास्ता को जेसीबी द्वारा कोड दिया गया था। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने 16 फिट रास्ता की मांग किया जिसके बाद जमीन मालिक ग्रामीणों से उलझ गया जमीन मालिक ने ग्रामीणों से कहा कि मेरे पास इतना पैसा है कि कुछ भी कर सकते है पूरे ढेकुलिया को खरीद सकते हैं। जिस से आक्रोशित ग्रामीणों ने जम कर पिटाई कर दी। सूचना मिलने के बाद पहुचे भवनाथपुर थाना पुलिस ने मामले को शांत कराया।

# पीएचईडी: ढाई लाख की आबादी पर इकलौते कर्मी के भरोसे चल रहा है



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित पीएचडी विभाग ढाई लाख की आबादी पर एकलौते कर्मी के भरोसे चल रहा है। कर्मियों के अभाव में विभाग के कार्यालय लावारिस हो गया है । जिसके कारण विभाग के स्टोर रूम का खिड़की दरवाजा तोड़कर चोरों द्वारा लोहा का समान कबाड़ में बेचा जा रहा है ।लावारिस होने के कारण उक्त समान को देख रेख करने वाला भी कोई नही है ।बताते चले कि भवनाथपुर खरौंधी व केतार तीनो प्रखंडो का जिम्मा हैंड पम्प रिपेयरिंग का है जिसमे वर्तमान में विगत दो वर्षों से मात्र एक जेई एस किसको है ।कर्मियों के अभाव में प्रखंड परिसर स्थित पीएचडी के कार्यालय आवास व स्टोर रूम वीरान हो गए है जिसको देख रेख करने वाला भी कोई कर्मी नही है जीसके कारण प्रखंड के साथ ग्रामीण क्षेत्रो में हैंड पम्प की मर्मति लोग प्राइवेट मिस्त्री से कराने को मजबूर है जबकि वर्तमान में पंचायती राज्य होने के बाउजूद पंचायतों में जनप्रतिनिधियों के द्वारा रिपेयरिंग का कार्य भी प्राइवेट मिस्त्री से ही कराया जा रहा है । परन्तु सरकारी कार्यालयों ,स्कूलों आंगनबाड़ी केंद्रों में सेकड़ो हैंड पम्प खराब पड़े हुए है ।

# मुखिया व स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक, दिशा निर्देश दिये



**नवीन मेल संवाददाता श्री बंशीधर नगर** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को यक्ष्मा इकाई के कार्यो की समीक्षा व यक्ष्मा उन्मूलन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने सभी पंचायतों के मुखिया व स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने पंचायतवार यक्ष्मा रोगियों के सम्बंध में जानकारी ली।उन्होंने यक्ष्मा इकाई के कार्यो की समीक्षा भी किया बैठक में यक्ष्मा उन्मूलन को लेकर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने कहा कि वर्ष 2025 तक देश को यक्ष्मा मुक्त बनाने का लक्ष्य है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत प्रतिनिधि यह सुनिश्चित करें कि यदि उनके गांव में कोई यक्ष्मा से पीड़ित मरीज हैं तो उन्हें गोद लें उनका समुचित इलाज अनुमंडलीय अस्पताल से किया जायेगा यक्ष्मा मरीजों की पहचान कर उसकी जानकारी अस्पताल को दें ताकि उस मरीज की जांच कराकर उसे मिलने वाली सुबिधा उपलब्ध कराया जा सके।बैठक में सेवा निवृत्त सिविल सर्जन डॉ एस एस वर्मा,सेवा निवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सिद्धनाथ प्रसाद,उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी,विधायक प्रतिनिधि विभूति भूषण चौबे,अशोक सेठ,एस टी एस अनुज कुमार पाठक,बिरेन्द्र प्रसाद(गढ़वा),एस टी एस सुनील कुमार,वरीय लैब पर्यवेक्षक अनिमेष राज,सीएचओ सोनम कुमारी,एकता बम्बेर, वाल,विजय कुमार पाठक आदि उपस्थित थे।

**दुगोला महा मुकाबला** नारायण वन में स्थापना दिवस के अवसर पर दुगोला कार्यक्रम आयोजित

# दुगोला कार्यक्रम में ग्रामीण संस्कृति की झलक मिलती है : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। केतार** केतार प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर गांव के नारायण वन में 14 अप्रैल की रात्रि प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर मीडिया ग्रुप की ओर से दुगोला महा मुकाबला का आयोजन किया गया।इसके पूर्व स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर प्रांगण में धूम-धाम से भगवान सूर्य की पूजा अर्चना की गई।तत्पश्चात रात्रि बेला में उत्तर प्रदेश बनाम झारखंड के बीच दुगोला महा मुकाबला का प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ, थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि एवं खरौंधी प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मीडिया ग्रुप के द्वारा स्वतंत्र सेनानी के परिजन रामाटन साह, वरिष्ठ पत्रकार सीताराम पाठक, समाजसेवी राम विचार साहू, मुकुंदपुर गांव के ही नव चयनित डॉक्टर गोकुल कुमार, प्रखंड के पुराने व्यास धनेश्वर राम को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मंदिर कमेटी की ओर से मीडिया ग्रुप के लोगों को 21 किलो का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बीडिओ मुकेश मछुआ ने कहा कि मीडिया ग्रुप के द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम काफी सराहनीय है? दुगोला कार्यक्रम के लोकगीतों में ग्रामीण संस्कृति की झलक मिलती है।आज के आधुनिक युग में पारंपरिक लोकगीत विलुप्त हो रही है। जिसे हम सबों को संरक्षित करने की जरूरत है। वहीं थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने कहा कि दुगोला कार्यक्रम सिर्फ लोगों का मनोरंजन ही नहीं करती बल्कि ग्रामीण परिवेश को गीत और संगीत के माध्यम से प्रस्तुत कर आपसी समरसता को भी बनाए रखती है।उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में दुगोला कार्यक्रम में पारंपरिक ग्रामीण परिवेश की झलक साफ दिखाई पड़ती है?।दुगोला कार्यक्रम इनमें उत्तर प्रदेश की ओर से निर्मला यादव एवं झारखंड की ओर से दयानंद तिवारी की टीम के बीच एक से बढ़कर एक गीत, संगीत और नृत्य का महा मुकाबला हुआ।जहां दोनों टीमों के कलाकारों की ओर से एक से बढ़कर एक चैत, चैता, भैरवी, श्रृंगार रस, भक्ति रस, वीर रस की प्रस्तुति दी गई। जिसने नारायण वन में हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शकों को रात भर झूमने पर मजबूर कर दिया। दोनों कलाकारों की उम्दा प्रदर्शन के कारण निर्णायक मंडली भी निर्णय देने में असमंजस में पड़ गई।दोनों टीमों को समान अंक होने के कारण निर्णायक मंडली के सेवानिवृत्त शिक्षक राम अवतार राम एवं अजय वर्मा के द्वारा दोनों टीमों को बराबरी का दर्जा देते हुए सूर्य नारायण मंदिर की तस्वीर भेंट की गई। मंदिर विकास समिति ने इस कार्यक्रम के लिए मीडिया ग्रुप की सराहना की।इसके बाद मंदिर कमेटी की ओर से प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ बुद्धिजीवियों, पत्रकारों एवं दोनों टीमों के सभी कलाकारों को सूर्य नारायण वन की तस्वीर भेंट किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मीडिया ग्रुप के विकास सिंह, संदीप कुमार, गोकुल कुमार, बिट्टू सिंह, सुरज कुमार, इम्तियाज आलम, अंगद कुमार, ज्वाला कुमार,पुरुषोत्तम प्रसाद के साथ-साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ, थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि, भवनाथपुर बीडीओ जयपाल महतो, खरौंधी बीडीओ गणेश महतो, मझिआंव बीडीओ नितेश भास्कर, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, संरक्षक अजय वर्मा, भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा, खरौंधी जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उप प्रमुख शंभू सिंह, धीरज सिंह, राजू सिंह, कामेश्वर सिंह, सीताराम जयसवाल, गुड्डन पासवान, गोपाल विश्वकर्मा, सुरेश कुमार, दीपक वर्मा, प्रमोद कुमार, राकेश कुमार आदि उपस्थित थें।

# बाबा साहब की जयंती पर रेलवे क्लब में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

शुक्रवार की शाम प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब में ऑल इंडिया एससी एसटी एसोसिएशन द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता विकास शुक्ला ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि साथ कार्यक्रम में मौजूद रेलकर्मी और उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण करने के साथ दीप प्रज्वलित करके श्रद्धा सुमन अर्पित करने का काम किया गया। इसके बाद रेलवे लोको पायलट वर्षा कुमारी द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ पढ़ कर मौजूद लोगों को संविधान की रक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथियों के साथ-साथ अन्य लोगों के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जीवनी और उनके विचारों को लेकर समाज में जागरूकता लाने को लेकर विचारों को व्यक्त करने का काम किया गया। वही देर शाम तक चले कार्यक्रम के दौरान



सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जहां यूपी से चलकर आए रंजीत आर्य और पूजा कुमारी ने एक से बढ़ कर एक बाबा साहब से जुड़े गीत पेश करने का काम किया जिसकी सभी ने जमकर प्रशंसा की। मौके पर स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, एसोसिएशन के जीबी माथुर, अरुण कुमार, रंजीत कुमार, पीके सिंह, गुरु प्रसाद, अमरकांत गौतम, नीतीश कुमार, वर्षा कुमारी ,ए के रजक, संतोष कुमार ,अमन कुमार समेत काफी संख्या में रेलकर्मी मौजूद थे।

## चतरा में माओवादी बंदी का जिले में रहा बेअसर

**चतरा/टंडवा।** भाकपा माओवादियों द्वारा घोषित दो दिवसीय बंद का जिला मुख्यालय के अलावे सभी प्रखंड़ों व टंडवा कोयलांचल नगरी में पूरी तरह से बेअसर रहा। शुक्रवार व शनिवार को आम दिनों की तरह हीं सड़कों में दिनभर छोटे-बड़े वाहनों समेत कोल वाहनों का परिचालन जारी रहा। वहीं सीसीएल के आम्रपाली व मगध कोल परियोजना में कोयले का उत्खनन, परिवहन व भंडारण होता रहा। दूसरी तरफ किसी भी तरह के अप्रिय घटनाओं से निपटने के लिए पुलिस की टीम पूरी तरह से मुस्तैद रही।

## माओवादी बंदी का दूसरे दिन रहा असर

# बंद रही दुकानें, रमजान की खरीदारी में हुई परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड में दूसरे दिन माओवादियों बंदी का मिला जुला असर रहा, जिला परिषद के बस स्टैंड में लम्बी दूरी की यात्री बसे खड़ी रही, सरकारी कार्यालय, पेट्रोल पंप एवं बैंक खुले रहें, वही मेडिकल स्टोर को छोड़कर बाकि सभी दूकाने बंद रही, दूसरी पहर गांव से जब सब्जी लेकर महिलाएं बाजार पहुंचे तो कुछ दूकानदारो ने अपनी दूकान खोला, शाम छह बजे के बाद सभी दुकान खोल दिया गया, ज्ञात हो कि पवित्र रमजान का महीना चल रहा है, जहा दूकाने बंद होने के कारण लोगों को रोजमर्रा की चीजों की जरूरत होती है, बंद को लेकर सामग्री नहीं मिलने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा, पुलिस चौक चौराहे पर तैनात थे, महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने बताया, माओवादी बंदी को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट रही है।

# गर्भवती महिलाओं के बीच पोषाहार का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

वैदिक सोसाइटी संस्था के द्वारा शनिवार को प्रखंड के मंगरा पंचायत सचिवालय में आदिम जनजाति गर्भवती महिलाओं के बीच पोषाहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मेजिप सदस्य संतोषी शेखर मुखिया बिपिन बिहारी सिंह मुख्य रूप से शिरकत किया। चयनित आदिम जनजाति परिवार के 130 लाभार्थियों के बीच पोषाहार वितरण करने का काम किया। संस्था के माध्यम से महिलाओं के बीच 10 किलो चना, 5 किलो गुड़, 5 किलो अरहर दाल, 2 किलो सोयाबीन और 2 किलो सरसों का तेल देने का काम किया गया। संस्था के ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि आदिम जनजाति परिवार की गर्भवतीमहिलाओं को उचित मात्रा में पोषाहार नहीं मिलने के कारण उनके होने वाले बच्चे कुपोषण का शिकार होते हैं और इस समस्या को दूर करने को लेकर संस्था के माध्यम से पोषाहार का वितरण करने का काम आदिम जनजाति गांव में किया जा रहा है। वही श्रीमती शेखर ने कहा कि आदिम जनजाति परिवारों के बीच पोषाहार वितरण करने का काम किया जा रहा है वहीं उनके बीच जागरूकता को लेकर भी विशेष अभियान चलाने की जरूरत है ताकि कुपोषण या किसी अन्य बीमारी के कारण आदिम जनजाति परिवार के लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। मौके पर वार्ड सदस्य भागवत सिंह, संगीता कुमारी ,रंजीत कुमार आदि मौजूद थे।

# चंदवा: संदेहास्पद स्थिति में 10 साल की बच्ची का शव बरामद

## दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत के हक्का गांव मे 10 वर्षीय एक बच्ची का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद हुआ है. बच्ची का शव उसके घर से लगभग 100 मीटर दूर पर पड़ा हुआ था. आशंका जताई जा रही है कि दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या कर उसके शव को वहां फेंक दिया गया है। हालांकि पुलिस अभी इस मामले में स्पष्ट रूप से कुछ भी नहीं बता रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। चंदवा थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत के हक्का गांव निवासी बिलास राम की 10 वर्षीय पुत्री रूपा कुमारी शुक्रवार की रात से ही अपने घर से गायब हो गई थी. परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चल पा रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि बच्ची के साथ हैवानियत हुई है. ग्रामीणों ने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर शव को इस स्थान पर फेंक दिया गया है। हालांकि इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस ने मृतक बच्ची के शव को कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण की स्पष्ट रूप से जानकारी मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही हत्यारा पुलिस की गिरफ्त में होगा। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जल्द मामले का उद्भेदन करते हुए हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। चौथी क्लास की छात्रा थी शनिवार को कुछ ग्रामीणों ने गांव से थोड़ी दूर पर स्थित एक पेड़ के नीचे बच्ची का शव पड़ा हुआ देखा। सूचना मिलने के बाद बच्ची के परिजन भी वहां पहुंचे. इसके बाद भारी संख्या में ग्रामीण की भीड़ जमा हो गई. बाद में घटना की जानकारी चंदवा पुलिस को दी गई. सूचना मिलने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मृतक बच्ची के शव को कब्जे में ले लिया. पुलिस ने इस दौरान मृतक बच्ची के परिजनों के अलावा आसपास के ग्रामीणों से भी पूछताछ की। घटना के बाद मृतक बच्ची के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. बताया जाता है कि बच्ची चौथी क्लास की छात्रा थी। मृतका के शव को लेकर भीम आर्मी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इंदिरा गांधी चौक को जाम कर दिया गया जिसकी वजह से इंदिरा गांधी चौक के समीप जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई सड़क पर गाड़ियों की कतार लग गई।जाम कर रहे लोग हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार कर दोषियों को फांसी देने की मांग कर रहे थे। थाना प्रभारी श्री कुमार के द्वारा सड़क जाम कर रहे लोगो को समझा बुझाकर जाम को खुलवाने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन खबर लिखे जाने तक ग्रामीण सड़क पर ही जमे हुए थे। घटना के प्रति चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिनिधि सह समाजसेवी रोहित यादव व कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान के द्वारा दुख व्यक्त किया गया है, रोहित यादव मृतका के घर पहुंच परिजनों से मिल संवेदना प्रकट किया और घटना की निंदा करते हुए दोषियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की है।

## अंडर-16 क्रिकेट लीग का उद्घाटन आज

**लातेहार।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित अंतर जिला अंडर-16 क्रिकेट लीग का उदघाटन 16 अप्रैल को सुबह 9 बजे से जिला स्टेडियम में किया जायेगा। इसकी जानकारी लातेहार जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने दी। अमलेश सिंह ने बताया कि लीग का उद्घाटन स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की और अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। उद्घाटन मैच रांची और गुमला जिले के बीच खेला जायेगा।

## सविमं लातेहार में कवि सम्मेलन का आयोजन



**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ लातेहार में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा - अरुण से पंचम तक के लगभग 70 भैया / बहनों ने कवि सम्मेलन में भाग लिया। उनमें से कक्षा - उदय की बहन आर्या सहाय ,प्रभात - से भैया आर्यन कुमार , कक्षा - प्रथम से जय सिंह , कक्षा - द्वितीय से बहन गुंजन कुमारी, कक्षा- तृतीय से अक्षा प्रवीण, चतुर्थ - कक्षा से भैया भानु दुबे और पंचम - कक्षा से बहन अंजनी कुमारी, अंजली प्रिया आदि शामिल थे।सभी भैया / बहनों ने अपने कला का शानदार प्रदर्शन किया।सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले भैया / बहनों के नाम कक्षा प्रथम ' अ 'आन्या रिद्धि - बड़े काम की प्यारी गाय (कविता) जय सिंह - सर सर उड़ी पतंग तनुष - विनती (कविता) कक्षा उदय आर्या सहाय - जागो प्यारे हुवा सवेरा (गीत)कक्षा पंचम अंजनी कुमारी - कबीर की साखियां । मौके पर लाल बहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधेश्याम मिश्र, ममता त्रिपाठी, सुरेश ठाकुर, नीलम अंबासट्टा, अभिनय कुंभकार, रेनू गुप्ता, गीता कुमारी गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्म प्रकाश प्रसाद, आलोक कुमार पांडे, फूलचंद सिंह, पूनम गुप्ता, कपिल देव प्रमाणिक, रवि कांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविंद्र कुमार पांडे, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, प्रवीण यादव, रूपेश सिंह ,अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी , शिल्पा पाठक मौजूद रहे।

## संदेहास्पद स्थिति में बच्ची का शव बरामद

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में चौथी क्लास की एक छात्रा का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद हुआ है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। इसके बाद बच्ची की हत्या कर उसके शव को फेंक दिया गया है। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने बताया है कि उनकी बच्ची शुक्रवार की रात से ही गायब थी। आसपास खोजने के बाद भी बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच शनिवार को पता चला कि बच्ची का शव घर से कुछ दूर पर स्थित पेड़ के पास पड़ा हुआ है। घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि उन्हीं की बच्ची का शव पेड़ के नीचे है। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा। उन्होंने कहा कि इस घटना में जो भी शामिल होगा, पुलिस जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज देगी।

## पत्रकार संघ के बैठक में कई प्रस्ताव पारित

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप शनिवार को पत्रकार संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता गंगा प्रसाद व संचालन तुलसी यादव ने किया। बैठक में पत्रकार संघ को मजबूत करने के साथ प्रत्येक माह नियमित रूप से बैठक करने का प्रस्ताव पारित करते हुए प्रखंड के ज्वलंत मुद्दों को उठाने, सांसद, विधायक व अधिकारियों को जन सरोकार के जन समस्या से अवगत कराने के साथ कई निर्णय लिया गया। बैठक में पत्रकार लक्ष्मण दांगी, संतोष कुमार, रवि प्रियदर्शी, घनश्याम कुमार दास, मो.कुदूश आलम, संजय दांगी आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को किया गया कानूनी रुप से जागरूक

**कान्हाचट्टी(चतरा)।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र के बेंगोकला पंचायत में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव प्रज्ञा वाजपेई के निदेर्शानुसार कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाओं के साथ बाल मजदूरी उन्मुलन कानून की जानकारी देकर कानूनी रुप से जागरुक किया गया। शिविर में पीएलवी पिंटू रविदास व अशोक यादव के साथ भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## नाबालिग के अपहरण मामले में आरोपी गया जेल

**गिद्धौर(चतरा)।** नाबालिग किशोरी के अपहरण के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जहां जेल भेज दिया। वहीं पीड़ित किशोरी को न्यायालय में बयान कराने व स्वास्थ्य परीक्षण कराने के उपरांत सुरक्षीत पुर्नवास को लेकर जिले के बाल कल्याण समिति को सौंपी गई। थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने बताया कि आरोपी हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंहपुर निवासी प्रीतम दास का पुत्र चंदन कुमार 20 वर्ष है। इस मामले में किशोरी की मां ने थाना में आवेदन देकर अपहरण का आरोप लगाते हुए बताया था कि बच्ची मंदिर पूजा करने को लेकर निकली थी। इसी क्रम में युवक ने उसे अपहरण कर लिया। आवेदन के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी युवक को थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर चौक से गिरफ्तार कर न्यायलय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## मनिका के समाजसेवी ने अपने दादा की स्मृति में खुलवाया पनशाला



**लातेहार।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के समीप दिन शनिवार को पचफेड़ी चौक के शिव मंदिर के प्रांगण में समाजसेवी और शिक्षक लाली गांव निवासी नरेश यादव ने अपने दादा स्व० मुरत यादव के स्मृति पर पनशाला का किया उद्घाटन। पनशाला का मुख्य अतिथि बली प्रसाद यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। पनशाला उद्घाटन के मौके पर बली यादव ने कहा कि प्रचंड गर्मी की शुरूआत हो गई है। ऐसे में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा धर्म एवं कर्म है विशेष कर तब जब अपनों की याद में ऐसे पुनीत कार्य किया जाता है। यादव ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में रोजाना ग्रामीण क्षेत्र से लोग आते हैं हमारे क्षेत्र के लोगों के पास इतना पैसा नहीं रहता है जो इस गर्मी में पानी का बोतल खरीद कर पी सके।

## झामुमो ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारियातु गांव के ग्रामीणों के साथ शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा व संचालन मुखलाल भोक्ता ने की। बैठक में उपस्थित लोगों को पार्टी कार्यकताओं ने संगठन मजबूती सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दिया। साथ ही अधिक से अधिक महिला व पुरुष को सदस्य बनाने का निर्णय लेने के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया गया। साथ ही राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

## मूरत यादव सशिविमं में विदाई समारोह

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में अष्टम कक्षा के भैया एवं बहनों की विदाई समारोह का आयोजन प्रधानाचार्य अवनीकांत पाठक के नेतृत्व में किया गया । इस दौरान कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुरूआत की गई ।मौके पर भैया बहनों ने एक से बढ़कर एक गीत नृत्य प्रस्तुत किए। इस दौरान अष्टम वर्ग के भैया बहनों ने अपने अभिभाषण मैं विद्यालय एवं शिक्षक शिक्षिकाओं से जुड़ी यादें को बोल भाऊ हो गए। मौके पर अतिथि शैलेश सिंह, दशरथ पासवान, प्रधानाचार्य अवनी कांत पाठक शिक्षक दीपक कुमार, ब्रज भूषण कुमार आदि मौजूद थे।

## मां भद्रकाली मंदिर में महा प्रसाद का वितरण



**इटखोरी(चतरा)।** जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध व ऐतिहासिक माता भद्रकाली मंदिर परिसर के अखंड हरि कीर्तन मंडली में सहयोगी सदस्यों की संख्या 102 होने पर शनिवार को इक्यावन किलो बेसन व घी के लड्डू के भोग बजरंग बली को लगाया गया। उसके बाद महाप्रसाद का वितरण सदस्यों व श्रद्धालुओं के बीच किया गया। वरिष्ठ सदस्य सीताराम सिंह ने बताया कि अखंड कीर्तन पूर्व विधायक रामलखन सिंह और हम जैसे कुछ वयक्तियों प्रारंभ किया था। उस वक्त सहयोग राशि तीन सौ रुपयों से सुरु हुवा पर आज श्रद्धालु हजारों रुपयों का सहयोग देकर अखण्ड कीर्तन में सहयोग कर रहे हैं। आज सभी दानदाताओं व सदस्यों के सहयोग से ही माता भद्रकाली मन्दिर प्रांगण में अखंड हरि कीर्तन लगभग बाईस वर्षो से किया जा रहा है। इस अवसर पर अखंड हरि कीर्तन समिति के अध्यक्ष शिवसेवक सिंह, लक्ष्मी सिंह, पूर्व मुखिया श्याम सिंह, दुलार हजाम, योग गुरु शंकर चन्द्रवंशी, भाजपा के मृत्युंजय सिंह, ओम सिंह, अनिल सिंह, शिवकुमार सिंह व सदस्यों के साथ क्षेत्र लोग शामिल थे।

## ओबीसी मोर्चा की बैठक

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण मांग को लेकर शनिवार को ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में कार्य समिति का बैठक संपन्न हुआ। बैठक का शुभारंभ सर्वप्रथम दिनदयाल उपाधयाय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समीप द्वीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रखंड प्रभारी तपेश्वरी देवी, मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, जिला मंत्री ब्रजमोहन राम मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित भाजपाईयों को संबोधित करते हुए ओबीसी जिला उपाध्यक्ष देवनन्दन प्रसाद ने कहा कि लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण में झारखंड सरकार ध्यान नहीं दे रही है। जबकि केंद्र सरकार द्वारा ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया है।

**विरोध** | **अनिता देवी से ग्रामीणों ने की शिकायत, जिप उपाध्यक्ष ने दी चेतावनी**

# सड़क निर्माण में गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई तय

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत धाधु पंचायत के हेमपुर ग्राम में लातेहार जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने सड़क निर्माण कार्य की जांच की। बता दें कि मकैया टांड़ - हेमपुर- मुड़गांव पथ 4-5 किलोमीटर निर्माण कार्य का निम्न स्तर से निर्माण कराए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने उपाध्यक्ष से किया था जिसके बाद उपाध्यक्ष महोदया ने ग्रामीणों की शिकायत का गंभीरता से लेते हुए निर्माण स्थल पर पहुंच गुणवत्ता की जांच की। जिसमें कई अनियमितता पाए। मौके पर उपाध्यक्ष महोदया ने बताया कि यह सड़क पर अलकतरा की मात्रा बहुत कम है और सड़क की पिचिंग की मोटाई भी कम है। जो योजना के प्राक्कलन राशि के अनुरूप नहीं है। मौके पर श्री महोदया ने विभाग के अभियंता से बात कर गुणवत्ता पर सवाल उठाए और कई दिशा निर्देश दिए।

**लातेहार डीडीसी ने कहा**

शिकायत मिलने पर सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच के लिए अभियंता को निर्देशित किया गया है। अगर प्राक्कलन राशि के अनुसार काम नहीं हुआ हो तो करेंगे कार्रवाई।





मौके पर ग्रामीणों ने सड़क के गुणवत्ता का विरोध किया है और सड़क के किनारे संवेदक द्वारा बनाया गया गार्डवाल पर भी सवाल उठाया है।

NEWS इन ब्रीफ

### अंचल कार्यालय का ऑपरेटर निकला कोरोना पॉजिटिव , मचा हड़कंप

**भंडरा।** प्रखंड में काफी समय के बाद कोरोना ने दस्तक दी है । शनिवार को अंचल कार्यालय में नए मरीज मिलने के बाद कार्यालय सहित क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। दूसरी ओर आंचल कार्यालय के ऑपरेटर के कोरोना संक्रमित होने के बाद उसके संपर्क में आने वाले अन्य कई लोगों को भी कोरोना संक्रमण की संभावना बढ़ गई है। कोरोना का एक नए मरीज मिलने की खबर फैलते ही कार्यालय के कर्मियों मे भय का माहौल है और अधिकांश कर्मी समय से पहले घर निकल गये। भंडरा अंचल कार्यालय में पदस्थ एक ऑपरेटर की जांच रिपोर्ट पॉजीटिव आई। बताया जा रहा है पॉजीटिव आने के पूर्व तक ऑपरेटर कार्य कर रहा था और लगातार वह लोगों के संपर्क में था। दोपहर तीन बजे तक यह खबर पूरे कार्यालय में फैल गई।

### मो.आदिल को मिला रोजगार मेले में रोलवे की नियुक्ति पत्र

**बानो।** बानो प्रखंड के बानो निवासी मो आदिल जैदी को रांची में आयोजित रोजगार मेला में रेलवे का नियुक्ति पत्र मिला सरकार द्वारा आयोजित रोजगार मेला में रांची स्थित दरभंगा हाउस सीसीएल रांची में आयोजित की गई थी जिसमें बानो निवासी मो आदिल जैदी को प्रथम चयन में भारतीय रेलवे के लेबल -5 के अंतर्गत गुड्स ट्रेन के मैनेजर पद पर चयन किया गया है। इस पद के लिये रोजगार मेला में चक्रधरपुर डिवीजन के डीआरएम अरुण राठौर के हाथों नियुक्ति पत्र मिला। आदिल जैदी का चयन झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट स्तर के समाहरणालय संवर्ग में निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर भी चयन हुआ है। मो. आदिल जैदी अपने सफलता का श्रेय अपने परिजनों व गुरुजनों को दिया है।

### जंगलों को आग से बचाव के लिए किया जागरूक

**लोहरदगा।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार के वन अग्नि सुरक्षा के लिए जागरूकता कार्यक्रम के तहत किस्को प्रखण्ड क्षेत्र के पाखर पंचायत अन्तर्गत वन परिसर पाखर झोंकपानी में शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोहरदगा वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार,एवं मुखिया फुलमनी देवी मौजूद थे। कार्यक्रम में लोगो को जंगल में आग नही लगाने,एवं जंगलों को बचाने, अधिक से अधिक पौधा लगाने के लिए जागरूक किया गया। मौके पर लोगो को कहा गया है जंगल में चलते समय बीड़ी, सिगरेट को जलते हुए नही फेंकना चाहिए क्योंकि अक्सर जंगलों में आग लगने का प्रमुख कारण यही है।इसके साथ-साथ यदि जंगल में कहीं आग दिखे तो उसकी सूचना अग्निशमन विभाग के साथ-साथ वन विभाग व पुलिस विभाग को देते हुए तत्काल सूचित करें। जंगल मे महुआ चुनने के दौरान अक्सर आग लगा दिए जाते हैं, जिससे पेड़ पौधा के अलावे पशु पक्षियों को भी नुकसान होते हैं।

### शिक्षिका दुलारी केरकेट्टा के विदाई समारोह में विधायक हुए शामिल

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत संत अर्नाल्ड उच्च विद्यालय तुरबुंगा में आयोजित अनुमोदन पर धन्यवादी कार्यक्रम तथा शिक्षिका दुलारी केरकेट्टा के विदाई समारोह में बतौर अतिथि कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी शामिल हुए। विधायक ने कहा कि हमारे मिशनरी विद्यालयों ने इस क्षेत्र में शिक्षा के अलख जगाने में अहम भूमिका निभाए हैं। हमारे ग्रामीण क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा हुआ करता था लेकिन मिशनरी विद्यालयों ने ही शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया तथा क्षेत्र के सभी वर्गों और सभी जातियों के लोगों के लिए काम किया और अब तक करते आ रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उड़ीसा से आए हुए एस वी डी समाज के डायरेक्टर फादर किशोर कुजुर, राउरकेला विशप के सी थोमस, आदि उपस्थित थे।

# हादसों से भरा रहा शनिवार, तीन लोगों की मौत; कई हुए घायल





**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा जिले में लगातार रफ्तार का कहर रुकने का नाम नहीं ले रहा है सड़क हादसे की वजह से प्रत्येक दिन अलग-अलग जगहों पर लोगों की जान जा रहे इसके बावजूद किसी प्रकार के लोगों में जागरूकता दिखाई नहीं दे रही है शनिवार को भी सिमडेगा में दिनभर हादसों का शनिवार रहा जहां पर अलग-अलग जगहों पर 3 लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई जबकि कई लोग घायल रहे पहला मामला रेंगारिह थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघचट्टा के पास की है जहां पर सड़क हादसे में 26 वर्षीय नेल्सन केरकेट्टा नामक युवक घायल हो गया है जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां पर इलाज के क्रम में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्नी ने बताया कि वह किसी काम की वजह से घर से निकला था और इसी बीच बाघचट्टा स्कूल के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया एवं इलाज के क्रम में मौत हो गयी। इधर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया वहीं दूसरी भीषण हादसा मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत तामड़ा के पालामाड़ा नदी के पास की है जहां पर 5 स्कूली छात्र कार सहित सड़क से तीव्र गति में नियंत्रण खोकर खेत में जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय राहगीरों एवं पुलिस की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा पांच घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।

जहां पर इलाज के क्रम में संत मैरी स्कूल सामटोली के छात्र अनीस केरकेट्टा की मौत हो गयी वही इसके अलावा साजन यादव, विवेक कुमार, चंद्रकांता राम, साहिल साहू को चोट लगी जी ने सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाज कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने घायलों की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए राजधानी रांची रेफर कर दिया।

इधर राजधानी रांची ले जाने के क्रम में दूसरा गंभीर रूप से घायल विवेक कुमार की भी मौत हो गई बताया गया कि वह भी संत मेरिज स्कूल का छात्र था। इसके अलावा तीन अन्य साथियों की इलाज राजधानी रांची में चल रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कुंज नगर निवासी पूर्व वार्ड पार्षद रामजी यादव का पुत्र साजन यादव अपने घर से कार लेकर अपने साथियों के साथ तामड़ा तरफ घूमने के लिए निकला लेकिन इसी बीच नदी के पास पहुंचते ही उनका कार नियंत्रण खो बैठा और सड़क से नीचे जाकर पलट गई कटनी की वजह से कार के अंदर दबे रहे और उन्हें निकालकर सदर अस्पताल लाया गया।

### शिक्षा विभाग सदर अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवार का जाना हालचाल

**इधर** स्कूली छात्रों की सड़क हादसे में घायल होने की सूचना के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन जी झा, जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचे उन्होंने सभी घायलों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही इसके अलावा पीड़ित परिवार से मुलाकात करते हुए ढाढस बढ़ाया।

### एंबुलेंस को लेलर दिखी लापरवाही

**सिमडेगा** में हुए भीषण हादसे की बीच अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह से संवेदनहीन हो गया है। सड़क दुर्घटना में घायल छात्र के परिजन और अन्य कई लोग भी घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची भेजने के लिए परेशान थे लेकिन एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो पा रहा था अस्पताल परिसर में ही एक एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस खड़ा नजर आ रहा थी उसके बावजूद अस्पताल के कर्मी कुछ भी जवाब नहीं दिया। इस दौरान मरीज के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन एवं एंबुलेंस समय पर नहीं मिलने की बात को लेकर काफी नाराजगी व्यक्त की हालांकि इसके बाद अर्जुन मुंडा किस वजह से मिले एंबुलेंस एवं 108 एंबुलेंस तथा एक निजी एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को राजधानी रांची भेजा गया।

### विकास समन्वय की जिलास्तरीय हुई बैठक, उपायुक्त बोले

# एथलेटिक्स/कुश्ती हॉस्टल का निर्माण होगा शीघ

### आवासीय विद्यालय में विषयानुसार रिक्त शिक्षकों के पदों को भरने का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को विकास समन्वय की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, वीर शहीद पोटो खेल विकास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), म्युटेशन, प्रमाण-पत्र, भूअर्जन, कोविड-19 टीकाकरण, एससीए अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, आवासीय विद्यालयों में नियुक्यिां जिला प्रशासन और आईएचएम, रांची एवं झारखंड टूल रूम के साथ एमओयू अंतर्गत कोर्स कर रहे युवक-युवतियों के नियोजन की स्थिति, पेयजल अंतर्गत जल जीवन मिशन की कार्य प्रगति समेत अन्य विभागों के प्रगति की समीक्षा की गई व आवश्यक निदेश दिये गये। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को मनरेगा अंतर्गत श्रमिकों का मजदूरी एक सप्ताह के अंदर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण करने का निदेश दिया गया। वीर-शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में स्टेडियम निर्माण कार्य पूर्ण करते हुए पेमेंट भुगतान पूर्ण करने का निदेश दिया गया। मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत विभिन्न विभागों को मिले लक्ष्य व उसके विरूद्ध पूर्ण योजनाओं की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में पेमेंट का फर्स्ट इंस्टॉलमेंट और सेकेंड इंस्टॉलमेंट के बीच अंतर और आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले लाभुकों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को भुगतान का कार्य किये जाने का निदेश दिया गया। जमीन के म्यूटेशन (30 दिन से अधिक व 90 दिन से कम) संबंधित मामले की समीक्षा की गई व निष्पादन के निदेश दिये गये। जाति/आवासीय प्रमाण-पत्र के आवेदनों को पांच दिन के अंदर पूर्ण रूप से निष्पादित किये जाने के निदेश दिये गये। भू-अर्जन अंतर्गत बाईपास रोड हेतु भूमि अधिग्रहण कार्य की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा को आयुष्मान भारत कोष से जिला के सदर अस्पताल परिसर अवस्थित पीएसए प्लांट हैण्डलिंग के लिए ऑपरेटर नियुक्त किये जाने का निदेश दिया गया। प्रभारी सिविल सर्जन को सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत चिकित्साकर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में कोविड टीकाकरण के दूसरे डोज के प्रगति की समीक्षा की गई। एससीए अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों के मरम्मति के संबंध में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से एक सप्ताह के अंदर सत्यापन करा लिये जाने का निदेश जिला योजना पदाधिकारी को दिया गया। सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को मतदाता सूची के आधार पर पेंशनधारियों की सूची से संबंधित सैचुरेशन सर्टिफिकेट छूटे हुए प्रखंड किस्को व सदर एव सदर अंचल से प्राप्त कर लिये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, जिस प्रखंड में पेंशनधारकों की संख्या वास्तविक योग्य जनसंख्या से अधिक है उस संबंध में अभियान चलाकर सूची का सत्यापन किये जाने का निदेश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय और नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय में विषयानुसार रिक्त शिक्षकों के पदों को भरे जाने के संबंध में अग्रेतर कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सभी प्रखंड समन्वयक पीएमएवाई समेत अन्य उपस्थित थे।

# परेशान : ग्रामीण क्षेत्र में जलमीनार खराब

### लोगों के समक्ष पेयजल का भीषण समस्या

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
भीषण गर्मी से परेशान ग्रामीण अब अप्रैल माह में ही पेयजल संकट से जूझने को विवश है। सुदुर्वती ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो को पेयजल के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश जलमीनार खराब पड़ा है। शिकायत के बावजूद प्रसाशन द्वारा दुरुस्त नही किया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू, मुर्कीतोड़ार, भड़गांव, अलौदी, उगरा, झलजमीरा, अरु, बदला सहित अन्य सभी पंचायतों में पंचायत जनप्रतिनिधियों और पेयजल स्वस्छ्ता विभाग द्वारा लगाये गये जलमिनार खराब पड़ा हुआ है। अधिकतर जलमिनार महीनों से तो कुछ वर्षो से खराब पड़ा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग पेयजल समस्या को लेकर गुहार लगते लगाते थक चुके हैं। लेकिन प्रसाशन लोगो की समस्याओं पर कोई दिलचस्पी नहीं ले रहा है। जनप्रतिनिधि संवेदनहीन बने हैं। चौदहवें वित्त की राशि से पंचायत में खराब पड़े जलमिनारो को दुरुस्त कराने की योजना है। परंतु जलमीनार लगने के कुछ दिन बाद ही खराब हो जाता है। सालों से खराब जलमीनार को मरम्मत कराने का किसी को कोई दिलचप्पी नही है। पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा लगाया गया जलमिनार अधिकांस जगहों पर एक बार खराब पड़ा है। मरम्मत के अभाव में काफी कई चापाकल और जल मीनार बेकार हो गए हैं। वर्तमान में तेज गर्मी से अधिकांश नदी, कुआं और तालाब सुख गए हैं। ऐसे में ग्रामीण पानी के लिए इधर उधर भटकने को मजबूर हैं। चितरी डांडू पंचायत के वार्ड नम्बर दो का वार्ड सदस्य माधुरी उरांव ने बताया कि करीब 6 वर्ष पहले बना जलमीनार लगभग 3 वर्षों से खराब है। लोग दूर कुआं से पानी पीकर प्यास बुझाते हैं। मुर्कीतोड़ार पंचायत अन्तर्गत मध्य विद्यालय चौकनी के समीप जलमीनार खराब पड़ा हुआ है। भड़गांव पंचायत के पारही और बिसाहाटोली में लगभग साल भर से जलमीनार खराब है। जिसे लोग नदी और कुआं से पानी पी कर प्यास बुझा रहे हैं। वही ग्रामीणों का कहना है। कि पंचायत के जनप्रतिनिधियों को जलमीनार मरम्मत के लिये बोले लेकिन कोई फायदा नही हुआ। बहुत गांवों में सफ्लाई पानी नही होने के कारण लोगो को शुद्ध जल नही मिल पा रहा है। जिससे पानी के लिये ग्रामीण क्षेत्र में हाहाकार मचा है। वही ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है। जनप्रतिनिधि या प्रशासन द्वारा मरम्मत कराया जाता तो आज के भीषण गर्मी में पानी का समस्या नही होता। पानी की समस्या को लेकर कोई दुख दर्द सुनने वाला नहीं है। सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश गांवो में चापाकल एवं जलमीनार भी खराब पड़ा हुआ दिखाई देता है। जिसे लोग नदी, तालाब या जलाशय का दूषित पानी पीने को विवस हैं।



# मोमिनो, वंचितों के मसीहा थे आसिम बिहारी : मुमताज



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मौलाना अली हुसैन आसिम बिहारी का जन्म बिहार शरीफ में 15 अप्रैल 1890 को हुआ था आज उनके यौमे पैदाइश के मौके पर लोहरदगा मोमिन कॉन्फ्रेंस मोमिन भवन में उन्हें हाजी सिकंदर जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनाब सहादात हुसैन के मार्गदर्शन में आंजहानी आसिम बिहारी को याद करते यौमे पैदाइश मनाया गया और उनके चित्र पर गुलपोशी की गई। मौके पर जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रवक्ता मुमताज अहमद ने उनके जीवन पर रौशनी डालते हुए कहा की मौलाना आसिम बिहारी बचपन से ही काफी जहीन प्रवृत्ति के छात्र थे उन्होंने अपने आसपास गरीबी, बेरोजगारी, जातिवाद, अंग्रेजों का सितम को भांप लिए वे कुछ बड़े हुए तो कलकता का रुख किए और उन्होंने मोमिनों, दलितों के आवाज बन कर उभरे इसी कड़ी में देश की आजादी की लड़ाई में उन्होंने मौलाना आजाद, गांधी जी, नेहरू जी के संपर्क में आए और देश की आजादी, गरीबों पिछड़ों मोमिनों के हक हुकूक की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई अल्लाह उन्हें जन्नत नसीब अता करे और आज की परिस्थिति में इसे महान विभूतियों की जीवनी को आगे लाने की जरूरत है तभी उनके प्रति सच्ची अकीदत होगा। मौके पर शहादत हुसैन, सवारत हुसैन, मो. इजहार, महबूब आलम, कारी अलीमुद्दीन, मो. शमशाद आदि उपस्थित थे।

### प्रचंड गर्मी से कैरो क्षेत्र का जनजीवन अस्त व्यस्त

**कैरो।** मौसम के बेरुखी और बढ़ती प्रचंड गर्मी से प्रखंड क्षेत्र के जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।सुबह दस बजे से लेकर तीन बजे दिन तक तो चौक चौहरो में सन्नाटा छाया रहता है,गर्मी के मारे लोग अपने अपने घरों में दुबके रहते हैं, बढ़ती गर्मी से नदी नाले, कुआं, तलाब, डोभा आदि जलाशयों का पानी सूख रहा है वही दूसरी ओर खेती किसानी करने वालो, पशु पक्षी, मवेशियों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी से खासकर रोजेदारों को खासे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आज कल लगातार गर्मी बढ़ रही है शुक्रवार को कैरो क्षेत्र में तापमान 37 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुकी है इसी रफ्तार में गर्मी बढ़ती रही तो आने वाले दिनों में क्षेत्र के लोगो को अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। रोजेदारों का कहना है कि सुबह सवा चार बजे से लेकर शाम सवा छः बजे तक भूखे प्यासे रहना पड़ता है, हम रोजेदारों को भूख का तो एहसास नही होता है।

# 29 को होगा राजद का कार्यकर्ता सम्मेलन

### सम्मेलन में मंत्री सत्यानंद भोक्ता व राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मेहता की अगुवाई में शुक्रवार को सांगठनिक पहलुओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की गयी। प्रदेश नेतृत्व से सहमति मिलने के बाद 29 अप्रैल 2023 को राजद जिला समिति द्वारा भव्य और विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। शहर के गुदरी बाजार स्थित मुद्रिका बैंक्वेट हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा। मौके पर राजद जिला अध्यक्ष सुनील मेहता ने कहा कि, राजद संगठन के लिए यह कार्यकर्ता सम्मेलन महत्वपूर्ण और कारगर साबित होगा। कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के काबीना मंत्री सत्यानंद भोक्ता और राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव भागीदारी निभाएंगे। दोनों अतिथियों द्वारा स्थानीय राजद संगठन के नेता कार्यकर्ता और समर्थकों को मार्गदर्शन देकर दिशा निर्देश दिया जायेगा। संगठन को धारदार और मजबूत बनाने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाएगी। कहा कि, कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रखंडवार राजद नेताओं को प्रभारी बनाकर उन्हें दायित्व दिया गया है। बड़ी संख्या में लोहरदगा जिले के विभिन्न प्रखंडों से राजद कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित होकर भागीदारी निभाएंगे। बैठक में राजद के वरीय नेता हीरालाल गुप्ता, कयूम खान, दशरथ साहू, श्रवण तिर्की, अलता बालम, सोमा उरांव, विशेश्वर लोहरा अंजू देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

### पत्थर से कुचलकर 32 वर्षीय व्यक्ति की हत्या

**केरसई।** केरसई थाना क्षेत्र अंतर्गत पाकर टोली गांव में पत्थर से कुचलकर 32 वर्षीय व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी गई। व्यक्ति की पहचान पाकर टोली निवासी प्रमोद महतो के रूप में हुई। घटना की सूचना थाना प्रभारी को दी गई जिसके बाद थाना प्रभारी अंशु कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे एवं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजा थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों के अनुसार वह शुक्रवार को दोपहर से घर से गायब था। उसके बाद अचानक शनिवार की सुबह उसका शव देखा गया।

### व्यवस्था | दो ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, नीरू शांति भगतू ने कहा

# जन समस्याओं के निपटारे में आजसू है आगे

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
कुडू प्रखंड के सुन्दरू पंचायत के आदिवासी और मुस्लिम बस्ती में विद्युत विभाग द्वारा लगाया गया 25 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन शनिवार को आजसू के लोहरदगा विधानसभा प्रभारी सह पूर्व आजसू विधायक स्व. कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत ने समर्थकों के साथ गर्मजोशी से किया। उल्लेखनीय है कि, लगभग दो माह से सुंदरू पंचायत के दो आबादी वाले बस्ती के ग्रामीण अंधेरे में थे। ग्रामीणों ने विद्युत व्यवस्था बहाल करने के लिए जनप्रतिनिधियों और विद्युत विभाग से कई बार फरियाद लगाया। पर, उनकी नहीं सुनी गई। इस मामले पर सुंदरु के ग्रामीणों ने आजसू के नीरू शांति भगत से विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने के लिए पहल करने का आग्रह किया। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए नीरू शांति भगत ने तत्काल पहल किया। विद्युत विभाग से संपर्क कर विद्युत ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कराया। इधर, सुंदरू पंचायत के आदिवासी और मुस्लिम बस्ती में ट्रांसफार्मर लग जाने से विद्युत व्यवस्था बहाल हो गई। इसके लिए दोनों गांव के ग्रामीणों ने नीरू शांति भारत के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आजसू लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने कहा कि, ग्रामीणों के जनहित की समस्या का प्राथमिकता पर निपटारा कराया जाएगा। कहा उनके पति स्व कमल किशोर भगत जन समस्याओं के निपटारे के लिए हमेशा संवेदनशील रहते थे। इस मौके पर आजसू कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, जिला उपाध्यक्ष रमेश बैठा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता साहू, हेमंती देवी समेत बड़ी संख्या में आजसू समर्थक ग्रामीण मौजूद थे।



### अवैध बालू लदा हुआ ट्रैक्टर का ब्रेक फेल

# रिक्शाचालक को टक्कर मारकर किया घायल

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा सदर अस्पताल गेट के पास शनिवार को सुबह 11:00 बजे अवैध बालू लदा हुआ ट्रैक्टर का ब्रेक फेल होने की वजह से सड़क पर जा रहे रिक्शा चालक को जोरदार टक्कर मारते हुए ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।टक्कर में रिक्शा चालक मनोज प्रसाद घायल हो गए जिन्हें तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया गया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पालामड़ा नदी से अवैध बालू का उठाव करा रहे ट्रैक्टर का सदर अस्पताल गेट के पास ब्रेक फेल हो गया वहीं सड़क में आगे की ओर जा रहे गन्ना जूस बेचने वाले मनोज प्रसाद को गन्ना रिक्सा सहित अपने चपेट में लेकर सदर अस्पताल के गेट पर जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इधर मनोज को चोट लगी है जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रही है।



# फास्टैग ने बदली हाईवे के टोल बूथ की सूरत

## फास्टैग से टोल कलेक्शन 58 प्रतिशत बढ़ा




**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल कलेक्शन के लिए फास्टैग सिस्टम लागू होने के बाद टोल बूथ से कमाई 58% से ज्यादा बढ़ी है। 2017-18 में कुल टोल कलेक्शन 21,948 करोड़ रुपए था। तब 16% वाहनों में ही फास्टैग था। 2021-22 में 96% वाहनों में फास्टैग लगने के बाद यह बढ़कर 34,778 करोड़ रुपए हो गया। 2022-23 में यह और बढ़कर 50,855 करोड़ रुपए हो गया। देश में सबसे ज्यादा 104 टोल राजस्थान में हैं। हालांकि, कलेक्शन में उप्र आगे है। 2022 में यहां 90 बूथ से 3,949 करोड़ रुपए कलेक्शन हुआ। राजस्थान में यह राशि 3,491 करोड़ रुपए रही। पहले टोल बूथ पर एक गाड़ी को औसत 8 मिनट लगते थे। फास्टैग के बाद समय घटकर 47 सेकंड रह गया है। अब सरकार ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (अठढफ) सिस्टम लागू करने जा रही है। इसमें वेटिंग टाइम शून्य रह जाएगा। यानी गाड़ी को बूथ पर रुकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। केंद्रीय सड़क यातायात और राजमार्ग मंत्रालय के मुताबिक, दिल्ली-मेरठ रूट पर अठढफका पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है। ऋढर आधारित टोल सिस्टम पर भी विचार जारी है। अखिल भारतीय ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के पदाधिकारी विजय कालरा कहते हैं कि सभी ट्रांसपोर्टर नए सिस्टम के लिए तैयार हैं। सड़क यातायात और राजमार्ग मंत्रालय का कहना है कि अठढफसिस्टम के बाद सालाना टोल कलेक्शन बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा। 2022 में उसे टोल के जरिए 50 हजार करोड़ मिले थे। यानी एक ही साल में कलेक्शन तीन गुना हो जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ठऌअक) के देश भर में 865 टोल प्लाजा हैं। राजस्थान में 104 टोल हैं। उप्र में 90, मप्र में 66, आंध्रप्रदेश में 65, महाराष्ट्र में 64, तमिलनाडु में 54 टोल हैं। फास्टैग एक प्रकार का टैग या स्टिकर होता है। यह वाहन की विंडस्क्रीन पर लगा हुआ होता है।

## सोने और चांदी की कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में शानदार तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सराफा बाजार में इस हफ्ते की शुरूआत, यानी 10 अप्रैल को सोना 60,068 रुपए पर था, जो अब 15 अप्रैल को 60,880 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 812 रुपए बढ़ी है। व्ङखअ की वेबसाइट के अनुसार इस हफ्ते चांदी में 2 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। इस हफ्ते की शुरूआत में ये 73,856 रुपए पर थी जो अब 75,869 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 2,013 रुपए बढ़ी है। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, सोने में 2020 से शुरू सुपर साइकिल अब भी जारी है। इस साल सोना 62,000 तक पहुंचने का अनुमान था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में ये 64,000 तक पहुंच सकता है।


**कार्यालय:जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार**
द्वितीय तल्ला, समाहरणालय परिसर, लातेहार
ईमेल–latehar.mdm@gmail.com/mdmltr@yahoo.in

अति अल्पकालीन निविदा संख्या–एम0डी0एम0–01/2023
(जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन कोषांग, लातेहार)
:–आवश्यक सूचना :–

लातेहार जिला अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी योजना के तहत प्रखण्ड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान्न (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखण्डवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता नियुक्ति हेतु दिनांक 22.04.2023 के अपराह्न 2:00 बजे तक जिला के सभी प्रखण्डों के लिये निहित शर्तों के अनुसार निविदा प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन अपराह्न 04:00 बजे अपर समाहर्त्ता, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी। निविदा के नियम एवं शर्तें लातेहार जिला के अधिकृत Website :- www.latehar.nic.in एवं अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
लातेहार।

PR 295169 (Human Resource Developement) 23-24 (D)


## डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर चर्चा

# भारत के विकास की रफ्तार बढ़ी : सीतारमण




**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि डीपीआई में सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों को लाभ पहुंचाने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि भारत पिछले कुछ वर्षों में तेजी से विकास कर रहा है और कुशल योगदान दे रहा है। आईएमएफ द्वारा आयोजित भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर-ट्रैकिंग अप द बेनिफिट्स पर बोलते हुए, निर्मला सीतारमण ने कहा कि डीपीआई कई व्यापक और कठिनाइयों का मुकाबला करने के लिए बेहतर अनुकूल है। उन्होंने कहा कि मुश्किल समय में यह निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों के लिए मददगार है। साथ ही आर्थिक समस्याओं से निपटने से देश के विकास की गति बदल सकती है। डीपीआई में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से कुशल, नई और बेहतर सेवा की दिशा में योगदान दिया है। आईएमएफ के कार्यक्रम में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि डिजिटल पहचान और भुगतान ने लोगों का जीवन आसान बना दिया है। पिछले कुछ समय में कारोबार आसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि डेटा ने भारत के शासन के शासन को बेहतर बनाने में मदद की है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि डीपीआई ने 650 मिलियन लोगों को सहायता प्रदान की है, जिनके खातों में सीधे 322 बिलियन डॉलर प्राप्त हुए हैं। इससे केंद्र सरकार की योजनाओं और सेवाओं में 27 अरब डॉलर से ज्यादा की बचत हुई है। वाशिंगटन डीसी में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के फायदों के बारे में बताते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि डीपीआई की वजह से लोन प्रोसेसिंग कॉस्ट में 75 फीसदी की कमी आई है।

## स्कोडा स्लाविया एनिवर्सरी और कुशक लावा ब्लू एडिशन लॉन्च

**नई दिल्ली।** चेक रिपब्लिकन कार मैकर कंपनी स्कोडा ने भारत में सेडान सेगमेंट में स्लाविया का एनिवर्सरी एडिशन और मिड साइज रवश में कुशाक का ब्लू एडिशन लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने स्लाविया एनिवर्सरी एडिशन को एक्स शोरूम कीमत 17.27 लाख रुपए पर पेश किया है, जबकि कुशाक लावा ब्लू एडिशन को 17.99 लाख रुपए की एक्स शोरूम कीमत पर लॉन्च किया है। स्कोडा की ये दोनों ही मॉडल अपने-अपने सेगमेंट की सबसे सेफ कार में से एक हैं। दोनों ही मॉडल को अपडेटेड ग्लोबल एनसीएपी क्रैश टेस्ट में 5-स्टॉर सेफ्टी रेटिंग दी गई है। इन स्पेशल एडिशन में 1.5-लीटर का टर्बो पेट्रोल इंजन का ऑप्शन दिया गया है, जो बीएस6 फेज-2 नॉर्म्स के अनुसार अपडेट किया गया है। इससे अब ये कारें ए-20 फ्यूल पर दौड़ेंगी। ये इंजन 150एचपी की पॉवर और 250ठे पीक टार्क जनरेट करता हैं। इस इंजन के साथ 6-स्पीड मैनुअल और 7-स्पीड डुअल-क्लच ऑटोमैटिक गियरबॉक्स की ऑप्शन दिया गया है। दोनों ही कारें स्पेशल एडिशन में नया लावा ब्लू कलर ऑप्शन के साथ अवेलेबल हैं। कंपनी ने इस कार को टॉप-ऑफ-द-लाइन स्टाइल वेरिएंट के ऊपर पेश किया है।

## एप्पल की रफ्तार

# भारत में 7.5 अरब डॉलर के आईफोन-आईपैड भेजे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्थानीय मैन्युफैक्च रिंग को बढ़ावा देने के बीच एप्पल ने वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में 7.5 अरब डॉलर मूल्य के आईफोन और आईपैड भेजे। आईएएनएस को प्राप्त से डेटा में यह जानकारी दी गई है। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म सीएमआर द्वारा उपलब्ध कराए गए शुरूआती अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023 में, एप्पल ने देश में 7 मिलियन से अधिक आईफोन और आधा मिलियन आईपैड भेजे, आईफोन शिपमेंट के लिए 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। जैसा कि एप्पल भारत में घरेलू विनिर्माण पर दोगुना हो गया है, इस अवधि में देश में 8 मिलियन से अधिक आईफोन्स की बिक्री के साथ, तकनीकी दिग्गज वित्त वर्ष 23-34 में 6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की संभावना है। इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप, सीएमआर के प्रमुख प्रभु राम ने आईएएनएस को बताया, ‟वित्त वर्ष 22-23 की अवधि में, एप्पल ने साल-दर-साल आईफोन शिपमेंट में दो अंकों की वृद्धि के साथ भारत में अपनी गति में तेजी जारी रखी।‟इस बीच, मार्च तिमाही (वित्त वर्ष 2023 की अंतिम तिमाही) में, आईफोन्स ने देश में 2.1 मिलियन शिपमेंट के साथ 67 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। राम ने कहा, ‟सबसे हाल की मार्च तिमाही में, भारत में उपभोक्ता मांग में एक मजबूत वृद्धि ने आईपैड और आईफोन्स के शिपमेंट को उत्प्रेरित किया। विशेष रूप से, वर्तमान आईफोन 14 सीरीज और पिछले आईफोन 13 लाइन-अप को अधिकांश शिपमेंट के लिए गठित किया गया है। आईफोन 13 सीरीज ने 2023 पहली तिमाही में 48 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की, इसके बाद आईफोन 14 सीरीज 44 प्रतिशत पर रही। पूरे वित्त वर्ष 2023 के लिए, आईफोन 14 सीरीज ने भारत में 36 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी दर्ज की। आगे देखते हुए, एप्पल को भारत में कुछ अनुकूल टेलविंड्स का आनंद मिलता है।

**जर्मनी ने बंद किए अपने तीनों परमाणु पावर प्लांट :** जर्मनी ने शनिवार को अपने तीनों न्यूक्लियर पावर प्लांट बंद कर दिए। सरकार ने इन्हें लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बताया है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

आवश्यक सूचना

(लापता श्वेता देवी उम्र–30 वर्ष)




थाना दैनिकी सनहा सं0–23/023, दिनांक–05.04.2023 में लापता श्वेता देवी उम्र–30 वर्ष, पति–रविन्द्र चन्द्रवंशी, ग्राम–सुदना, थाना मेदनीनगर, जिला–पलामू, राज्य–झारखण्ड, वर्तमान पता–ग्राम परसवान, थाना रमना, जिला गढवा। के रहने वाली हैं। जो दिनांक–04.04.2023 को अपने घर से लापता हैं। उक्त लापता महिला का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता श्वेता देवी उम्र–30 वर्ष, उक्त महिला के बारे में किसी भी को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग गोरी,
लम्बाई– लगभग 5 फीट 4 ईंच।
पहनावा– कथा कलर का साडी

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 295184Police(23-24)#D


# यूक्रेन जंग के लिए रूस को हथियार नहीं देगा चीन



**एजेंसी। बीजिंग**

सालभर से ज्यादा समय से जारी रूस-यूक्रेन जंग को लेकर चीन ने बड़ी बात कही है। चीनी विदेश मंत्री किन गैंग ने कहा है कि उनका देश इस जंग को लेकर निष्पक्ष रहेगा। उन्होंने कहा: हम किसी भी पक्ष को युद्ध में हथियार मुहैया नहीं कराएंगे और मिलिट्री एसेट्स के निर्यात पर भी रोक लगाएंगे। चीन के विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि वे रूस के साथ अपने दोस्ताना रिश्तों को बरकरार रखेंगे। उन्होंने कहा कि वे भी चाहते हैं कि दोनों पक्षों में शांति स्थापित हो जाए। हालांकि, शांति स्थापना के लिए उन्होंने चीन के प्लान पर कोई बात नहीं की। चीन के विदेश मंत्री किन गैंग की ओर से रूस को हथियार न देने की घोषणा ऐसे समय में की गई जब अमेरिका जैसे पश्चिमी देश लगातार इस बात की आशंका जता रहे हैं कि चीन से रूस को हथियारों की सप्लाई हो रही है। वहीं, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग पिछले महीने ही रूस दौरे पर मॉस्को गए थे। जहां उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मुलाकात की थी। उस मुलाकात में दोनों देशों की दोस्ती के कसीदे पढ़े गए। इधर, अमेरिका के लीक हुए डॉक्यूमेंट्स में ये खुलासा हुआ है कि चीन ने रूस को यूक्रेन जंग के लिए हथियार भेजने के फैसले को मंजूरी दे दी है। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट में सीक्रेट यूएस डॉक्यूमेंट्स को लेकर रिपोर्ट पब्लिश की गई, जिसके अनुसार बीती 23 फरवरी को यह पता चला कि चीन रूस को अन्य साजो-सामान की आड़ में हथियार देने वाला था। रूस को हथियार भेजे जाने के अमेरिकी दावे के बीच चीन के विदेश मंत्री ने कहा है कि चीन यूक्रेन जंग के लिए रूस को हथियार नहीं देगा।

# इंदिरा गांधी के हत्यारे का भतीजा न्यूजीलैंड में धराया



**एजेंसी। ऑकलैंड**

न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारे का भतीजा ड्रग्स तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मार्च 2023 में मनुकाऊ से एक छापेमारी में 328 केजी मेथामफेटाइन बरामद की। ये ड्रग्स बीयर की बोलतों में छिपाकर रखा गया था। छापेमारी में पुलिस ने एक शख्स को भी गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने अपना नाम बलतेज सिंह बताया। जांच में पता चला कि यह सतवंत सिंह का भतीजा है, जिसने ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद 1984 में अपने साथी बेअंत सिंह के साथ मिलकर इंदिरा गांधी की हत्या की थी। बता दें कि इंदिरा गांधी की हत्या से पहले ही साल 1980 में सतवंत सिंह का भाई अपने परिवार के साथ न्यूजीलैंड चला गया था। उन्होंने ऑकलैंड में ग्रोसरी शॉप शुरू की। हालांकि, सतवंत सिंह का भतीजा होने की वजह से ऑकलैंड के स्थानीय गुरुद्वारों में बलतेज को खूब तवज्जो में मिलती थी। न्यूजीलैंड में बलतेज सिंह उनकी प्रॉपर्टी अचानक बढ़ने लगी तो पड़ोसियों को उन पर शक हुआ। बलतेज के पिता रे व्हाइट नाम की एक रियल एस्टेट फर्म के मालिक बन गए। उन्होंने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की कीमत का एक घर भी खरीदा है। न्यूज एजेंसी एएनआइ को सूत्रों ने बताया कि बलतेज सिंह न्यूजीलैंड में भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनों का मास्टरमाइंड है। इसके जरिए वह धनउगाही करता है। फिलहाल वह जेल में है उसके खिलाफ ड्रग तस्करी का केस चल रहा है।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक ............... दिनांक ....................

अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 02/2023–24

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पाईप लाईन जलापूर्ति हेतु पाईप क्रय की आवश्यकता है। सामग्री क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/आपूर्तिकर्ता/संवेदक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 25.04.2023 को 1:00 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते है। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 10,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में e-procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें निगम सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। क्रय हेतु सामग्री निम्नवत् है :–

| Sl. No. | Item | Sl. No. | Item |
|---|---|---|---|
| 1 | Tata Pipe - 1", 1.5" & 2" with Socket | 5 | Union Socket 2" & 1.5" |
| 2 | Elbow - 1", 1.5" & 2" | 6 | Nipple – 6", 9" & 12" |
| 3 | Reducer Socket - 1.5"/2" | 7 | T- 2" & 1.5" |
| 4 | Reducer Socket - 1.5"/1" | 8 | Plug 2" & 1.5" |

ह0/– नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 295168 District (23-24)_D



## अजब-गजब

### बिएट्रिज फ्लैमिनी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, एक हजार लीटर पानी पिया

# 500 दिन अकेले गुफा में रही स्पेन की एथलीट

**एजेंसी। मैड्रिड**

स्पेन के एक 50 साल की एथलीट बिएट्रिज फ्लैमिनी गुफा में 500 दिन बिताने के बाद बाहर आई गई हैं। इसके साथ ही उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। फ्लैमिनी ग्रेनाडा शहर के पास एक गुफा में 230 फीट गहराई में रह रही थीं। इस दौरान उनका बाहर की दुनिया से संपर्क न के बराबर था। बाहर आने के बाद बिएट्रिज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि 500 दिन पूरे होने पर जब उनकी टीम उन्हें लेने आई तो वो सो रही थीं। उन्हें अंदाज ही नहीं था कि उनका लक्ष्य पूरा हो चुका है। फ्लैमिनी ने कहा- मैंने अपनी टीम में बोला कि अभी टारगेट कैसे पूरा हो सकता है। अभी तो मैंने जो किताब पढ़नी शुरू की थी वो खत्म भी नहीं हुई। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिएट्रिज ने बताया कि वो गुफा में एक्सरसाइज, पेंटिंग, ड्रॉइंग और कैप बुनने का काम करती थीं। इसके अलावा उन्होंने 60 किताबें भी पढ़ीं और 1000 लीटर पानी पीया। शुरूआत में वो हर दिन गिनती थीं। लेकिन फिर 65 दिन बाद उन्होंने ऐसा करना छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि दूसरे प्रोजेक्ट्स शुरू करने से पहले वो डॉक्टर के पास जाएंगी जिससे उनके शरीर और दिमाग में आए बदलाव पर स्टडी की जा सके। फ्लैमिनी जब गुफा में गईं तो वो 48 साल की थीं। उन्होंने 20 नवंबर 2021 को इस चैलेंज की शुरूआत की थी। फ्लैमिनी की टीम ने बताया कि उन्होंने सबसे लंबे समय तक गुफा में रहने के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इस टास्क का मकसद इंसान के दिमाग और उसके सुबह जगने से लेकर रात में वापस सोने तक के पूरे प्रोसेस को मॉनिटर करना था। इसे सर्केडियन रिदम कहा जाता है। चैलेंज के दौरान साइकोलॉजिस्ट, रिसर्चर्स, ट्रेनर्स और केव एक्सपर्ट्स की एक टीम फ्लैमिनी की निगरानी कर रही थी। इस दौरान वो ये जानने की कोशिश कर रहे थे कि सोशल आइसोलेशन के दौरान इंसान के दिमाग और नींद के पैटर्न में क्या बदलाव आते हैं। टास्क के बीच में फ्लैमिनी एक बार 8 दिन के लिए बाहर आई थीं। दरअसल, वो एक राउटर के जरिए गुफा के अंदर से ऑडियो-वीडियो भेजती थीं। लेकिन टास्क के बीच में उनका राउटर खराब हो गया।




**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, MEDININAGAR**

E-Procurement Notice (2nd Call)

Very Short E-Tender Notice Reference no. DWSD/SVS/CLUSTER/MED-29/2022-23 Dated : 14-04-2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date of publication of Tender on Web site | 17.04.2023 / 12.30 P.M. |
| 3 | Last date / Time for receipt of Bid | 22.04.2023 / 05.00 P.M. |
| 4 | Last date / Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost. (in Hard Copy) | 24.04.2023 / 05.00 P.M.<br>1. Office of the Regional Chief Engineer, Ranchi Zone Ranchi, D.W.S.D, Doranda, Ranchi<br>2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar<br>3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 5 | Date & time of Opening of Tender | 25.04.2023 / 04.00 P.M. |
| 6 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 7 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 8 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 |
| 9 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |
| 10 | Detailed survey, designing and drawing, construction of 71469 nos. FHTC in different block of Palamau District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under DW&S Division, Medininagar for the year 2022-23. | |

| SL. No. | Group No. | Name of Block | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | SVS/CLUSTER-29 | Panki | 2 | 14 | 82 | 837.15 | 8.38 | 10000.00 | 9 Months |

- Estimated Cost & EMD Cost may vary.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

SAVE WATER FOR COMING GENERATIONS

Executive Engineer
DW&S Division, Medininagar

PR 295196 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

# मेघालय में ठंडक, नेहु में संवाद की गर्मी

## इन दिनों



रविशंकर रवि

**गाड़ी** से उतरते ही मुझे कंपकपी लगी और मेरा रोम-रोम सिहर गया। मुझे छोड़कर सारे लोग गर्म कपड़े पहने हुए थे। कोई कोर्ट तो कोई बंडी पहने हुए था। कुछ लोग तो बाकायदा जैकेट पहने हुए थे और कुछ के सिर पर टोपी भी थी। महिलाएं भी शॉल या स्वेटर या कोर्ट में थीं। नेहु के ओल्ड गेस्ट हाउस में उतरते ही मित्र और हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर माधवेंद्र पांडेय मिल गये। वे तो कोर्ट के नीचे हाफ कोर्ट पहने हुए थे। सिर पर टोपी लगाए हुए थे। हम सिर्फ मिले ही नहीं, एक-दूसरे से लिपट गये। मैं उस वक्त उनसे लिपटकर कुछ गर्माहट उधार लेना चाहता था। उत्तर पूर्व पर्वतीय विश्वविद्यालय, जो नेहु के रूप में ज्यादा जाना जाता है, जाना और कुछ समय वहां पर बिताना मुझे हमेशा अच्छा लगता है। एक पहाड़ी पर बसा नेहु का विशाल परिसर ब्लू पाइंस या चीड़ के नीले पेड़ों से भरा हुआ है। चीड़ के पेड़ों की मौजूदगी इसे ज्यादा सुंदर बनाती है। इसके साथ कई अन्य तरह के भी पेड़ हैं। उसके साथ ही वहां का शांत परिवेश। नेहु इसलिए भी अच्छा लगता है कि वहां के हिंदी विभाग के साथ एक आत्मीयता हो गई है। इसलिए जब राष्ट्रीय मानव अधिकार की एक संगोष्ठी में भाग लेने के लिए नेहु के हिंदी विभाग के मौजूदा अध्यक्ष हितेंद्र मिश्र ने आमंत्रित किया तो मैंने सहर्ष हामी भर दी। इस संगोष्ठी की मेजबानी का दायित्व हिंदी विभाग ने लिया था। हालांकि हमारे हमारी हामी भरने के बाद राष्ट्रीय मानव अधिकार, भारत की तरफ से भी औपचारिक आमंत्रण मिल गया था। दो दिनों की संगोष्ठी 31 मार्च को आरंभ होनी थी। मैं इसलिए भी जाने को उत्सुक था कि संगोष्ठी के दूसरे दिन मानव अधिकार के संरक्षण और संबर्द्धन में मीडिया की भूमिका पर भी एक सत्र था। जिसमें दूरदर्शन के पूर्व संवाददाता सुधांशु रंजन, एनडीटीवी की एंकर निधि कुलपति और कोलकाता प्रेस क्लब के अध्यक्ष स्नेहाशीष सुर के साथ मुझे भी आमंत्रित किया गया था। दूरदर्शन पर अक्सर सुधांशु जी की मस्त आवाज सुनता रहा था। बाद में वे सहायक निदेशक बनकर नई दिल्ली चले गये। एनडीटीवी मेरा पसंददीदा न्यूज चैनल है। निधि कुलपति की शांत और संजीदा तरीके से बातचीत मुझे अच्छा लगता है। वर्ना आजकल तो हिंदी के एंकर चीखते ज्यादा है और अपने अतिथि से ज्यादा खुद बोलते हैं। जिन्हें मैं दूर से स्क्रीन पर देखता रहा था, उनके साथ एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में मंच साझा करने का मौका मिलने वाला था। वैसे मैं भी डीडी न्यूज, एबीपी न्यूज आदि के लिए गुवाहाटी से चुनाव आदि की चर्चा में भाग लेता रहा हूं। लेकिन वहां पर मानव अधिकार के मसले पर मंच पर एक साथ बैठना तथा अपनी बात रखना का विशेष रूप से महत्वपूर्ण था।

पहली अप्रैल को दिन के करीब साढ़े दस बजे जब शिलांग के लिए नेहु परिसर पहुंचा तो मौसम ठंडा था। कुछ देर पहले हल्की बारिश हुई थी। धरती भीगी हुई थी, इसलिए घास के चेहरे पर हंसी थी। इसका प्रभाव नेहू के परिवेश पर दिख रहा था। ओल्ड गेस्ट हाउस (उ कियांग नंगबाह अतिथि-गृह) काफी अंदर है। रास्ता भी घुमावदार है। कई बार गाड़ी रोककर पूछना पड़ा। गाड़ी से उतरते ही मुझे कंपकपी लगी और मेरे रोम-रोम सिहर गया। मुझे छोड़कर सारे लोग गर्म कपड़े पहने हुए थे। कोई कोर्ट तो कोई बंडी पहने हुए था। कुछ लोग तो बकायादा जैकेट पहने हुए थे और कुछ के सिर पर टोपी भी थी। महिलाएं भी शॉल या स्वेटर या कोर्ट में थीं। नेहु के ओल्ड गेस्ट हाउस में उतरते ही मित्र और हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर माधवेंद्र पांडेय मिल गये। वे तो कोर्ट के नीचे हाफ कोर्ट पहने हुए थे। सिर पर टोपी लगाए हुए थे। उनकी धर्मपत्नी भी फुल कोर्ट पहने हुए थीं। हम सिर्फ मिले ही नहीं, एक-दूसरे से लिपट गये। मैं उस वक्त उनसे लिपटकर कुछ गर्माहट उधार लेना चाहता था। इसलिए कुछ क्षण उनसे लिपटना अच्छा लग रहा था। वहीं पर हितेन भाई मिल गये। हिंदी विभाग के ही प्रोफेसर दिनेश कुमार चौबे मिल गये। भरत जी भी थे। यानी पूरा हिंदी विभाग वहां पर मौजूद था। पहला सत्र आरंभ होने में कुछ देर थी। मैं गेस्ट हाउस के बरामदे में टहलने लगा और खुद को गर्म करने का तरीका तलाश रहा था। तभी सामने से निधि कुलपति आती दिखी। एक स्वेटर डाले हुई थीं। टीवी पर दिखने वाले चेहरे से थोड़ा-सा अलग। क्योंकि स्टूडियो में जाने पहले का मेकअप नहीं था। बात आरंभ हुई। मैंने अपना परिचय दिया, फिर बात होती रही। पूर्वोत्तर की यह उनकी दूसरी यात्रा था। उन्हें भी नेहु का परिसर अच्छा लग रहा था। वहीं पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहायक निदेशक श्रीमती अंजली सकलानी से परिचय हुआ। काफी दिनों बाद त्रिपुरा विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रो. विनोद मिश्र से आत्मीय मुलाकात हुई। उनसे पिछली मुलाकात मॉरीसस में हुई थी। जब मैं विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने के लिए मॉरीसस गया था तब प्रो मिश्र वहां पर विश्व हिंदी सचिवालय के महासचिव पद पर कार्यरत थे। यह संगोष्ठी मेरे लिए किसी मिलन समारोह की तरह था। पूर्वोत्तर में हिंदी में काम करने वाले विद्वानों से मिलने का मौका मिला था। उन्होंने ही फोन पर दिल्ली से संपर्क किया था।

लकड़ी से बना ओल्ड गेस्ट हाउस भी ठंड को रोक पाने में विफल था। मैं तो ठंड की वजह से कांप रहा था। मुझे यह बात समझ में आ गई थी कि आज मुझसे बड़ी गलती हो गई है। शिलांग किसी भी मौसम में बिना गर्म कपड़े के नहीं आना चाहिए। क्योंकि जून में भी बारिश होते ही वहां पर डंड लगने लगती है। इसलिए वहां के लोग छाता और कोर्ट या जैकेट लेकर जलते हैं। दरअसल जब गुवाहाटी से शिलांग के लिए सुबह करीब साढ़े सात निकला तो मौसम सामान्य था। हल्की गर्मी थी। फिर भी शिलांग को ध्यान में रखकर मैंने एक एक मोटा फुलशर्ट पहन लिया था। लेकिन इतनी ज्यादा ठंड होगी, इसका अंदाज नहीं था। गुवाहाटी से हमारे ही साथ कॉटन कॉलेज विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की डा परस्मिता भी चल रही थीं। हमलोग रास्ते भर बातें करते रहे। वह भी अनुवाद का काम कर रही हैं। कई व्यक्तिगत सूचनाओं का भी आदान-प्रदान हुआ। नोंग्पोह से आगे बढ़ते ही मौसम में बदलाव आ चुका था। ठंड से बचने के लिए मैं सभागार के अंदर चला गया। बाहर की तुलना में अंदर ठंड कुछ कम थी। बीच में तो एक बार ऐसा हुआ कि अचानक आवारा बादल नेहु परिसर में पसर गये। चारों तरफ धुंध छा गया। चीड़ के पेड़ों को बादलों ने ढंक लिया। मुझे परेशान के करने के लिए बादल के टुकड़े गेस्ट हाउस के बरामदे में टहलने लगे। यह नजारा करीब 15 मिनट तक बना रहा। ठंड के बावजूद वह नैसिर्गक क्षण मुझे अच्छा लग रहा था। इसी के लिए मेघालय जाना जाता है, जब बादल अचानक आप को घेर लें, फिर गायब हो जाएं। ऐसे नजारे मुझे पहले भी देखने को मिले हैं। कई बार तो बादल का कोई टुकड़ा आप की चलती कार की खिड़की से अंदर आ जाता है और जब तक आप उसे पकड़ने की कोशिश करें, वह दूसरी खिड़की से हंसते हुए बाहर निकल जाता है। लगेगा कि आप भींग चुके हैं, लेकिन कुछ देर बाद लगेगा कि कपड़े भींगे नहीं हैं, बादलों के संसर्ग में आने के बाद ठंडे हो गये हैं।

कुछ देर बाद ही मानव व्यापार और पुलिस की भूमिका पर चर्चा आरंभ हो गई। इस सत्र की अध्यक्षता कर रहे पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय के विधि विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह ने की। उन्होंने बताया कि मानव दुव्यार्पार किस प्रकार मानव अधिकारों के हनन का सबसे बड़ा कारण है। साथ ही पुलिस की भूमिका ऐसे अपराध को रोकने महत्त्वपूर्ण हो जाती है। कार्यक्रम के स्रोत विद्वान के रूप में आईपीएस वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि मानव अधिकार के हनन की अति को मानव दुव्यार्पार (ह्युमन ट्रैफिंग) कहा जाता है। उन्होंने मानव दुव्यार्पार में पीड़ित के मानसिक रूप से प्रताड़ना को उसके लिए सबसे घातक भय बताया जो उसे आजीवन सताता है। मेरे लिए यह नई जानकारी थी, इसलिए मैंने उन्हें ध्यान से सुन रहा था। उन्होंने बताया कि तीन प्रकार के अपराधों में हथियार की तस्करी, ड्रग एवं मानव दुव्यार्पार में मानव दुव्यार्पार को सबसे खतरनाक अपराध बताया। मानव दुव्यार्पार में पुलिस, वकील एवं न्यायाधीश को मानव दुव्यार्पार के बारे में जानकारी होना अनिवार्य है। मानव दुव्यार्पार से जुड़े मामले धारा 370 के अन्तर्गत दर्ज किये जाते हैं। मानव दुव्यार्पार में शारीरिक एवं मानसिक रूप से शोषित महिलाएं एवं बच्चे सबसे अधिक पीड़ित होते हैं। इन मामलों में जबरन भीख मंगाने के लिए मजबूर करना एवं स्त्री को शारीरिक उपभोग के लिए बेचना आदि हैं। मानव दुव्यार्पार में सबसे अधिक मुस्लिम वर्ग एवं उत्तर-पूर्व के लोग शिकार होते हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पुलिस इन मामलों को दर्ज करके, इन मामलों की कार्यवाही प्रारंभ करती है। साथ ही उन्होंने ऑनलाइन वेबसाइट पर जुड़े अनजान लोगों के साथ जुड़ने और अपनी व्यक्तित्व जानकारियों को गुप्त रखने का आग्रह किया। इस सत्र के बाद चाय मिली तो राहत मिली। भूख लगी थी, इसलिए चार बिस्कुट चबा गया। अब हमलोगों का सत्र होना था। चाय पीने के लिए जब कैंटिन गया तो ठंड से कांपने लगा। मुझे लगा कि कांपते हुए मैं अपनी बात कैसे कहूंगा। लेकिन अच्छी बात यह हुई कि मंच पर बैठने के बाद हमलोगों का स्वागत में शॉलप्रदान किया गया। मैंने उस शॉल को अपने गले में अच्छी तरह लपेट लिया और सम्मान में शॉल पहनाने के लिए आयोजकों के प्रति मन ही मन आभार व्यक्त किया। इस सत्र की अध्यक्षता करते हुए दूरदर्शन के पूर्व अपर महानिदेशक सुधांशु रंजन ने मीडिया को ही बड़े भद्दे तरीके से कटघरे में खड़ा कर दिया। मैं उनकी बातों से सहमत नहीं था, इसलिए मैंने अपने भाषण में जिम्मेदार पत्रकारिता के कई प्रमाण उदाहरण पेश किया और कहा कि भाषाई तथा क्षेत्रीय मीडिया आज भी अपने दायित्व का निर्वाह कर रहे हैं। उनका आशय तथाकथित मेनस्ट्रीम मीडिया पर था। वे फेक न्यूच पर बात कर रहे थे। अध्यक्ष प्रेस क्लब कोलकाता के अध्यक्ष स्नेहशीष सूर ने मानव अधिकारों में मीडिया की भूमिका पर चर्चा करते हुए बतया कि इसमें लोकतंत्र की भूमिका अहम रही है। साथ ही हमारे देश में बहुसंख्य मीडिया है जो अपराध से जुड़ी जानकारियों को आमजन तक लाने तथा उन्हें जागरूक करने का प्रयास करती है। एनडीटीवी की पत्रकार निधि कुलपति ने बताया कि खबरों की दुनिया में मनुष्य की चेतना आवश्यक है। उन्होंने अपने वक्तव्य में महिलाओं की सुरक्षा के प्रश्न पर प्रकाश डाला कि हमारे देश की महिला अपने अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करती है। उन्होंने उदहारणस्वरूप महिलाओं के शारीरिक शोषण से जुड़े दो मामलों की चर्चा की कि किस प्रकार हमारे देश की न्याय व्यवस्था भावनाओं एवं वेदनाओं पर नहीं चलती, वह सबूत की मांग करती है। समापन सत्र में अध्यक्षीय भाषण में नेहु के कुलपति प्रो. प्रभा शंकर शुक्ल ने कहा कि जिस घर में स्त्रियों के मानवाधिकार सुरक्षित हैं उस घर में स्त्री भी सुरक्षित रहती है। साथ ही उन्होंने बताया कि सीमाओं का उल्लंघन करने से परिवार एवं समाज में अधिकारों का उल्लंघन भी होता रहा है जिसके परिणाम से लोग अपने कर्त्तव्यों को भूलते जा रहे हैं। समापन सत्र में नेहु के कुलसचिव प्रो. आनंद शंकर दीक्षित और प्रो. विनोद मिश्र ने भी अपनी बात रखी। संगोष्ठी के संयोजक प्रो. दिनेश कुमार चौबे ने संगोष्ठी संक्षिप्त विवेचन प्रस्तुत किया। तो हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. हितेंद्र कुमार मिश्र ने आभार प्रकट किया। अच्छी बात यह हुई कि जब कार्यक्रम समाप्त हुआ तो धूप आ चुकी थी। तापमान में गर्माहट थी और मेरे पास ठंड से भिड़ने के लिए एक शॉल था। गुवाहाटी वापसी के दौरान में मेरे साथ अरुण कुमार पांडेय थे, जिन्हें रात में ही नाहरलगुन के लिए गाड़ी पकड़नी थी।

**एक पहाड़ी पर बसा नेहु का विशाल परिसर ब्लू पाइंस या चीड़ के नीले पेड़ों से भरा हुआ है। चीड़ के पेड़ों की मौजूदगी इसे ज्यादा सुंदर बनाती है। इसके साथ कई अन्य तरह के भी पेड़ हैं। उसके साथ ही वहां का शांत परिवेश। नेहु इसलिए भी अच्छा लगतहै कि वहां के हिंदी विभाग के साथ एक आत्मीयता हो गई है।**




**(लेखक गुवाहाटी के हिंदी दैनिक पूर्वोदय के संपादक हैं।)**

# कांग्रेस की 'आपदा' में 'अवसर' तलाशती भाजपा

■ **निशिकांत ठाकुर**



**यह** समझना बहुत आसान नहीं है कि कल तक जिस कांग्रेस को कोई पूछता तक नहीं था, भाजपा जिस कांग्रेसमुक्त भारत की बात किया करती थी, जिस राहुल गांधी की आलोचना 'टके सेर' के हिसाब से गली–कूचे में भाजपा करती और कराती रही है, आज वही कांग्रेस, वही राहुल गांधी इतने महत्वपूर्ण कैसे हो गये हैं? लेकिन, इस अबूझ पहेली की तह में जाएं तो पता लगेगा कि यह सारा का सारा श्रेय भारतीय जनता को जाता है, जो अब समझ चुकी है कि उसका असली हित किसके हाथों में सुरक्षित है। कम–से–कम पिछले वर्ष सितंबर तक तो ऐसा ही लगता था कि आमजन कांग्रेस के प्रति पूरी तरह बिल्कुल उदासीन हो गई है और अब यह पार्टी आखिरी सांस गिनने के लिए विवश है। कहा जाने लगा था कि भारत जैसे विशाल देश की सबसे पुरानी और बड़े–बड़े क्रांतिकारियों वाली पार्टी, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन में अपना सबकुछ अर्पित कर दिया था, यहां तक कि सर्वस्व होम कर दिया था, का अब कोई नामलेवा भी नहीं बचेगा। लेकिन, सत्तारूढ़ दल के सूरमाओं और ऐसे अन्य लाखों लोगों के भ्रम को राहुल गांधी की एक 'भारत जोड़ो पदयात्रा' ने धूल–धूसरित कर दिया। देश की अवाम ने राहुल गांधी की इस कर्मठता को सिर आंखों पर लिया और राहुल की इस पदयात्रा से जन–जन के मन में यह विश्वास दृढ़ होता गया कि उन्हें जिन जुमलों से अबतक दिवास्वप्न दिखाया जाता रहा है, पिछले लगभग नौ वर्षों से बरगलाया जाता रहा है, वह एक प्रपंच से ज्यादा कछ नहीं है। सच तो यह है कि जिसके प्रति उनके मन में गलत विचार थोपे गये, वह तो किसी के चरित्र हनन के समान था। बस, फिर क्या था टैंक का मुंह फिर से कांग्रेस की ओर मोड़ दिया गया। इस बार का हमला आत्मघाती दस्ते की ओर से किया गया। यह हमला लगभग पचास वर्षों तक कांग्रेस के नाम पर मलाई खाने वाले कद्दावर नेता गुलाम नबी आजाद की तरफ से किया गया। गुलाम नबी आजाद बोले, 'राहुल गांधी के अवांछित कारोबारियों के साथ संबंध हैं।' अजीब है, जब आप इतने आत्मविश्वास से आरोप लगा रहे हैं तो आपको उन कारोबारियों का विवरण देने में आपत्ति क्यों है? यह तो वही बात हुई कि बहती गंगा में हाथ धो डालो। आजाद के आरोप से दो बातें तो स्पष्ट हो जाती हैं- पहला तो यह कि राहुल गांधी के बढ़ते कद को देखकर उन्होंने महसूस कर लिया कि शुरू में पार्टी छोड़ते समय उन्होंने पार्टी और विशेष रूप से राहुल गांधी के लिए जो विष वमन किया था, उसे आम जनता ने नकार दिया और वे अब देश के समक्ष झूठा साबित हो रहे हैं। इसलिए उन्होंने अपनी बातों को बल देने के लिए अब यह वाण चलाया है। और, दूसरा यह कि जम्मू–कश्मीर का चुनाव सन्निकट होने के कारण उसमें उन्हें चेहरा बनने का अवसर मिल जाय। एक और बात यह कि कांग्रेस के प्रति जिस तरह की अनिष्ठा वह दिखाना चाह रहे हैं, उससे उनके भाजपा की ओर अपनी विश्वसनीयता को प्रमाणित करने का अवसर मिल जायेगा। लानत है ऐसे नेताओं पर, जो स्वहित के कारण अपनी निष्ठा गिरगिट की तरह बदलने में भी नहीं हिचकिचाते हैं। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा तो इस तरह के मौके को लपकने के पीछे लगी ही रहती है। उसी फिराक में भाजपा के सांसद, सर्वोच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद अपनी साख बनाने के चक्कर में इस तरह के मामलों पर नजर बनाये रखते हैं और जैसे ही कांग्रेस, खासकर राहुल गांधी का मामला उछला, आननफानन में सत्ता को आकर्षित करने में लग जाते हैं। इस बार भी यही तो हुआ है। उन्होंने कहा कि गुलाम नबी आजाद एक जिम्मेदार नेता रहे हैं, इसलिए उनके द्वारा लगाये गये आरोपों का उत्तर राहुल गांधी को देना चाहिए। बिल्कुल ठीक कहा रविशंकर प्रसाद ने और यह भी ठीक है कि जब राहुल गांधी जवाब देने आते हैं, तो उन्हें संसद से ही बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। यह तो अजीब बात है कि आप आरोप भी लगाते हैं और जब उसका जवाब देने की बारी आती है, उसके मुंह को बंद कर देते हैं। क्या सच में यही हमारा संविधान कहता है? आजाद भारत में अपनी ही सरकार के विरुद्ध सचिन पायलट द्वारा अनशन पर बैठ जाना कोई नई बात नहीं है। जब अजय मुखर्जी पश्चिम बंगाल की मिलीजुली सरकर में तीसरी बार मुख्यमंत्री बने थे। जब गृहमंत्री और उद्योगमंत्री मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के लोग थे, उनका आरोप था कि अपनी ही सरकार में खींचतान के कारण बंगाल, जो कभी उद्योगों का गढ़ माना जाता था, के सारे उद्योग सरकारी लापरवाही के कारण बंद होने लगे और लूटपाट, मारपीट की घटनाएं बदस्तूर बढ़ते रहने के कारण उन्हें धरने पर बैठना पड़ा। ठीक उसी प्रकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी उपराज्यपाल निवास पर धरने पर बैठे थे और उन्होंने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त उपराज्यपाल उनकी सरकार के कामकाज को बाधित करते रहे हैं, इसलिए उन्हें अनशन करना पड़ा। और अब, अपनी ही सरकार के विरुद्ध राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पांच घंटे की अनशन के बाद फिलहाल उसे स्थगित कर दिया है। पायलट ने पिछली सरकार में हुए भ्रष्टाचार की जांच नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मैंने दो पत्र लिखे थे जिनकी प्रति सरकार को भी भेजी थी, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं आया।

वैसे, इस मामले को भी केंद्रीय सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा किए जा रहे षड्यंत्र का हिस्सा माना जा रहा है, क्योंकि सचिन पायलट ने इस अनशन की घोषणा ऐसे समय पर की है, जब राजस्थान में इसी वर्ष के अंत में चुनाव होना है। वैसे, सचिन पायलट कांग्रेस की अपनी पुरानी परंपराओं को ही दोहरा रहे थे और यह दिखाना चाह रहे थे कि कांग्रेस 'वन मैन आर्मी' पार्टी नहीं है। इस दल में सबको अपनी बात कहने का अधिकार है। कांग्रेस ने जारी अपने बयान में साफ कहा है कि राजस्थान में अशोक गहलोत को बदलने की कोई गुंजाइश नहीं है और सचिन पायलट को पार्टी के अगले विधानसभा तक प्रतीक्षा करनी ही होगी। इधर, सचिन पूर्व की वसुंधरा राजे सरकार के भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई न करने के आरोपों को पार्टी ने गलत बताया है। अब कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि सचिन पायलट को ज्योतिरादित्य सिंधिया का इशारा है, इसलिए वह सबकी बातों को अनसुनी करके और कांग्रेस को कमजोर करके भाजपा से हाथ मिलाने को आतुर हैं। यदि उपरोक्त सब बातों पर मंत्रणा करेंगे तो यही लगेगा कि कहीं–न–कहीं दाल में कुछ तो काला है। इसे कई तरह से देखने में यही लगता है जैसे ऊपर से मजबूत दिखाई देने वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा, कांग्रेस से या यह कहिए राहुल गांधी से डर गई है, जिसके लिए वह कई माध्यमों से राहुल गांधी को शिकस्त देने का प्रण कर लिया है। यह हो भी क्यों नहीं, क्योंकि यही तो राजनीति है और यदि राजनीति में राजनीति होती है, तो यह कोई अनहोनी बात नहीं होगी। सत्तासुख भोगना और उससे पृथक हो जाना दुखद ही नहीं, कष्टदायक भी होता है। इसका अनुभव राहुल गांधी कर रहे हैं और अपने सामर्थ्य के सारे घोड़े खोलकर सत्ता पर काबिज होने का रास्ता तैयार कर रहे हैं। किसी का भी राजनीति में आना आज यही तो बताता है। आज वह समय नहीं रहा, जब सत्ता का कोई लोभ हमारे राजनीतिज्ञों को नहीं होता था। उनका कोई स्वार्थ नहीं होता था। उनकी सोच यही होती थी कि हमारी अगली पीढ़ी स्वतंत्र देश में जन्म ले और स्वतंत्र चिंतन से देश को विश्व में आगे की कतार में खड़ा कर सके। जबकि, तत्कालीन ब्रिटिश सत्तासीन सर्वशक्तिशाली चर्चिल का कहना होता था कि भारतवर्ष को आजादी देने का अर्थ बंदर के हाथ में चाकू दे देने जैसा है। काश, चर्चिल यदि आज जीवित होता, तो वह अपनी बातों से शर्मसार होकर कहीं मुंह छिपा रहा होता। कांग्रेस ने भारतवर्ष को अपनी सेवा के लिए कई योग्य से योग्यत्तम राजनेता दिए, जिनके कारण हम आजाद हुए और हमारी नई पीढ़ी को यह कहने का गौरव प्राप्त हुआ कि हम आजाद भारत के नागरिक हैं। हमारे पुरुखों ने इसे विदेशी ताकत से मुक्त कराने के लिए अपनी कुबार्नी दी है और इसलिए हम दुनिया के विकासशील देशों की परिधि से निकलकर विकसित देशों के देहरी पर कदम रखने के लिए तैयार हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं)**

## है न विचित्र बात !

# पानी की हर बूंद अमृत

***मनुष्य*** का शरीर पंचभूत से निर्मित है। पंचभूत में पांच तत्व आकाश, वायु, अग्नि, जल एवं पृथ्वी सम्मिलित है। सभी प्राणियों के लिए जल आवश्यक है। सभी को जीवित रहने के लिए जल चाहिए। जल के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। जल के पश्चात मनुष्य को जीवित रहने के भोजन चाहिए। भोजन के लिए अन्न, फल एवं सब्जियां उगाने के लिए भी जल की ही आवश्यकता होती है। कृषकों को अपनी फसल की सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भर रहना पड़ता है। पर्याप्त वर्षा न होने पर उनकी फसल सूख जाती है। अधिकांश क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पर वर्षा नाममात्र की ही होती है। जलवायु परिवर्तन एवं जल के अत्यधिक दोहन के कारण भू-जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। इस गिरते भू-जल स्तर के कारण सिंचाई जल संकट उत्पन्न हो गया है। इसके अतिरिक्त जिन क्षेत्रों में जल की आपूर्ति नहीं है अथवा जल की पर्याप्त आपूर्ति नहीं है, वहां के निवासी भी पेयजल के लिए जूझते रहते हैं। सच्चाई यह है कि इस जल संकट के लिए मनुष्य स्वयं उत्तरदायी है। प्राचीन काल में लोग प्राकृतिक वस्तुओं का उतना ही उपयोग करते थे, जितनी उनकी आवश्यकता होती थी। भारतीय संस्कृति के अनुसार ईश्वर कण-कण में विद्यमान है। इसलिए प्रत्येक वस्तु में भगवान का वास माना जाता है। हमारी प्राचीन गौरवमयी संस्कृति में जल को जीवन माना गया है- जलमेव जीवनम। ऋग्वेद में भी जल के गुणों का वर्णन करते हुए कहा गया है- अप्स्वन्तरमृतमप्सु भेषजम। अर्थात जल में अमृत है, जल में औषधि है। महाभारत में भी जल के महत्व का वर्णन करते हुए इसे सर्वोत्तम दान कहा गया है- अद्भिः सर्वाणि भूतानि जीवन्ति प्रभवन्ति च। तस्मात सर्वेषु दानेषु तयोदानं विशिष्यते। अर्थात संसार के समस्त प्राणियों की उत्पत्ति जल से हुई है तथा इसी से वे जीवित रहते हैं। अतः सभी प्रकार के दानों में जल-दान सर्वोत्तम माना गया है। महाभारत में यह भी कहा गया है- पानीयं परमं लोके जीवानां जीवनं समृतम। पानीयस्य प्रदानेन तृप्तिर्भवति पाण्डव। पानीयस्य गुणा दिव्याः परलोके गुणावहाः।। अर्थात जल से ही संसार के समस्त प्राणियों को जीवन प्राप्त होता है। जल का दान करने से प्राणियों को तृप्ति प्राप्त होती है। जल में दिव्य गुण हैं, जो परलोक में भी लाभ प्रदान करते हैं। विष्णु पुराण में जल-चक्र का वर्णन किया गया है कि किस प्रकार वह वाष्प बनता है तथा वर्षा के रूप में भूमि को तृप्त करता है। इसी जल से कृषि होती है अर्थात अन्न उत्पन्न होता है- विवस्वानर्ष्टाभमासैरादायापां रसात्मिकाः। वर्षत्युम्बु ततश्चान्नमन्नादप्यखिल जगत। अर्थात सूर्य आठ मास तक अपनी किरणों से रस स्वरूप जल को ग्रहण करता है। तत्पश्चात चार मास में उसे वर्षा के माध्यम से बरसा देता है। इससे अन्न उत्पन्न होता है, जिससे संपूर्ण जगत का पोषण होता है। वर्षा जल अत्यंत उपयोगी है। अर्थवेद में भी इस विषय में कहा गया है- शिवा नः सन्तु वार्षिकीः। अर्थात वर्षा का जल कल्याणकारी है। ऋग्वेद के अनुसार- अप्स्वडन्तरमृतमप्सु भेषजमपामुत प्रशस्तये देवा भक्त वाजिनः। अर्थात अमृत के समान एवं गुणकारी जल का उचित उपयोग करने वाले बनो। जल की प्रशंसा के लिए सदैव तत्पर रहो। यह सर्वविदित है कि प्राचीनकाल में जल संरक्षण पर विशेष बल दिया जाता था।

■ **डॉ. सौरभ मालवीय**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची–835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.–13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू–822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562–240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562–241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची–83001, फोन नं.– 0651–2283384/ फैक्स : 0651–2283386, दिल्ली कार्यालय : 25–एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली–1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा–822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार –829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा– फोन : 7903891779, 8271983099, ई–मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

# गर्मी में मिलने वाले फल हैं लाभप्रद







गर्मी का मौसम मार्च व अप्रैल महीने से शुरू हो जाती है। वहीं मार्च महिने से पलामू सहित पूरे झारखंड में गर्मी पड़ना शुरू हो गया है। प्रचंड गर्मी पड़ने पर बच्चों के स्कूल में छुट्टी हो जाती है और उन्हें कई नए नए स्थानों पर घूमने का अवसर प्राप्त होता है। क्योंकि गर्मी के मौसम में बच्चों को आइसक्रीम खाना बहुत ही पसंद है और उन्हें इस मौसम में मिलने भी लगता है। गर्मी में मिलने वाले फल आम ,तरबूज, खरबूजा लोगों को काफी पसंद है। गर्मी में बाहर से घर में आने वाले को ठंडी ठंडी शरबत या लस्सी पिलाया जाता है। जो लोगों को बहुत ही ज्यादा अच्छा लगता है। वही गर्मी से लोग परेशान और बेहाल रहते है। लू से बचने के लिए लोगों को मुंह पर रुमाल या गमछे का इस्तेमाल करना चाहिये। जहां तक हो सके हमें अपने काम को सुबह सुबह या फिर शाम में करना चाहिए। क्योकि गर्मियों के दिनों में दोपहर में तापमान ज्यादा होता है। जिससे दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस मौसम में हल्के सूती वस्त्र पहनना चाहिए, वह सफेद या हल्के रंगो की वाली होनी चाहिए। क्योंकि काले और गाढ़े रंग के कपड़े सूर्य की गर्मी को सोखते है। जिससे शरीर का तापमान बढ़ने का डर रहता है। गर्मी ज्यादा पड़ने से जीना मुश्किल हो जाता है। गर्मी के दिनों में बहुत अधिक पसीना निकलते है, और बहुत ज्यादा प्यास लगती है। शरीर में पानी की कमी होने से गला सूखने लगता है। जिस कारण कई बार गर्मी से होने वाली बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए गर्मियों से बचने के लिए हमें बार बार पानी पीना चाहिए। बिना जरूरत के घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। बहुत ही जरुरी हो तो तभी घर से निकलना चाहिए। घरो से निकलते समय सर को ढककर रखना चाहिए। गर्मी के मौसम में पूरा



**झारखंड में गर्मी पड़ना शुरू हो गया है। प्रचंड गर्मी पड़ने पर बच्चों के स्कूल में छुट्टी हो जाती है और उन्हें कई नए नए स्थानों पर घूमने का अवसर प्राप्त होता है। क्योंकि गर्मी के मौसम में बच्चों को आइसक्रीम खाना बहुत ही पसंद है और उन्हें इस मौसम में मिलने भी लगता है।**

दिन बहुत तेजी से धूप निकलता है और उस समय बहुत ज्यादा तापमान रहता है। इसीलिए हर माता पिता को अपने बच्चों का ख्याल रखते हुए घर से ज्यादा लोग बाहर नहीं निकलने दें। सुबह और शाम के समय में ही बच्चों को घर से लोग बाहर निकलने दे। गर्मी के मौसम में तेज गर्म हवाएं बहती है। गर्म हवायें चलने से लू लगने का डर रहता है। उससे बचने की आवश्यकता है।

❖ कुमारी रिया

# हाय गर्मी तू कहां से आयी



गर्मी के मौसम का अपना कुछ अलग ही मजा है। पलामू सहित पूरे राज्य मे गर्मी का नाम लेते ही हमें सामने वो चिलचलाती तपती गर्मी का अनुभव होने लगता है। जहां ये गर्मी का मौसम हमारे लिए असहनीय होता है। गरीब व्यक्ति किसी भी पेड़ के निचे आराम से सो जाता है। इस प्रकार गर्मी अमीर और गरीब दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। किसान भी इसे कम महत्वपूर्ण नहीं मानते है। इस प्रकार हम कह सकते है कि अधिकतर लोग ठंडे इलाकों में जाकर उनका मजा लेते है। गर्मी में बार-बार नहाने का मन करता है। पानी बार बार पिने का मन करता हैं। लू इतनी तेज होती है कि घर से बहार निकलने का मन नहीं करता है। इसलिए ठंडे हिल स्टेशन में इन सबका मजा लेते है। और गर्मी को भूला देते हैं। वैसे भी इतनी गर्मी में गुजारा करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए कह सकते है कि लोग ठंडे इलाकों की ओर गर्मी को भगाने लिए पलायन करते है। जो वसंत ऋतू के समाप्त होने पर आती है। वैसे ही हमारे पलामू की ऋतुओ में भी सर्दी के बाद जो गर्मी आती है उसका भी अलग ही मजा है। यानी जीवन में परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण स्थान है। इस मौसम में सबका प्यारा फल आम लीची आदि अनेक रसीले फल आते है। जिसको खाने की लालसा सभी के मन में हमेशा ही रहती है। इन फलो का स्वाद निराला होता है। इन गर्मी के मौसम में जगह-जगह, शरबत , लस्सी , गन्ने का रस , नारियल पानी , शिकंजी , आसानी से सड़क ों पर मिल जाते है। गर्मी के मौसम में ठंडी कुल्फी और आइसक्रीम खाना कोन पसंद नहीं करता इसलिए हर मौसम में कुछ ना कुछ खास होता है। जो हम इंसानो के लिए बहुत ही लाभदायक होता है। गर्मी के मौसम से पलायन का मतलब लोग इस चिलमिलाती गर्मी से बचने के लिए अपने घरो को छोड़कर पहाड़ी इलाके और ठंडी जगहों पर जाना पसंद करते है।

❖ ओम प्रकाश उर्फ डब्लू

# पंखे, कूलर व एसी के दिन बहुरे







गर्मी से छुटकारा पाने के लिए लोग अपने घरों में पंखे, कूलर और एसी का उपयोग करते हैं। जून के महिने में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है। तापमान काफी बढ़ जाता है। जहां एक तरफ भीषण गर्मी और गर्म हवाएं चलती है, जो बहुत कष्टदायक होती है। गर्मियों में तापमान इतना ज्यादा बढ़ जाता है की लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि सूर्य की किरणे धरती पर सीधी पड़ती है, जिस कारण धरती का तापमान काफी बढ़ जाता है। तापमान बढ़ने के लिए ओजोन परते, धरती पर कटते पेड़ और सिमटते जंगल भी काफी हद तक धरती के तापमान को बढ़ा रहे है। पलामू में गर्मियों के मौसम में पानी की बहुत कमी होने लगती है। जिसके कारण कुएं, नदी और तालाब सूखने लगते हैं और पीने का लेयर नीचे चला जाता है। गर्मी के मौसम में लोग अक्सर ठंडी जगहों पर घूमने जाते हैं और गर्मियों का आनंद उठाते हैं। साथ ही स्कूल में भी छुट्टियां दी जाती है। जिसके कारण बच्चे घर पर छुट्टियों का आनंद उठाते हैं। पूरा क्षेत्र लू और धूल से भरा होता है। जिस कारण से यहा बाहर निकलना भी मुश्किल होता है।और घर में दुबके रहे लोग ऐसी कुलर पंखे का आनन्द ले रहे होते हैं।

# बसंत ऋतु के बाद धीरे धीरे तापमान चरम पर



गर्मियों के दिनों में ज्यादा तेल मशाले वाले भोज्य प्रदार्थ खाने से बचना चाहिए। इसके अलावा गर्मी के मौसमी फलो जैसे खीरा, तरबूज, ककड़ी, खरबूज को ज्यादा मात्रा में सेवन करना चाहिए। क्योंकि चारो तरफ चिलचिलाती धूप पड़ती है, जिससे पशु पक्षी सभी बेहाल हो जाते है, वनस्पतिया, पेड़ पौधे, नदी तालाब आदि सभी सूखने लगते है। चारों तरह सुखा पड़ने लगता है। साल में चाहे जो भी मौसम हो लेकिन गर्मी के मौसम का अपना अलग ही महत्व है। बसंत ऋतू के बाद शुरू होने वाली धीरे धीरे तापमान बढ़ने लगता है। साथ ही गर्मी के मौसम असहनीय हो जाता है। एक तरफ जहां बड़े लोग गर्मी से परेशान होते है, वही बच्चो के लिए गर्मियों का मौसम छुट्टी लेकर आता हैं। गर्मी के दिनों में बच्चों की स्कूल बंद हो जाती है। फिर बच्चें गर्मियों की छुट्टियां बिताने बाहर पिकनिक मनाने या नानी के घर घुमने चले जाते है।

❖ रौशन कुमार प्रजापति

# गर्मी से बचाव के लिए पेड़ पौधों का होना जरूरी



पलामू सहित पूरे गांव कस्बे में सूर्य की गर्मी इतनी तेज होती है कि इसको सहन करना बहुत मुश्किल होता है। पलामू में अब धीरे धीरे गर्मी पड़ना शुरू हो चला है। अधिक गर्मी पड़ने का कारण यह है लोगों के द्वारा पेड़ पौधों को नष्ट किया जा रहे हैं । जिससे वातावरण प्रदुषित हो रहा है। वातावरण प्रदुषित होने से तापमान तेजी से बढ़ रही है। सुबह से ही इतनी तेज गर्मी लगने लगती है कि इसे सहन करना मुश्किल हो जाता है। पैसे वाले लोग अपने घरो में एसी लगा कर गर्मी का सामना कर लेते है। वहीं जो माध्यम वर्गीय परिवार होते है वो भी कूलर और पंखा लगाकर गर्मी से निजात पा लेते है। लेकिन जरा उनके लिए सोचें जो गरीब है । वे भी गर्मी का बचाव किसी पेड़ की छावं में आसरा लेकर गर्मी से निजात पाते है। गर्मी मार्च महीने से ही शुरू हो जाती है। इसलिए वातावरण को बनाये रखने के लिए हमें पेड़ पौधों को लगाना जरूरी है।ताकि प्रदूषण कम हो और तेज गर्मी से बचा जा सके। धरती की इस हरियाली को हमें बचाना है ना की मिटाना है। इसके बजाव के लिए पेड़ पौधों का लगाना बहुत जरूरी है। क्योंकि पेड़-पौधे नहीं तो हवा नहीं, हवा नहीं तो बदल नहीं, बादल नहीं तो, बारिश नहीं, बारिश नहीं तो गर्मी ही गर्मी। ज्यादा गर्मी पड़ने से नदियों तालाबों में रुका हुआ पानी भाप बनकर उड़ जाता है । जिससे सूखा पड़ जाता है और पानी की समस्या बढ़ जाती है। किसानों की फसल बर्वाद होने लगती है और फसल सूख जाते हैं। कई ग्रामीण क्षेत्रों में पीने की पानी का किल्लत हो जाती है। पेड़ पौधे पानी के अभाव में सूख जाते हैं । इसलिए हमें पानी को बचाना है और पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाना है। ताकि पानी की समस्या के साथ साथ बढ़ती गर्मी से बचा जा सके।

❖ वेद प्रकाश


# होली के बाद मौसम में बदलाव



पलामू सहित पूरे राज्य में होली के त्योहार के बाद गर्मी का मौसम आता है जो की अक्सर मार्च अप्रैल के महीने से शुरू होता है और जून जुलाई तक चलता रहता है । जिसके बाद धीरे-धीरे बारिश का मौसम आ जाता है। गर्मी का मौसम ना केवल गर्मी लेकर आता है। साथ ही हवा का तापमान भी बढ़ जाता है और बाहर झुलसा देने वाली लू चलने लगती है। ऐसे में लोग गर्मी से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय करते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। गर्मी के मौसम में सूर्य की किरणें बहुत ज्यादा तेज होती है। जिससे तापमान और भी अधिक बढ़ जाता है। वसंत के मौसम खत्म होने के बाद ही गर्मी का मौसम आ जाता है। जिसमें सूरज अपनी पूरी तीव्रता के साथ धरती को गर्म कर देता है। ऐसे में चिलचिलाती गर्मी और लू के 4 महीने बहुत ही मुश्किल भरे होते हैं। इसके अलावा गर्मियों के दौरान तरह तरह के फल और सब्जियां भी पाई जाती है ,जो बहुत पौष्टिक होते हैं। आम जिसे फलों का राजा कहा जाता है । उसे भी गर्मी के मौसम में बड़े चाव से लोग खाते हैं। कच्चे आमों से लेकर पके हुए आम तक, सब लोग आम खाने के लिए साल भर का इंतजार करते हैं। परन्तु इस गर्मी के मौसम में अगर किसी को खुशी मिलती है। तो वे बच्चे है ,क्योंकि उन्हें स्कूलों की छुटिया जो मिलती है। इस मौसम में दिन लंबे होने लगते हैं और रातें छोटी होने लगती हैं। साथ ही गर्मियों में सबसे ज्यादा पाए जाने वाला फल, आम बाजारों में मिलने लगते हैं। इसके अलावा लोग मजे से आइसक्रीम और ठंडे शरबतों का भी सेवन करते हैं। गर्मी के मौसम में पाए जाने वाले फलों में आम, खरबूजा, खीरा, ककड़ी, तरबूज आदि शामिल है। उनका नियमित रूप से सेवन करने पर शरीर में पानी की कमी नहीं होती है।और लोग इन्हें बड़े चाव से खाते हैं।

❖ गुड्डू कुमार

# अप्रैल की उफ ये गर्मी...



पलामू सहित अन्य राज्यों में मुख्य रुप से चार मौसम मार्च, अप्रैल, मई और जून होते हैं । गर्मी का मौसम उसमें से एक है। जिसे कई लोगों के द्वारा इसे काफी पसंद किया जाता है। हालांकि, मई और जून सबसे अधिक गर्मी वाले महीने होते हैं। गर्मी का मौसम पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर घूमने के कारण होता है। इस प्रक्रिया के दौरान, जब पृथ्वी का भाग सूर्य के करीब आता है, तो वह भाग सूर्य की सीधी किरणों के पड़ने के कारण गर्म हो जाता है, जो गर्मियों का मौसम लाता है। इस मौसम में, दिन लम्बे होते हैं और रातें छोटी हो जाती है। गर्मी का मौसम होली के त्योहार के बाद पड़ता है और बरसात के मौसम की शुरूआत के साथ खत्म होता है। गर्मी के मौसम के दौरान वाष्पीकृत पानी वाष्प के रुप में वातावरण में संग्रहित हो जाता है (जो बादलों का निर्माण करता है) और बरसात के मौसम में बारिश के रुप में गिरता है। गर्मी के मौसम के लाभों के साथ ही कुछ हानियां भी है। एक तरफ, जहां यह मौसम बच्चों के मनोरंजन और आराम प्रदान करता है। वहीं दूसरी ओर, यह लोगों को बहुत सी मुश्किलों और जोखिमों में भी डालता है। जैसे उच्च ऊष्मा, तूफान, शरीर में पानी की कमी, कमजोरी, बेचैनी आदि। गर्मियों में मध्याह्न का समय भयंकर गर्मी से भरा हुआ होता है, जिसके कारण बहुत से कमजोर लोग लू लगने के कारण बीमार हो जाते हैं या मर जाते हैं। शहरी क्षेत्रों में रहने वाले बहुत से लोग इस गर्मी को नहीं सहन कर पाते हैं, जिसके कारण वे गर्मी की छुट्टियों में अपने बच्चों के साथ समुद्र तटीय स्थानों, पहाड़ी क्षेत्रों, ठंडे स्थानों पर कैम्पों या पिकनिक के लिए चले जाते हैं। इस दौरान वे तैराकी, गर्मी के मौसमी फलों को खाने और ठंडे पेय पदार्थों का आनंद लेते हैं। कुछ लोगों के लिए, गर्मियों का मौसम अच्छा होता है, क्योंकि वे उन दिनों में ठंडे स्थानों पर मनोरंजन और मस्ती करते हैं। हालांकि यह मौसम गर्मी से राहत पाने वाले संसाधनों की कमी के कारण, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए असहनीय होता है। कुछ स्थानों पर, लोग अपने क्षेत्रों में पानी की बहुत अधिक किल्लत या कमी से पीड़ित होते हैं और उन्हें बहुत अधिक दूरी तक पानी को लेकर जाना पड़ता है। यह पूरा मौसम बच्चों के लिए बहुत अच्छा होता है, क्योंकि उन्हें गर्मियों की छुट्टियों के रुप में अपने घर में परिवार के साथ मस्ती के लिए, किसी ठंडे स्थान पर घूमने के लिए, तैराकी का आनंद लेने के लिए, मौसमी फलों के साथ आइस-क्रीम का आनंद लेने के लिए एक महीने 15 दिन का समय मिलता है। आमतौर पर, लोग सूरज निकलने से पहले टहलने के लिए जाते हैं। क्योंकि इस दौरान उन्हें ठंडक, शान्ति और ताजी हवा का आनंद लेने का अवसर मिलता है।

**संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति**

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### कांग्रेस ने की पूर्व राज्यपाल मलिक के आरोपों की जांच की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि पूर्व राज्यपाल मलिक ने एक साक्षात्कार में केंद्र सरकार और खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों की गहन जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मलिक ने अपने साक्षात्कार में पुलवामा में हुए हमले और गोवा में हुए भ्रष्टाचार के मुद्दों पर खुलकर बातचीत की है। ऐसे में जो आरोप मलिक लगा रहे हैं उसकी जांच होनी चाहिए।

### बीएसएफ ने फायरिंग कर पाकिस्तानी ड्रोन को भगाया

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान ने एक बार फिर ड्रोन के जरिये भारतीय सीमा में हेरोइन गिराने की घटना को अंजाम दिया है। बीएसएफ ने फायरिंग कर ड्रोन को भगा दिया। तलाशी के दौरान हेरोइन की खेप बरामद की गई जिसकी कीमत करीब 21 करोड़ रुपये है। बीएसएफ से मिली जानकारी के अनुसार पाकिस्तानी तस्करों ने बीती रात यह ड्रोन अमृतसर के गांव बच्ची विंड की तरफ भेजा था। ड्रोन पर ब्लिंकर लगे हुए थे, ताकि तस्कर उसे पहचान सकें और उठा सकें। सर्च अभियान के दौरान काले रंग के बैग से तीन पैकेटों में 3.2 किलोग्राम हेरोइन बरामद किया गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस हेरोइन की कीमत करीब 21 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### तमिलनाडु में शख्स ने की मां व बेटे की हत्या

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में शनिवार को झूठी शान के लिए एक व्यक्ति ने अपने बेटे और मां की हत्या कर दी। क्योंकि उसके बेटे ने उसकी मर्जी के खिलाफ दुसरे समुदाय की लड़की से विवाह किया था। 23 वर्षीय सुभाष पिछड़ा वर्ग (बीसी), नादर समुदाय से संबंधित है। सुभाष तिरुपुर में एक बुनाई फर्म में काम कर रहा था और उसका अनुसूचित जाति की 25 वर्षीय अनसूया से अफेयर था। सुभाष के पिता दण्डपाणि ने अपने बेटे को अनसूया के साथ संबंध आगे नहीं बढ़ाने की धमकी दी थी। हालांकि, उस पर ध्यान न देते हुए सुभाष और अनसूया ने 15 दिन पहले शादी कर ली थी। शादी के बाद पर अपने पारिवारिक घर नहीं गए थे।

## ओल्ड मुंबई-पुणे हाइवे पर भीषण सड़क हादसा

# सड़क से 150 फीट नीचे खाई में गिरी बस, 12 लोगों की मौत

**घटना में 29 अन्य घायल, कई की स्थिति गंभीर**

**मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका**

**मुख्यमंत्री शिंदे ने की प्रत्येक आश्रित को पांच लाख रुपये मदद देने की घोषणा**

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में ओल्ड मुंबई-पुणे हाइवे पर खोपोली में शनिवार तड़के करीब चार हुए बस हादसे में 12 यात्रियों की जान चली गई। 29 लोग घायल हुए हैं। कई घायलों की हालत नाजुक है। इसलिए मृतक संख्या बढ़ने की आशंका है। यह सुखकर्ता ट्रैवल्स की बस है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हादसे पर दुख जताते हुए प्रत्येक आश्रित को पांच लाख रुपये की मदद देने की घोषणा की है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जिला प्रशासन को दुर्घटना के कारणों की जांच कराने का आदेश दिया है।

फडणवीस ने कहा है यह बस पुणे से मुंबई आ रही थी। इसमें कुल 41 लोग थे। यह बस अचानक सड़क से 150 फीट नीचे बोरघाट खाई में गिर गई। रेस्क्यू टीम ने 12 शव और 29 घायलों को निकाल लिया है। घायलों में दो बच्चे, तीन महिलाएं और 24 पुरुष हैं। 18 का इलाज रबाले के एमजीएम अस्पताल, 10 का खोपोली नगरपालिका अस्पताल और एक घायल का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

हाइवे ट्रैफिक पुलिस अधीक्षक तानाजी चिखले ने बताया कि इस बस से गोरेगांव के प्रभु वादक समूह के लोग पुणे से मुंबई लौट रहे थे। अब तक एक मृतक की पहचान जुई सावंत (15) के रूप में की गई है। अन्य को पहचानने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि पांच घायलों की भी पहचान नहीं हो सकी है।

### राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति ने ने सड़क हादसे पर जताया गहरा दुख

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को महाराष्ट्र के रायगढ़ में हुए सड़क हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। राष्ट्रपति ने ट्वीट संदेश में कहाः महाराष्ट्र के रायगढ़ में हुए बस हादसे में लोगों की मौत बेहद दुखद है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। वहीं, उपराष्ट्रपति ने ट्वीट संदेश में कहाः महाराष्ट्र के रायगढ़ में बस दुर्घटना में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ के खोपोली इलाके में बस के खाई में गिरने से 12 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 29 से ज्यादा लोग घायल हो गए।





कोलकाता : बंगाली नववर्ष पोइला बैसाख के मौके पर शनिवार, 15 अप्रैल, 2023 को भगवान और देवी के वेश में रिक्शा चलाते बच्चे।

(फोटो : आईएएनएस)

# सुजोक थेरेपी के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता : रामनाथ कोविंद

**पूर्व राष्ट्रपति ने मृत्युंजय पंचकर्म केंद्र का भ्रमण कर पंचकर्म चिकित्सा पद्धति की ली जानकारी**

**एजेंसी। देहरादून**



उत्तराखंड भ्रमण पर आए भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राजभवन स्थित मृत्युंजय पंचकर्म केंद्र का भ्रमण कर पंचकर्म चिकित्सा पद्धति से संबंधित जानकारी ली। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने इस केन्द्र को बनाये जाने के लिए राज्यपाल के प्रयासों की सराहना की। इसके बाद उन्होंने सुजोक थेरेपी के संबंध में भी स्माइल सुजोक के डॉ. मिनचुल पार्क और डॉ. सुभाष चौधरी से जानकारी ली और कहा कि इस थेरेपी को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित किये जाने की जरूरत है। इससे पूर्व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शनिवार को राजभवन स्थित राज प्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। इस अवसर पर सविता कोविंद और गुरमीत कौर भी उपस्थित रहीं।

## कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री पहुंचा, लू चलने का अलर्ट जारी

**कोरोना के भी बढ़ने की कही जा रही बात**

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

अभी मई आया नहीं तपिश शुरू हो गई। कोरोना के दो कमजोर वेरिएंट के एक साथ तेजी से बढ़ते संक्रमण की बात भी केंद्र सरकार कह रही है। फिलहाल पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, बिहार, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के कुछ भागों में अगले तीन से चार दिनों तक लू चलने की आशंका जताई गई है। मौसम विज्ञान विभाग ने यह पूर्वानुमान जारी किया है। वैसे भी हालत यह है कि दिल्ली एनसीआर सहित उत्तर भारत के राज्यों में अभी से गर्मी से बुरा हाल है। कुछ राज्यों में तो तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के लगभग पहुंच गया है। मौसम विभाग ने बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों के लिए लू की चेतावनी जारी की है। इससे पहले अप्रैल की शुरुआत में मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम के कुछ भाग और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकतर हिस्सों में अप्रैल से जून तक अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने का पूर्वानुमान जताया था। इस अवधि में मध्य, पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी भारत के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से ज्यादा दिनों तक लू चलने की भी आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, मध्य और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत में मौजूदा समय में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। विभाग ने कहा कि पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के कई हिस्सों और उत्तर-पूर्व भारत, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और केरल में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश में 20 से 26 अप्रैल के बीच भी लू चलने की आशंका है।

### शेट्टार का कांग्रेस में करेंगे स्वागत : सिद्धारमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में विपक्ष के नेता सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि अगर भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश शेट्टार कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो वह उनका स्वागत करेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए सिद्धारमैया ने कहाः भाजपा ने वरिष्ठ नेताओं के साथ सही व्यवहार नहीं किया है। भाजपा के लक्ष्मण सावदी के पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस को फायदा होगा।

### तमिलनाडु : बुजुर्गों व अन्य बीमारियों वाले को मास्क पहनने के निर्देश

**एजेंसी। चेन्नई**

राज्य में कोविड का उछाल डरावना नहीं है, मगर फिर भी सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने बुजुर्ग लोगों और सह-रुग्णता वाले लोगों को मास्क पहनने और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर न जाने की चेतावनी दी है। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए तमिलनाडु की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक टी.एस. सेल्वाविनायगम ने कहाः हम बुजुर्ग लोगों और सह-रुग्णता वाले लोगों को सलाह देते हैं कि वे बंद जगहों से दूर रहें और जब वे बाहर हों तो मास्क पहनें और सामाजिक दूरी बनाए रखें। पिछले 24 घंटों में, तमिलनाडु में 493 नए मामले दर्ज किए गए।

## FILMY हलचल

### अगले साल 31 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी स्त्री 2



**हाल** ही में हॉरर कॉमेडी फिल्म (हॉरर कॉमेडी फिल्म) स्त्री (स्त्री) के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर जियो स्टूडियोज के एक विशेष कार्यक्रम में सीक्वल की घोषणा की है। आखिरकार स्त्री 2 (स्त्री 2) का पहला टीजर सोशल मीडिया पर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के मुख्य अभिनेता राजकुमार राव ने मजेदार टीजर सोशल साइट पर शेयर किया है। पहली फिल्म की तरह पत्नी के रोल में श्रद्धा कपूर नजर आएंगी। इसमें पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बंद्योपाध्याय जैसे कलाकार हैं। अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी वरुण धवन की भेडिया में भी कैमियो भूमिका होगी। दिनेश विजान द्वारा निर्मित, स्त्री 2 का निर्देशन अमर कौशिक करेंगे। स्त्री 2 अगले साल 31 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। 2018 में बॉक्स ऑफिस पर चौंकाने वाली हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी।

### ग्लैमरस जीनत अमान हैं बिल्कुल 'देसी', बेहद पसंद है 'खिचड़ी'



**दिग्गज** एक्ट्रेस जीनत अमान ने कहा कि वह पूरी तरह 'देसी' हैं और खिचड़ी उनका 'पसंदीदा मील' है। जीनत ने इंस्टाग्राम पर सलवार कमीज में अपनी एक पुरानी तस्वीर साझा की। उन्होंने माथे में सिंदूर लगाया हुआ है और लाल बड़ी बिंदी से अपने लुक को पूरा किया है। कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखाः कपड़े ही वो सब नहीं होते, जो औरत को बनाते हैं। आप मुझे 'वेस्टर्न ग्लैम' से जोड़ सकते हैं लेकिन मैं उतनी ही देसी हूं। उन्होंने कहाः और इससे ज्यादा, मेरी डाइट से ज्यादा कुछ नहीं बोलता। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं दुनिया में कहां घूम रही हूं, दो दिनों के अंदर मुझे घर के खाने की याद आने लगती है और मैं एक भारतीय रेस्तरां की तलाश में निकल जाती हूं। दाल चावल मेरा मुख्य भोजन है, लेकिन खिचड़ी मेरा पसंदीदा भोजन है। पापड़ और अचार लंच के लिए एकदम सही हैं। दक्षिणायन का डोसा मेरे पसंदीदा व्यंजन हैं। मैं काजू कतली को कभी भी ना नहीं कह सकती। मैं आम के मौसम में सबसे ज्यादा खुश रहती हूं। मेरे बेडरुम में हमेशा नमकीन के जार रखे रहते है। जीनत ने कहाः भारत बहुत ही विविध है, मैं अभी भी नए व्यंजनों की खोज कर रही हूं।

### जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म की शूटिंग शुरू

**तेलुगू** स्टार जूनियर एनटीआर बड़े पर्दे पर डबल रोल में नजर आने वाले हैं। यह सुपरस्टार की 30वीं फिल्म है, जिसे मेकर्स ने फिलहाल एनटीआर 30 का नाम दिया है। फिल्म कोराताला शिवा (कोरतला शिवा) द्वारा निर्देशित है। जूनियर एनटीआर के साथ जाह्नवी कपूर अभिनय कर साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में शुरू हो चुकी है। वहां लंबे समय से कयास लगाए जा रहे थे कि सैफ अली खान एनटीआर की 30वीं फिल्म में खलनायक की भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार सैफ बहुत जल्द शूटिंग में शामिल होंगे। फिल्म को डायरेक्टर कोराताला शिवा बना रहे हैं। यह पिता और बेटे की अदम्य लड़ाई की कहानी पर आधारित है।

### न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल के लिए चुनी गई राधिका मदान की फिल्म 'सना'




**राधिका** मदान की फिल्म 'सना' को 11 से 14 मई तक होने वाले 23वें न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में आधिकारिक प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। इस फिल्म में सोहम शाह, शिखा तलसानिया और पूजा भट्ट हैं। यह उत्तरी अमेरिका का सबसे पुराना और सबसे प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव है, जिसमें भारत और प्रवासी भारतीयों के सिनेमा को दिखाया जाता है। त्योहार वैश्विक भारतीय समुदाय से सिनेमा का जश्न मनाता है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित फिल्म राधिका मदान द्वारा अभिनीत एक 28 वर्षीय महिला की कहानी है, जो अनसुलझे आघात के कारण आंतरिक लड़ाई लड़ रही है। निर्देशक सुधांशु सरिया ने कहाः न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में आधिकारिक प्रतियोगिता के लिए 'सना' का चयन करना एक बड़ा सम्मान है।

## बंगाल दौरा : गुटबाजी छोड़ आपसी तालमेल की नसीहत दे गए शाह

# बूथस्तर पर संगठन की मजबूती का टास्क

**एजेंसी। कोलकाता**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल में अपना दो दिवसीय दौरा पूरा कर शनिवार को वापस नई दिल्ली लौट गए हैं। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता तुषार कांति घोष ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि सुबह 10:00 बजे के करीब अमित शाह वापस रवाना हुए हैं। हालांकि उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि शुक्रवार को बीरभूम में जनसभा के बाद जब वह कोलकाता लौटे तो पार्टी नेताओं के साथ बैठक में क्या कुछ चर्चा हुई। शनिवार को भी दिल्ली वापसी से पहले उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेताओं संग बैठक की है जिसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष समेत केंद्रीय मंत्री सुभाष सरकार, निशीथ प्रमाणिक, मतुआ सांसद शांतनु ठाकुर और अन्य नेता उपस्थित थे।

दोनों दिनों की बैठक में अमित शाह ने पार्टी नेताओं को आपसी गुटबाजी छोड़ कर बेहतर तालमेल के साथ काम करने की नसीहत दी। अमित शाह ने कहा कि पार्टी के कुछ शीर्ष नेताओं में आपसी तालमेल नहीं है और गुटबाजी की वजह से वे एक-दूसरे पर सवाल खड़े करते हैं। उनका इशारा दिलीप घोष और शुभेंदु अधिकारी के बीच होने वाली जुबानी जंग की ओर थी। इसके अलावा अमित शाह ने पंचायत चुनाव में एकजुट होकर रणनीति बनाने और उसके क्रियान्वयन को कहा है।

शाह ने स्पष्ट किया है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 42 में से 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी। अब 2024 में लोकसभा चुनाव होना है और उसके पहले होने वाला पंचायत चुनाव लिटमस टेस्ट की तरह है। इसलिए इसमें बेहतर प्रदर्शन पार्टी को अच्छा परफॉर्म करने में मददगार बनेगा। अमित शाह ने कहा है कि अभी से संगठन को इतना मजबूत करना है कि लोकसभा चुनाव में राज्य में कम से कम 35 सीटें आराम से जीत सकें।

# लोबिन का तो मिल गया विकल्प चमरा की तलाशने में जुटा झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से नाराज चल रहे विधायक लोबिन हेंब्रम और चमरा लिंडा का विकल्प तलाशने में पार्टी के रणनीतिकार जुटे हैं। पार्टी और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का प्रयास रंग लाया। भाजपा में उपेक्षित चल रहे अपने पूर्व दिग्गज संथाल नेता हेमलाल मुर्मू को पुनः झामुमो में वापसी करा कर लोबिन हेंब्रम को सीधा संदेश दे दिया गया कि पार्टी उनसे मान-मनव्वल के मूड में नहीं है। पार्टी ने उनका विकल्प चुन लिया है। अब भविष्य में लोबिन झामुमो छोड़ते हैं, तो झामुमो को कोई परेशानी नहीं होगी। लोबिन की जगह हेमलाल मुर्मू बोरियो सीट से विधानसभा के प्रत्याशी हो सकते हैं। पार्टी के रणनीतिकार अब बिशुनपुर के विधायक चमरा लिंडा के मामले में भी यही रणनीति अपनायेंगे।



समझा जाता है कि पार्टी चमरा लिंडा से भी मान-मनव्वल नहीं करेगी, बल्कि उनका विकल्प खड़ा करेगी। इसके प्रयास तेज हो गए हैं। कांग्रेस नेता शिव कुमार भगत बिशुनपुर में एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरे हैं। गैर भाजपाई नेता के रूप में ये चमरा लिंडा को मजबूत टक्कर दे सकते हैं। शिव कुमार भगत 2009 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में यहां से चुनाव लड़ा था। कांग्रेस प्रत्याशी चमरा लिंडा को कड़ी टक्कर देकर दूसरे स्थान पर रहे थे। इसके बाद चमरा लिंडा झामुमो में शामिल हो गए और 2014 और 2019 में झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ कर विधायक बने। झामुमो इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखना चाहता है। फिलहाल शिव कुमार भगत के अलावे वहां कोई विकल्प नहीं दिख रहा है। 2024 में झामुमो-कांग्रेस के बीच चुनावी गठबंधन हुआ, तो शिवकुमार भगत की लॉटरी निकल सकती है। चमरा लिंडा का फोकस आगामी लोकसभा संसदीय चुनाव पर है। लिंडा हर हाल में लोहरदगा सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं। इसके लिए यह अपनी पार्टी में तो दबाव बनाए हुए हैं ही, साथ ही भाजपा और कांग्रेस दोनों से संपर्क बनाए हुए हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों चमरा लिंडा को लोहरदगा संसदीय सीट के लिए मजबूत दावेदार मान कर चल रही हैं। लोकसभा में झामुमो-कांग्रेस के बीच गठबंधन हुआ तो लोहरदगा सीट निश्चित ही कांग्रेस के खाते में जाएगी। इसलिए चमरा लिंडा कांग्रेस से भी संपर्क बनाए हुए हैं। हालांकि लोहरदगा संसदीय सीट से वर्तमान मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और कांग्रेस में वापसी कर चुके पूर्व विधायक सुखदेव भगत भी रेस में हैं। रामेश्वर उरांव और सुखदेव भगत के बीच छत्तीस का रिश्ता है, ऐसे में चमरा लिंडा एक विकल्प के रूप में सामने आ सकते हैं। चमरा लिंडा संसदीय चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी हुए तो निश्चित ही झामुमो शिव कुमार भगत को अपने पाले में कर बिशुनपुर के लिए विकलप के रूप में सामने ला सकता है। चमरा लिंडा 2009 और 2014 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लोहरदगा संसदीय सीट से चुनाव लड़ चुके हैं, जिसमें क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## रांची में मध्याह्न भोजन के लिए मात्र 54 प्रतिशत स्कूलों में हुआ ऑडिट



नवीन मेल संवाददाता। रांची

मध्याह्न भोजन को लेकर ऑडिट कराने के मामले में राजधानी रांची के स्कूलों की स्थिति अच्छी नहीं है। जिले के मात्र 54 फीसदी स्कूलों ने ही 18 मार्च तक ऑडिट कराया है। शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिले की इस रिपोर्ट पर नाराजगी जतायी गई है। इसे लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार ने सभी प्रखंड के बीईईओ को पत्र लिखकर जवाब मांगा है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कुछ बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा है, ताकि इसमें लापरवाही बरतनेवालों की पहचान करते हुए विभागीय कार्रवाई की जाए। जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से बीईईओ को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पूर्व में विभागीय आदेश के आधार पर 15 अप्रैल तक कार्य पूरा करा लेने का निर्देश दिया गया है, लेकिन इसमें लापरवाही बरती जा रही है। पूर्व निर्धारित तिथि होने के बाद भी ऐसी स्थिति होना लापरवाही को दशार्ता है। अंकेक्षण कार्य कराने के मामले में बुंडू प्रखंड की स्थिति अन्य के मुकाबले अच्छी है। प्रखंड के 100 स्कूलों में ऑडिट होना है, जिसमें 18 मार्च तक 61 फीसदी स्कूलों का ऑडिट कार्य पूरा कर लिया गया है।

## 21 अप्रैल को अवकाश घोषित करे सरकार

**रांची।** झारखंड राब्ता हज कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस के नेता हाजी मतलुब इमाम ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि 21 अप्रैल को पवित्र रमजान माह का अलविदा जुमा है। झारखंड उच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय पटना में उस दिन अवकाश रहता है। इसलिए झारखंड सरकार भी उस दिन अवकाश की घोषणा करे। मतलुब इमाम ने इसके लिए झारखंड सरकार के कार्मिक विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि इससे मुस्लिम धर्मावलंबियों को काफी सहुलियत होगी।

## मुख्यमंत्री आवास का घेराव 17 को

**रांची।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले 60:40 नियोजन नीति के खिलाफ 17, 18 एवं 19 अप्रैल का महाआंदोलन ऐतिहासिक होगा। इसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। यूनियन के छात्र नेता देवेन्द्र नाथ ने कहा कि 17 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास घेराव ऐतिहासिक होगा। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को सभी जिले से छात्र रांची में जुटेंगे और मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा, वहीं आंदोलन के दूसरे दिन 18 अप्रैल को सभी जिला मुख्यालय में शाम को मशाल जुलूस निकाला जाएगा। 19 अप्रैल को झारखंड बंद रहेगा।

## राजा कुंजला में त्रिदेव मंदिर का वर्षगांठ 27 से

**रांची।** मुरहू प्रखंड के राजा कुंजला गांव स्थित त्रिदेव मंदिर का दो दिवसीय वर्षगांठ समारोह 27 और 28 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। ग्राम सभा अध्यक्ष काशीनाथ महतो ने बताया कि 27 अप्रैल को मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा के बाद पूजा अर्चना और अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे और भंडारा का आयोजन किया जाएगा। अपराह्न एक बजे से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू होगा। 28 अप्रैल को धार्मिक अनुष्ठानए हवन और महा आरती के बाद प्रसाद वितरण और भंडारा होगा। रात्रि नौ बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इस संबंध में ग्राम अध्यक्ष काशीनाथ महतो ने बताया कि मंदिर की वर्षगांठ के दौरान कुंजलना ही नहीं आसपास के गांवों के लोग भी अपने मेहमानों को आमंत्रितत कर कार्यक्रम में बुलाते हैं।

### राज्य के सरकारी मध्य विद्यालयों का हाल, 2937 पद स्वीकृत

# मात्र 62 स्कूलों में हेडमास्टर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के सरकारी मध्य विद्यालयों में हेडमास्टर के स्वीकृत पद 2937 हैं, लेकिन सिर्फ 62 स्कूलों में ही हेडमास्टर हैं। आधे से अधिक मध्य विद्यालयों में हेडमास्टर नहीं हैं। जिन मध्य विद्यालयों में हेड मास्टर नहीं हैं, उनमें किसी सीनियर शिक्षक को हेडमास्टर का प्रभार दिया गया है। टीचर ट्रांसफर पोर्टल के अनुसार, 23 में से 14 जिलों में हेडमास्टर की संख्या शून्य है। झारखंड में कुल शिक्षकों की संख्या 1,15,099 है, जिनमें से रेगुलर 51,326 और पारा टीचर 63,773 है। विद्यार्थियों की कुल संख्या 5,00,1,640 है, जिनमें से क्लास 1 से 5 में 2606321, क्लास 6 से 8 में 14,72, 615, क्लास 9 से 10 में 6,45,725, क्लास 11 से 12 में 2,76,979 बच्चे पढ़ते हैं। स्कूलों की कुल संख्या 32,748 है, जिनमें क्लास 1 से 5 में 21,183, क्लास 1 से 8 में 11,553 और क्लास 6 से 8 में 12, 000 विद्यार्थी है। झारखंड में शिक्षकों प्रमोशन लगभग 20 साल से नहीं हुआ है। हेडमास्टर बनने के लिए शिक्षकों के पास 12 साल का शिक्षण अनुभव होना जरूरी है। वहीं शिक्षक का एमए बीएड भी होना जरूरी है। शिक्षा विभाग के जानकारों का कहना है कि झारखंड में लगभग 50 प्रतिशत शिक्षक ऐसे हैं, जिन्हें प्रोन्नति मिले, तो हेडमास्टर बन सकते हैं। हेडमास्टर नहीं होने के कारण प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को ही डीडीओ का प्रभार सौंप दिया गया है।



## सीएम इमानदारी दिखाते हुए 'गद्दार' अफसर को जेल भिजवाएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने आज (शनिवार) किए ट्वीट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री इमानदारी दिखाते हुए सेना की जमीन की हेराफेरी कर देश से गद्दारी समान कृत्य करने वाले ऐसे अफसर को जेल भिजवाएं। उन्होंने कहा कि झारखंड में अब जो हो रहा है, उसे लूट नहीं, डकैती की श्रेणी में गिना जाना चाहिए। मातृभूमि की सुरक्षा में लगी सेना तक की जमीन को बिकवाने वाले चार्जशीटेड पूर्व डीसी छवि रंजन के नेतृत्व में सत्ता संरक्षित गिरोह की नजर सरकारी जमीन पर है। आईएएस छवि रंजन सरकारी बहुमूल्य पेड़ तक बेच दिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता मरांडी ने मांग की है कि आपकी नाक कटवाने वाले ऐसे अफसर को नौकरी से बर्खास्त करने का प्रस्ताव केन्द्र को भेजा जाए। भाजपा की लड़ाई सत्ता संरक्षित डकैतों से है। यह लड़ाई जारी रहेगी। झूठे मुकदमों से भाजपा कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। सबके एक-एक पाप का हिसाब होगा। जल्द ही ऐसे लोगों का होटवार जेल नया पता होगा। मरांडी सोशल मीडिया पर लगातार छवि रंजन और दूसरों की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं। 14 अप्रैल को भी उन्होंने मुख्यमंत्री को याद दिलाते हुए लिखा था-खबर आ रही है कि रांची जमीन महाघोटाला में ईडी ने छह जमीन माफिया को गिरफ्तार किया है। अब तो कमिश्नर की रिपोर्ट पर अमल कर पूर्व डीसी छवि रंजन पर कार्रवाई की जाए।

# सरस्वती मंदिर में जयंती मनाई गई

**रांची।** मोरहाबादी स्थित गंगा प्रसाद बुधिया सरस्वती विद्या मंदिर में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनायी गयी. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मंत्री ब्रम्हा जी राव शामिल हुए। इसके अतिरिक्त वार्ड 3 की पार्षद बसंती लकड़ा, विद्यालय की प्रबंध कारिणी समिति के सह सचिव आलोक तिवारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष कुमार झा समेत विद्यालय के शिक्षक और बच्चे मौजूद थे। मौके पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये. वहीं वक्तओं ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को याद करते हुए देश के प्रति उनके कामों की चर्चा की। उनके विचारों और उनके संघर्षपूर्ण जीवन को अपना आदर्श बनाने की बात कही।




## शाश्वत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव

**रांची।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर शाश्वत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। कबड्डी, रस्साकसी, खोखो, कैरम, चेस, बोरा रेस, वॉलीबॉल, म्युजिकल चेयर, लौंग जंप और हाई जंप प्रतियोगिताएं हुईं। खेल महोत्सव में सत्र 2021-23 और 2022-24 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मंडेला हाउस 14 मेडल के साथ प्रथम स्थान पर रहा। अटल हाउस को 12 मेडल मिला और वह दूसरे स्थान पर रहा। कलाम हाउस 11 मेडल के साथ तीसरे और गुरुनानक हाउस 9 मेडल के साथ चौथे स्थान पर रहा। आयोजन कॉलेज के खेल शिक्षक नागेंद्र चौहान की देखरेख में हुआ। इसमें कॉलेज के प्रबंधक डॉ। आनंद, प्राचार्य डॉ विनोद कुमार राय समेत कॉलेज के कई शिक्षक व कर्मचारी शामिल रहे।

# 17 जिले कोरोना की चपेट में मरीजों की संख्या हुई दोगुनी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के 17 जिलों में कोरोना पांर पसार रहा है। महज 5 दिन में यहां कोरोना मरीजों की संख्या दोगुनी हो गयी है। 10 अप्रैल को राज्य में कोरोना मरीजों की संख्या 75 थी। जो 15 अप्रैल को बढ़कर 151 पर पहुंच गया है। वहीं राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रिम्स में एक कोरोना मरीज (बच्चा) भर्ती है। जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने बताया कि संक्रमित बच्चे को आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया गया है। पीडियाट्रिक विभाग के डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। बोकारो में कोरोना के 3, चतरा में 1, देवघर में 16, दुमका में 2, पूर्वी सिंहभूम में 24, गढ़वा में 1, गिरिडीह में 3, गोड्डा में 1, गुमला में 1, हाजरीबाग में 8, खूंटी में 1, कोडरमा में 7, लातेहार में 7, लोहरदगा में 8, रामगढ़ में 5, रांची में 59 और पश्चिमी सिंहभूम नेम 4 सक्रिय मरीज हैं। बता दें कि देश में भी कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बीते 24 घंटे में कोरोना के 10,753 नये मामले सामने आये। जबकि सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 53,720 हो गयी। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे जारी अपडेट आंकड़ों के मुताबिक, भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 से 27 मरीजों ने दम तोड़ दिया। इसके बाद देश में मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 5,31,091 पर पहुंच गयी।



## अश्विनी उपाध्याय आज रांची में

**रांची।** सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता व पीआईएल मैन के नाम से मशहूर अश्विनी उपाध्याय 16 अप्रैल रविवार को राजधानी रांची में रहेंगे। वे यहां राष्ट्र बचाओ आंदोलन के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्र बचाओ उद्बोधन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। किशोरगंज स्थित एलपी पब्लिक स्कूल में नया भारत नया कानून पर लोगों को संबोधित करेंगे। जानकारी देते हुए राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रवादी व प्रखर वक्ता सह पीआईएल मैन के नाम से जाने जानेवाले अश्विनी उपाध्याय का आगमन हो रहा है। राष्ट्र बचाओ उद्बोधन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर अश्विनी उपाध्याय बहुविधान नहीं संविधान चाहिए नया भारत नया कानून चाहिए पर लोगों को संबोधित करेंगे। मौके पर राष्ट्र बचाओ आंदोन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण सहित अन्य राष्ट्रभक्तों व गणमान्यों का जमावड़ा रहेगा।

**तकनीक** | प्रशिक्षण लेकर खेती में पहचान कायम की शशिकांत ने

# लिफ्ट सिंचाई ने बदल दी किसान की जिंदगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

तोरपा प्रखंड की फटका पंचायत के गुटुहातू गांव की शशिकांत गुड़िया का नाम अपने गांव-घर को छोड़कर शायद ही किसी को पता था। लेकिन कृषि के क्षेत्र में उसने इतनी मेहनत की और स्वयं सेवी संस्था "प्रदान" से तकनीकी प्रशिक्षण लेकर उसने खेती के क्षेत्र में एक नई पहचान कायम कर ली। शशिकांत बताती हैं कि जून 2021 में उन्हें सौर लिफ्ट सिंचाई प्रणाली के बारे में पता चला, जिसे गांव में आयोजित महिला मंडल और ग्राम संगठन बैठक में प्रदान द्वारा प्रस्तुत किया गया था। जैसे ही उन्हें इस प्रणाली के बारे में पता चला, वह गांव में गठित सौर उपयोगकर्ता समूह का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हो गईं और आज वह कारो सोलर सिंचाई समिति की एक सक्रिय सदस्य हैं। इस गांव के लिए सिंचाई के बुनियादी ढांचे की कमी एक बड़ी कमी थी। इसके कारण गांव के लोग बरसात को छोड़कर अन्य किसी मौसमों में खेती नहीं कर पाते थे। खेती के लिए पूरा गांव मॉनसूनी वर्षा पर बारिश पर निर्भर रहते थे। शशिकांत का परिवार खरीफ की फसल के दौरान कुछ जमीन पर केवल धान और मडुआ की खेती करती थी। सिंचाई की कमी के कारण दूसरी फसल के बारे में वह सोच भी नहीं सकती थी। इसक कारण पूरा खेत खाली पड़ी रहती थी। हालांकि शशिकांत की जमीन कारो नदी के तट पर ही थी, पर नदी के पानी को खेतों तक ले जाना गंभीर समस्या थी। गांव में बिजली की स्थिति वैसी ही थी। इसके कारण वह मोटर पंप से भी सिंचाई नहीं कर पाती थी। डीजल और केरोसिन महंगा होने के कारण खेती में लागत अधिक होती थी। उसी दौरान उसे प्रदान संस्स्था से जानकारी मिली कि सौर लिफ्ट सिंचाई की जानकारी मिली। सौर लिफ्ट सिंचाई प्रणाली की स्थापना की प्रक्रिया के लिए वह गांव में होनेवाली नियमित बैठकों में भाग लिया और सौर उपयोगकर्ता समूह में अपने हिस्से की राशि का योगदान दिया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह से ऋण लेकर अपने हिस्से का योगदान दिया और दूसरों को भी शामिल होने और योगदान करने के लिए प्रेरित किया। सितंबर माह में नई सौर साइट सौर सिंचाई समिति को सौंपने के साथ ही उन्होंने रबी मौसम में सौर सिंचाई का उपयोग कर आलू, गोभी और फूलगोभी सहित अन्य सब्जियों की खेती करने लगी। अब वह खेती से अच्छा लाभ प्राप्त कर रही है। शशिकांत अपने खेत से अब एक वर्ष में तीन फसल का उत्पादन कर रही है। महिला किसान बताती है कि वह अपनी जमीन का एक-एक इंच का उपयोग खेती में कर रही है। शशिकांत नई कृषि तकनीकों को अपना कर खेती कर रही है और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित कर रही है। आज वह खेती-किसानी से ही आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर दूसरों के लिए प्रेरणा श्रोत बन गई हैं।



## पृष्ठ एक का शेष

**गहलोत ही राजस्थान के...**

और प्रयासों के कारण ही कांग्रेस जीती थी। इस विचार के नजरिए से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर उनके दावे को सही भी ठहराया जा सकता है लेकिन राजनीति एक ऐसा क्षेत्र है जहां बहुत कुछ सही होते हुए भी गलत होता है और कई परिस्थितियों में जो गलत दिखता है उससे सही कुछ और हो ही नहीं सकता। लगता है सचिन पायलट एक बार फिर राजनीति के इस सबक को समझने में चूक कर गए हैं। दो-तीन बातें हैं- सबसे पहले तो नैतिक रूप से सचिन पायलट को इस मुद्दे पर अनशन करने का ही कितना अधिकार है? राज्य में कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने एक बार भी इस कथित भ्रष्टाचार का मुद्दा नहीं उठाया। गहलोत सरकार में वे डेढ़ साल उपमुख्यमंत्री भी रहे, लेकिन तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब चुनाव से पहले इस मुद्दे को हवा देने से उनका मंतव्य निर्दोष नहीं दिखता। दूसरी बात अनशन की टाइमिंग को लेकर भी है। सचिन पायलट को शायद लगा होगा कि ऐसे समय में जब राहुल गांधी जोर-शोर से अडाणी मामला उठाकर केंद्र सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेर रहे हैं, तब उनके इस आरोप की जांच से पीछे हटना अशोक गहलोत के लिए मुश्किल होगा और वो एक ही दांव से राज्य के दो सबसे प्रमुख नेताओं - अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे को चित करने में कामयाब हो जाएंगे।

लेकिन इस मामले पर कांग्रेस नेतृत्व के तेवर देखकर तो यही लग रहा है कि पायलट की राजनीतिक उड़ान फिर भटक गई है। एक तरफ पार्टी अपने सबसे जाने-पहचाने चेहरे राहुल गांधी के राजनीतिक भविष्य को लेकर सरकार से दो-दो हाथ कर रही है, दूसरी तरफ वो कर्नाटक चुनाव में अपने सारे संसाधन झोंक रही है जहां उसके पास सत्ता में लौटने के अच्छे अवसर भी बताए जा रहे हैं। इस सबके साथ विपक्षी एकता की नए सिरे से शुरू हुए प्रयासों में भी वो धुरी बनती दिख रही है। एक तरह से कांग्रेस अपने राजनीतिक भविष्य के सबसे निर्णायक मोड़ पर खड़ी है जहां एक दशक के राजनीतिक वनवास के बाद उसे कुछ अच्छे दिन की आहट मिल रही है। जाहिर तौर पर इस कवायद में अशोक गहलोत की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी जैसा वो पूर्व में भी अपनी पार्टी को मजबूती देने के लिए करते रहे हैं।

गहलोत एक अनुभवी राजनेता हैं जो विरोधियों को संभालना जानते हैं और कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व उनके महत्व से भली-भांति वाकिफ है। यही वजह है कि कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में आखिरी वक्त में दिखाई गई उनकी जादूगरी को भी आलाकमान ने दिल के ऊपर दिमाग रखकर जैसे-तैसे पचा लिया। दरअसल, गहलोत कांग्रेस के ऐसे संकटमोचक हैं जो समय-समय पर कांग्रेस को राजनीतिक भंवरजाल से निकालते आए हैं। तीन साल पहले राजस्थान में बीजेपी के ऑपरेशन लोटस को विफल करने से पहले भी दूसरे राज्यों में कांग्रेस की सरकारें बचाने में गहलोत कांग्रेस में चाणक्य की भूमिका निभाते नजर आए हैं। अहमद पटेल के निधन के बाद कांग्रेस में ऐसी खूबी रखने वाले शायद वो अब अकेले नेता बचे हैं। इसके साथ ही गहलोत कांग्रेस के उन चुनिंदा नेताओं में हैं जो गांधी परिवार के भरोसेमंद और विश्वस्त हैं। ऐसे अनेकों अवसर गिनाए जा सकते हैं जब गहलोत पूरी मजबूती के साथ गांधी परिवार के साथ खड़े नजर आए। पिछले दिनों जब राहुल गांधी और सोनिया गांधी को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था, तब भी 71 साल के गहलोत दिल्ली की सड़कों पर केंद्र सरकार के खिलाफ सबसे आगे रहकर संघर्ष करते दिखाई दिए थे। कांग्रेस के अंदर उनके सियासी कद का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जो गुजरात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का गढ़ है, उसकी जिम्मेदारी भी कांग्रेस ने लंबे समय से उन्हें सौंप रखी है। इतना ही नहीं, देशभर में कांग्रेस के खिलाफ केंद्र सरकार के आक्रामक प्रचार के बीच पिछले पांच वर्षों में राजस्थान की जनता के लिए उन्होंने जो किया है वह अद्भुत है। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई कई नीतियों और कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा की सफलता क्या उनके योगदान के बिना संभव हो सकती थी? गहलोत से जुड़े अपने निजी अनुभवों के आधार पर मैं कह सकता हूं कि वे खांटी जमीनी राजनेता हैं। खेत-खलिहान और गरीब-मजदूर से लेकर जयपुर-दिल्ली तक वे बड़ी आसानी से हर तबके में अपनी जगह बना लेते हैं। रिश्ते बनाने से लेकर रिश्तों का सही इस्तेमाल करना भी उन्हें बखूबी आता है। ताजा घटनाक्रम में भी साफ दिख रहा है कि कांग्रेस का केन्द्रीय नेतृत्व पूरी तरह से उनके पीछे खड़ा है। रही बात पायलट की, तो अब उनके अगले कदम का सबको इंतजार है। कई कयास हवा में तैरने शुरू हो गए हैं - सचिन पायलट कांग्रेस छोड़ देंगे, अपनी खुद की पार्टी बनाएंगे, पहली बार कांग्रेस और बीजेपी को एक साथ निशाना बनाकर वो अरविंद केजरीवाल की बोली बोल रहे हैं इसलिए आम आदमी पार्टी से हाथ मिलाएंगे आदि-आदि। सचिन पायलट इसमें से कुछ भी करेंगे तो अपने पैरों पर ही कुल्हाड़ी मारेंगे। किसी पार्टी के लिए यह असामान्य नहीं है कि उसके शीर्ष नेता सत्ता के लिए आपस में लड़ें, लेकिन अगर ऐसा चुनावों के इतने करीब होता है तो यह बेहद खतरनाक है। दिक्कत ये है कि गहलोत और पायलट के बीच मतभेद के बजाय मनभेद ज्यादा हैं। इसलिए कांग्रेस के लिए भी इस सियासी नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोलना फिलहाल परेशानी का सबब बना हुआ है। मेरा अनुमान है कि प्रदेश प्रभारी के समझाने-बुझाने के बावजूद सचिन पायलट ने ये कदम उठाया है तो बहुत सोच-समझकर उठाया है। ऐसे मौकों पर परंपरागत रूप से होने वाली बयानबाजी से भी वो बचे हैं। इसका साफ मतलब है कि उनका इरादा कांग्रेस में ही रहकर अपनी सियासी स्पेस बढ़ाना है। आलाकमान जब उनसे इस मामले में जवाब तलब करेगा तब वे पार्टी में और खासकर चुनाव के समय स्वयं और अपने समर्थकों को महत्व देने की गारंटी मांगेंगे जिस पर आगे सरकार से सहयोग करने की शर्त पर मुझे लगता है सहमति भी बन जाएगी। इसी तरह की गुजारिश अशोक गहलोत से भी की जाएगी ताकि चुनाव तक ऑल इज वेल का माहौल बना रहे।

**ईडी अधिकारियों पर दर्ज करायेंगे...**

मरीज ईडी की पिटाई से कान के दोनों पर्दे फट गए। उनसे ईडी क्या उगलवाने की कोशिश कर रही थी, उसे किस कागज पर दस्तखत के लिए कहा जा रहा था। अरुण पिल्लई, समीर महेंद्रू सहित पांच नाम हमारे पास हैं, उन्हें धमकियां दी गईं, टॉर्चर करके बयान लिया गया। एक व्यक्ति के पिता और पत्नी को बैठाकर पूछताछ की गई धमकी देकर। मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं कि चल क्या रहा है?

**25 किसानों ने बिहार में समेकित...**

पैकेज, जलभराव से निपटने के लिए चावल, मछली, बत्तख, आईएफएस मॉडल इत्यादि के बारे में विदेशी पद्धति की जानकारी ली। आत्मा पलामू के किसानों ने संस्थान, अनुसंधान फार्म एवं कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किए गए प्रत्यक्षण प्लॉट का भ्रमण भी किया। प्रशिक्षण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर के निदेशक डॉ. विकास दास ने किसानों को पलामू क्षेत्र में बागवानी के ऊपर विशेष जोर देने की बातें कही। उन्होंने बताया कि पलामू का क्षेत्र कीमती आम, लीची, अमरूद, पपीता, संतरा, नींबू इत्यादि फलों की खेती के लिए उपयुक्त है। इसलिए बागवानी कर किसान अच्छी आमदनी कर सकते हैं।

### ब्राजील पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल 2023

# प्रमोद भगत, सुकांत कदम क्वार्टर फाइनल में पहुंचे


**प्रमोद भगत सिंगल्स, मिक्स्ड डबल्स और मेंस डबल्स जबकि सुकांत कदम सिंगल्स और मेंस डबल्स के क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह**

**एजेंसी। साओ पाउलो**

अनुभवी शटलर प्रमोद भगत और दुनिया के नंबर चार सुकांत कदम ने ब्राजील पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल 2023 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। प्रमोद भगत ने सिंगल्स, मिक्स्ड डबल्स और मेन्स डबल्स सुकांत कदम सिंगल्स और मेंस डबल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। प्रमोद भगत ने पहले ब्राजील के रेसन फेरेरा डी अब्रू सिल्वा और उसके बाद डोमिनिकन गणराज्य के पेट्रीसियो एंड्रेस एचेवरिया ओलेव को हराकर एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सामना पेरू के पेड्रो पाब्लो डी विनेता से होगा। इसके बाद पुरुष युगल स्पर्धा में उन्होंने भारत के सुकांत कदम के साथ मिलकर पहले मैच में हमवतन नीलेश बालू गायकवाड़ और मनोज सरकार को हराया। इसके बाद दूसरे मैच में रिपब्लिक के पेट्रीसियो एंड्रेस एचेवरिया ओलेवे और पेरू के पाब्लो सीजर कुएतो को हराया, जबकि तीसरे ग्रुप मैच में उन्होंने ब्राजील के ब्रेनो जोहान और लियोनार्डो ज़ुफो को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना पेरू के पेड्रो पाब्लो डी विनेता और रेन्जो डिकेज बांस मोरालेस के साथ होगा।



मिश्रित युगल में प्रमोद भगत और मनीषा रामदास ने अपने अभियान की शुरूआत फ्रांस के मैथ्यू थॉमस और मौड लेफोर्ट से हारने के साथ की, लेकिन जल्दी ही वापसी की और अपने अगले दो गेम पेरू के रेंजो डीक्यूज बैंसेस मोरालेस और जेनी बर्था वेंटोकिला हुआरंगा, व अजरबैजान के इब्राहिम अलीयेव और फ्रांस की कैथरीन नौदिन को शिकस्त दी। इसके बाद उन्होंने भारतीय जोड़ी चिराग बरेठा और मनदीप कौर को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।



## कोहली के बल्ले से रन निकलते देखना चाहते हैं उनके प्रशंसक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि कोहली के फॉर्म में होने से टाटा आईपीएल 2023 में आरसीबी के शीर्ष चार में पहुंचने की संभावना बढ़ गई है। स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव शो में गावस्कर ने कहा, 'इस साल आरसीबी का दावा विराट कोहली पर है। अगर वह हर मैच में अच्छा खेलते हैं तो आरसीबी के जीतने की संभावना बढ़ जाती है। विराट सबसे बड़े सुपरस्टार में से एक है, आरसीबी ही नहीं वरन हर टीम के प्रशंसक उनके बल्ले से रन निकलते देखना चाहते हैं। वहीं, दूसरी तरफ मौजूदा टाटा आईपीएल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी एक कमजोर कड़ी रही है, क्योंकि कप्तान डेविड वार्नर की टीम चार मैचों में से एक में भी जीत दर्ज नहीं कर पाई है। वार्नर- जिनकी टूर्नामेंट में स्ट्राइक रेट के लिए आलोचना की जा रही है- दिल्ली फ्रेंचाइजी के लिए बल्ले से सफल एकमात्र बल्लेबाज रहे हैं। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने उम्मीद जताई है कि ऑस्ट्रेलिया का यह सीनियर क्रिकेटर बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करेगा और अपने आलोचकों की बोलती बंद करेगा। श्रीसंत ने कहा: डेविड वार्नर के लिए रनों की भूख कभी नहीं मिटती। वह एक विशिष्ट ऑस्ट्रेलियाई है, जो हमेशा क्रिकेट की पिच पर हावी होने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मैंने उन्हें गेंदबाजी करने का आनंद लिया है क्योंकि वह गेंदबाजी करने के लिए सबसे मुश्किल बल्लेबाज हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि एलएसजी को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कप्तान का फॉर्म बहुत महत्वपूर्ण है। कैफ ने कहा: लखनऊ को अगर अच्छा करना है तो केएल राहुल को अपने बल्ले से जादू दिखाना होगा। इस टीम का भाग्य काफी हद तक उनकी बल्लेबाजी पर निर्भर करता है।

## NEWS इन ब्रीफ

### बुमराह ने एनसीए में रिहैब शुरू किया

**मुंबई।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपने पीठ के निचले हिस्से की सफल सर्जरी के बाद बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना रिहैब प्रबंधन शुरू कर दिया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की अगले सप्ताह सर्जरी होनी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शनिवार को इन दोनों खिलाड़ियों के मेडिकल अपडेट को साझा किया। बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा: न्यूजीलैंड में जसप्रीत बुमराह के पीठ के निचले हिस्से की सफल सर्जरी हुई और वह अब दर्द से मुक्त हैं।

### चोटिल मयंक यादव के स्थान पर अर्पित एलएसजी में शामिल

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के शेष बचे मैचों के लिए शनिवार को चोटिल मयंक यादव के स्थान पर अर्पित गुलेरिया को टीम में शामिल किया है। अर्पित ने हिमाचल प्रदेश के लिए घरेलू क्रिकेट में पदार्पण किया और वर्तमान में सर्विसेज के लिए खेलते हैं। उन्होंने 15 प्रथम श्रेणी मैच और 12 लिस्ट ए मैच खेले हैं और क्रमशः 44 और 11 विकेट लिए हैं। वह 20 लाख रुपये में एलएसजी में शामिल हुए हैं।

### बास्केटबॉल टूर्नामेंट में खेलेंगी एन मैरी जकारिया

**नई दिल्ली।** एनबीए अकादमी भारत महिला कार्यक्रम की पूर्व छात्र एन मैरी जकारिया ने एनसीएए डिवीजन 1 कॉलेज बास्केटबॉल खेलने के लिए फोर्ट कॉलिन्स, कोलोराडो में कोलोराडो स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ करार किया है। केरल के मूल निवासी एनबीए अकादमी भारत से डिवीजन क बास्केटबॉल छात्रवृत्ति अर्जित करने वाली कुल मिलाकर चौथी खिलाड़ी बन गई हैं, उनसे पहले संजना रमेश (नॉर्थ एरिजोना), हरसिमरन कौर (सैन डिएगो) और पुरूष वर्ग में अमन संधू (मोनमाउथ हॉक्स) ये उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। एन मैरी रिलायंस फाउंडेशन जूनियर एनबीए कार्यक्रम का एक हिस्सा थीं।

# आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को 23 रनों से दी करारी मात

## आरसीबी के विजय कुमार का डेब्यू मैच में खतरनाक प्रदर्शन

**एजेंसी। बेंगलुरु**

आईपीएल के 16वें सीजन में दिल्ली कैपिटल्स का लगातार खराब प्रदर्शन जारी है, जिसमें अब उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मैच में 23 रनों की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को एम चिन्नास्वामी के मैदान में खेले गए इस मैच में दिल्ली की टीम को 20 ओवरों में 175 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसके बाद टीम 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 151 रनों ही बना सकी। इस मैच में आरसीबी की तरफ से अपना पहला मुकाबला खेल रहे विजयकुमार वैशाक का गेंद से शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। दिल्ली की इस सीजन में यह लगातार 5वीं हार है।



175 रनों के स्कोर का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स टीम की शुरुआत बेहद ही खराब रही। टीम ने एक के स्कोर पर पृथ्वी शॉ का विकेट गंवा दिया जो बिना खाता खोले ही रन आउट होकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद दिल्ली की टीम को अगला झटका भी 1 के स्कोर पर मिचेल मार्श के रूप में लगा जो भी शून्य के निजी स्कोर पर वेन पर्नेल का शिकार बने। इसके बाद 3 के स्कोर पर दिल्ली की टीम को तीसरा झटका यश ढुल के रूप में लगा जो एक के निजी स्कोर पर मोहम्मद सिराज की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट होकर पवेलियन लौट गए। यहां से डेविड वॉर्नर ने मनीष पांडे के साथ मिलकर स्कोर को आगे बढ़ाने के साथ टीम को गंभीर स्थिति से निकालने का प्रयास किया, लेकिन 30 के स्कोर पर दिल्ली की टीम को चौथा झटका कप्तान वॉर्नर के रूप में लगा जो 19 के निजी स्कोर पर विजयकुमार वैशाक का शिकार बने। दिल्ली की टीम पहले 6 ओवरों में जहां सिर्फ 32 रन ही बनाने में कामयाब हो सकी, वहीं टीम ने अपने 4 अहम विकेट भी गंवा दिए।

### बेंगलुरु ने दिल्ली को दिया 175 का लक्ष्य

**इससे** पहले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (50) के शानदार अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में शनिवार को 20 ओवर में छह विकेट पर 174 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बना लिया। दिल्ली के कप्तान डेविड वार्नर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अन्य बल्लेबाजों में कप्तान फाफ डुप्लेसी ने 22, महिपाल लोमरोर ने 26, आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने 24, शाहबाज अहमद ने नाबाद 20 और अनुज रावत ने नाबाद 15 रन बनाये। विराट और फाफ डुप्लेसी ने पहले विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की।

विराट अर्धशतक पूरा करने के बाद टीम के 89 के स्कोर पर आउट हुए। विराट ने 34 गेंदों की अपनी पारी में छह चौके और एक छक्का लगाया। लोमरोर ने 18 गेंदों पर दो छक्के और मैक्सवेल ने 14 गेंदों में तीन छक्के लगाए। बेंगलुरु ने 132 के स्कोर पर तीन विकेट गंवाए, लेकिन शाहबाज और रावत ने इसके बाद अंतिम ओवरों में टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया और टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। दिल्ली की तरफ से मिचेल मार्श ने 18 रन पर दो विकेट और कुलदीप यादव ने 23 रन पर दो विकेट लिए।

## जिम्बाब्वे ने 'जिम एफ्रो टी-10' का किया अनावरण

**हरारे।** जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) ने टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स के साथ मिलकर देश के बहुप्रतीक्षित फ्रेंचाइजी-आधारित टी-10 टूर्नामेंट का अनावरण किया है, जिसका लक्ष्य दुनिया भर के क्रिकेट सितारों को शामिल करना है। जिम एफ्रो टी-10 के नाम से जानी जाने वाली इस नई लीग का उद्घाटन संस्करण इस साल अगस्त में खेला जाएगा, जिसमें छह निजी स्वामित्व वाली टीमें शामिल होंगी। भाग लेने वाली फ्रेंचाइजी, खिलाड़ियों की नीलामी की तारीखें, कार्यक्रम और अन्य विवरण की घोषणा यथासमय की जाएगी। यह टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स द्वारा स्थापित किया जाने वाला नवीनतम टी-10 टूर्नामेंट है, जो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अबू धाबी टी-10 और श्रीलंका में लंका टी-10 की साझेदार है। जेडसी के अध्यक्ष तवेंग्वा मुकुहलानी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि लीग प्रशंसकों का मनोरंजन, खिलाड़ियों के लिए शीर्ष स्तर की प्रतियोगिता और निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगी। उन्होंने कहा: हम अपने स्वयं के फ्रैंचाइजी-आधारित टी-10 लीग का अनावरण करने के लिए रोमांचित हैं, एक शक्तिशाली प्रारूप जिसे हम मानते हैं कि वास्तव में हमारे बदलते, तेज-तर्रार क्रिकेटिंग दुनिया की जरूरत है।

# मैं अब तेजी से स्वस्थ हो रहा हूं : पंत

**पंत ने बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में टीम के प्रशिक्षण सत्र के दौरान टीम के साथियों के साथ मुलाकात की**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के ऋषभ पंत ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ टाटा आईपीएल 2023 मैच से पहले बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में टीम के प्रशिक्षण सत्र के दौरान टीम के साथियों के साथ मुलाकात की। पंत फिलहाल राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन और रिकवरी से गुजर रहे हैं। उनके ठीक होने के बारे में पूछे जाने पर पंत ने कहा: मैं बहुत अच्छी तरह से ठीक हो रहा हूं और हर बीतते दिन के साथ मैं बेहतर होता जा रहा हूं। मैं राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी का दौरा करने आया था और दिल्ली कैपिटल्स वहां मौजूद था। इसलिए मैं टीम से मिला।



पंत ने आगे कहा: मैंने अभी देखा कि टीम का अभ्यास कैसा चल रहा है। मुझे वास्तव में लड़कों के आसपास रहना पसंद है और मुझे इसकी कमी खल रही है। पंत ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ अपने अगले मैच से पहले टीम को बधाई देते हुए कहा: मेरा दिल और आत्मा हमेशा दिल्ली कैपिटल्स के साथ है। मैं उन्हें उनके अगले मैच के लिए शुभकामनाएं देना चाहता हूं। दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से भिड़ेगी।

### राष्ट्रीय राइफल और पिस्टल चयन परीक्षण

# बेहतरीन फॉर्म में दिखे पूर्व नंबर एक दिव्यांश

**दिव्यांश, विजयवीर, सिफ्ट, अनंत जीत और गनेमत जीते**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश के राज्य निशानेबाजी अकादमी रेंज में चल रहे राष्ट्रीय राइफल और पिस्टल चयन परीक्षण के दूसरे दिन शुक्रवार को टोक्यो ओलंपियन दिव्यांश सिंह पंवार, सिफ्ट कौर समरा और विजयवीर सिद्धू ने जीत दर्ज की। इस बीच, नई दिल्ली के डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज (डीकेएसएसआर) में अनंत जीत सिंह नरुका और गनेमत सेखों ने क्रमशः पुरुष और महिला स्कीट ट्रायल जीते।



विश्व के पूर्व नंबर एक दिव्यांश सिंह पंवार बेहतरीन फॉर्म में थे, उन्होंने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी4 क्वालिफिकेशन राउंड में 636.3 का स्कोर बनाया। वह भोपाल इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप में पिछले महीने चीन के शेंग लिहाओ के क्वालीफिकेशन में बनाए गए 635.4 अंक (जो वर्तमान में विश्व रिकार्ड है), से सिर्फ 1 प्वाइंट से चूक गए। क्वालीफिकेशन के अलावा, उन्होंने 25-शॉट रैंकिंग राउंड में भी शीर्ष स्थान हासिल किया और फिर स्वर्ण पदक मैच में सूर्य प्रताप सिंह बंष्टू को 16-12 से हराकर बोनस अंक भी जीता। भोपाल विश्व कप में अपना पहला आईएसएसएफ पदक, कांस्य पदक जीतने वाली पंजाब की सिफ्ट कौर समरा ने महिलाओं की टी4 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) में राज्य की साथी और ओलंपियन अंजुम मौदगिल को 16-4 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। एक अन्य अनुभवी ओलंपियन तेजस्विनी सावंत तीसरे स्थान पर रहीं।

पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (आरएफपी) में, भारत के अंतरराष्ट्रीय शूटर विजयवीर सिद्धू ने पदक मैच में आदर्श सिंह को 30-24 से हराकर पंजाब को एक और जीत दिलाई। ओलंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार 17 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में पश्चिम बंगाल के अभिनव शॉ, महिलाओं की 3पी जूनियर स्पर्धा में हरियाणा की निकिता कुंडू और जूनियर पुरुष 25 मीटर में राजकंवर सिंह संधू ने स्वर्ण पदक जीता।

### फुटबॉल | भारतीय टीम का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर जून में होगा शुरू

# इंटर-कॉन्टिनेंटल कप से टीम करेगी शुरुआत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर जून में इंटर-कॉन्टिनेंटल कप से शुरू होकर नवंबर और दिसंबर में 2026 विश्व कप क्वालीफायर तक काफी व्यस्त रहेगा। अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरन ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी। मडेर्का कप मलेशिया-आधारित टूर्नामेंट जो 1960 के दशक से लेकर 80 के दशक के मध्य तक वरिष्ठ राष्ट्रीय टीम के कैलेंडर में नियमित रूप से शामिल था, इस साल बैंकाक में एक और ऐतिहासिक टूर्नामेंट - किंग्स कप के साथ वापसी कर रहा है। एआईएफएफ ने अपनी कार्यकारी समिति की बैठक में कई फैसलों में विदेशी खिलाड़ियों को कलकत्ता फुटबॉल लीग (सीएफएल), गोवा लीग जैसे प्रमुख राज्य लीगों के साथ-साथ आई-लीग डिवीजन 2 में भाग लेने से रोकने का भी फैसला किया है। फेडरेशन के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यहां मीडिया से बातचीत के दौरान यह घोषणा की। महिला फुटबॉल के लिए, कुछ अच्छी खबर है क्योंकि भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम वेतन 3.2 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। एक सवाल के जवाब में कि भारतीय पुरुष टीम अगले साल की शुरुआत में होने वाले एशियाई कप फाइनल्स की तैयारी कैसे कर रही है, प्रभाकरन ने कहा: हम जून में इंटर-कॉन्टिनेंटल कप खेल रहे हैं और उसी महीने सैफ चैम्पियनशिप खेल रहे हैं। उसके बाद बैंकॉक में किंग्स कप खेल रहे हैं और उसके बाद अक्टूबर में मडेर्का कप खेल रहे हैं। नवंबर-दिसंबर विश्व कप क्वालीफायर का समय है। महासचिव ने कहा कि अगले साल एशियाई कप से पहले एक महीने का शिविर लगाने की योजना है। प्रभाकरन ने कहा: हमने अभी फैसला नहीं किया है, लेकिन हम एक महीने के लिए शिविर लगा सकते हैं।



### इंडियन सुपर लीग सितंबर से होगा शुरू

इंडियन सुपर लीग सितंबर से शुरू हो रहा है और तब ब्रेक होंगे जब भारतीय टीम राष्ट्रीय ड्यूटी पर होगी। मडेर्का कप के पुनरुद्धार के बारे में चौबे ने कहा: मैंने मलेशियाई फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष के साथ एक बैठक की थी। मडेर्का कप को 2013 में रोक दिया गया था। मैंने उनसे अनुरोध किया कि यदि वे टूर्नामेंट शुरू करते हैं, तो भारत इसमें भाग लेना पसंद करेगा। कलकत्ता फुटबॉल लीग ने अतीत में कई विदेशी खिलाड़ियों को सुपरस्टार बनाया है, लेकिन एआईएफएफ अध्यक्ष ने कहा कि नाइजीरियाई स्ट्राइकरों वाली स्थानीय लीग भारतीय फुटबॉल के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा: अगर आई-लीग डिवीजन 2 या स्टेट लीग में 65 किलो वजन वाले 5 फीट 9 इंच के लड़के को एक बड़े शरीर वाले अफ्रीकी के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करनी है, तो उसके पास कोई मौका नहीं है।

